मुहर्रम के पहलाम का जुलूस आज



रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* *

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 17 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 99 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.8 | 27.4 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 25.6 |
| डालटनगंज | 34.0 | 24.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**कवायद :** झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव कराने की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

# लोस चुनाव 2024 में झारखंड के 33 विस क्षेत्र के 45 बूथ पर जीरो वोट

**शुभम किशोर । रांची**

भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने पिछले दिनों झारखंड का दौरा कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की थी. दो दिन तक बैठक कर आयोग की टीम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित अन्य मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश सभी 24 जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया था.

हालांकि आयोग की टीम के दौरे को लेकर कयास लगाया जा रहा है कि हो सकता है यहां भी हरियाणा सहित अन्य राज्यों के साथ ही विधानसभा चुनाव अक्टूबर माह में ही करा दिया जाए. आयोग की टीम ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत सहित वैसे क्षेत्र व बूथ के संबंध में जानकारी हासिल की, जहां वोटिंग प्रतिशत कम था.

**लोस चुनाव में 66.19 प्रतिशत मतदान हुआ था :** 18वीं लोकसभा चुनाव में झारखंड में 66.19 प्रतिशत मतदान हुआ था. लेकिन झारखंड के 33 विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे, जहां के 45 बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा था. जिन लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा था, उस सूची में दुमका का एक, गोड्डा के चार, चतरा के चार, कोडरमा के तीन, गिरिडीह का एक, धनबाद के पांच, सिंहभूम के सात, खूंटी के चार, लोहरदगा के पांच, हजारीबाग के दो, पलामू का एक, जमशेदपुर के दो और रांची लोकसभा क्षेत्र के छह बूथ शामिल हैं.

## जानिए... जिन 45 बूथ, जहां एक भी वोट नहीं पड़ा

**सिंहभूम लोस के सात, रांची के छह, धनबाद-लोहरदगा के पांच-पांच बूथ पर भी एक भी वोट नहीं पड़ा**



| विधानसभा क्षेत्र | पोलिंग बूथ संख्या |
|---|---|
| शिकारीपाड़ा | 198 |
| जरमुंडी | 69 व 266 |
| पोड़ैयाहाट | 209 |
| महगामा | 98 |
| सिमरिया | 107 व 238 |
| लातेहार | 235 |
| चतरा | 43 |
| कोडरमा | 158 |
| बगोदर | 444 |
| गांडेय | 175 |
| डुमरी | 173 |
| चंदनकियारी | 149 |
| बोकारो | 210 |
| सिंदरी | 98 |
| निरसा | 380 |
| धनबाद | 192 |
| सिल्ली | 132 |
| चाईबासा | 143 |
| मझगांव | 146 व 241 |
| मनोहरपुर | 132 व 194 |
| चक्रधरपुर | 83 व 148 |
| खूंटी | 231 |
| सिमडेगा | 29 व 199 |
| कोलेबिरा | 04 |
| सिसई | 221 व 282 |
| हजारीबाग | 183 व 184 |
| कांके | 19, 40, 372 व 429 |
| ईचागढ़ | 207 |
| डाल्टनगंज | 79 |
| गुमला | 274 |
| लोहरदगा | 108 व 310 |
| जमशेदपुर | 161 |
| पोटका | 102 |

### चार बूथ ऐसे भी, जहां 10 से कम वोट पड़े

चार बूथ ऐसे हैं, जहां 10 से कम वोट पड़े. जमशेदपुर लोकसभा के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 154 पर मात्र एक वोट पड़ा. पलामू लोकसभा क्षेत्र के बिश्रामपुर विधानसभा के बूथ संख्या 182 पर नौ वोट पड़े थे. वहीं दुमका लोकसभा के दुमका विधानसभा क्षेत्रके बूथ संख्या 94 पर चार वोट और चतरा लोकसभा के पांकी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 225 पर आठ ही वोट पड़े थे.

### एक बूथ पर चुनाव कराने में एक लाख तक का खर्च

जानकारी के अनुसार एक बूथ पर चुनाव कराने में 50 हजार से लाख रुपये तक खर्च आता है. चुनाव खर्च बूथ की स्थिति (ग्रामीण या शहरी) पर निर्भर करता है. नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चुनाव कराने पर बूथ खर्च अलग-अलग होता है. कुछ तय शुल्क भी होते हैं, जिसमें मतदानकर्मियों को मिलने वाला मानदेय आता है. इस हिसाब से 49 बूथ पर चुनाव कराने (एक बूथ पर औसत 60 हजार का खर्च) पर भारत सरकार को लगभग 30 लाख का खर्च आया, लेकिन वोट पड़े मात्र 22. ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, होर्डिंग, पोस्टर, स्वीप जैसे अभियान पर मोटी रकम खर्च की जाती है. जानकारी के अनुसार, कई बूथों पर सरकारी सुविधा नहीं मिलने, स्थानीय नेता और जातिगत प्रत्याशी न होने के साथ ही साथ कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव बहिष्कार की बातें भी सामने आईं थीं.

### निर्वाचन आयोग जोरशोर से विस चुनाव की तैयारी में



विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता निबंधन को लेकर कैंप लगाए जा रहे हैं. झारखंड निर्वाचन आयोग ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास कर रहा है और नए सिरे से मतदाता सूची भी तैयार कर रहा है. चुनाव आयोग कम वोटिंग वाले क्षेत्र या जिस बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा, वैसे क्षेत्र व बूथों पर लगातार नजर बनाए हुए है. विधानसभा चुनाव में कम वोटिंग न हो, इससे निपटने के लिए लगातार जिला स्तर पर समीक्षा की जा रही है.

---

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,900 |
| चांदी (किलो) | 99,000 |

## ब्रीफ खबरें

### वीआईपी सुप्रीमो के पिता की दरभंगा में हत्या

**दरभंगा/पटना।** वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई. एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है. उन्होंने बताया कि जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान हैं. बिहार सरकार के मंत्री रह चुके मुकेश सहनी वीआईपी के प्रमुख हैं. वीआईपी विपक्षी इंडिया गठबंधन की सहयोगी है. पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर सभी दलों के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है.

- पेज 11 भी देखें

### आईएएस व पूर्व विधायक के घर ईडी ने की रेड

**पटना।** ईडी ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के आवास पर एक साथ रेड की. पूर्व विधायक गुलाब यादव के झंझारपुर, पुणे जबकि आईएएस और प्रदेश के ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना स्थित आवास और कार्यालय पर ईडी की टीम ने एक साथ धावा बोला. -पेज 11 भी देखें

### विवादों में घिरीं आईएएस पूजा खेडकर पर एक्शन

**मुंबई।** विवादों के बीच आईएएस अफसर पूजा खेडकर के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. सरकार के आदेश के बाद ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्द करते हुए पूजा को वापस बुला लिया गया है. पूजा को मसूरी ट्रेनिंग अकादमी में 23 जुलाई तक जॉइन करने के लिए कहा गया है. इसी के साथ पूजा को 23 से पहले मसूरी स्थित अकादमी में दोबारा उपस्थित होना होगा.

- पेज 12 भी देखें

---

**नेशनल एसटी-एससी हब योजना**

# झारखंड में 8 साल में सिर्फ 166 रजिस्ट्रेशन

**कौशल आनंद। रांची**

भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी नेशनल एसटी-एससी हब योजना को लेकर झारखंड में अधिकारी उदासीन बने रहे. नतीजतन झारखंड में आठ साल में सिर्फ 166 एसटी-एससी उद्यमियों ने ही योजना के तहत निबंधन तो कराया, लेकिन उन्हें भी कोई सहयोग नहीं मिला.

ऐसा नहीं है कि राज्य के आदिवासी व दलित युवाओं में व्यवसाय व उद्योग को लेकर दिलचस्पी नहीं है. वे व्यवसाय-उद्योग के क्षेत्रमें आगे तो आना चाहते हैं, लेकिन पीयूसी (पब्लिक यूनिट सेक्टर) ने इस स्कीम में दिलचस्पी ही नहीं ली या यों कहें कि सहयोग ही नहीं किया, नतीजतन झारखंड के एसटी-एससी युवाओं योजना का लाभ ही नहीं मिल सका. ऐसी स्थिति तब है, जब योजना के लिए संबंधित विभागों और पीयूसी के एक-एक नोडल ऑफिसर नियुक्त हैं. नेशनल एसटी-एससी हब योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नयी सोच के तहत केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा वर्ष 2016 में पूरे देश में लांच की गयी थी, लेकिन यहां के अदिकारियों के उदासीन रवैये के कारण झारखंड को इसका फायदा नहीं मिल सका.

### जानिए क्या है योजना का उद्देश्य

- पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने नेशनल एसटी-एससी हब योजना की शुरुआत 2016 में की थी.
- **योजना का उद्देश्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित उद्यमियों को पेशेवर सहायता उपलब्ध कराना है.**
- सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए केंद्र सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति 2012 के तहत कुल सरकारी खरीद का चार प्रतिशत हिस्सा इन उद्यमियों से ही लेना है.
- **योजना के तहत एसटी-एससी उद्यमियों को 25 % तक सब्सिडी देने का प्रावधान है. मशीन-उपकरणों की खरीदारी में भी 25% सब्सिडी दी जाती है.**
- इच्छुक उम्मीदवारों को नेशनल एसटी-एससी हब, एमएसएमई मंत्रालय के पोर्टल पर या कार्यालय में जाकर आवेदन जमा करना होता है.
- **भारत सरकार की पर्चेज पॉलिसी के अनुसार, केंद्र सरकार के सभी विभाग या पीएसयू को अपनी कुल खरीदारी का चार प्रतिशत एसटी-एससी उद्यमियों से लेना है.**
- टेंडर में हिस्सा लेने पर एसटी-एससी उद्यमियों को ही प्राथमिकता देनी है. इसके अलावा जेम पोर्टल से खरीदारी में भी इन्हें प्राथमिकता देनी है.
- **केंद्र सरकार की कंपनियां, सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों को चार प्रतिशत समान इन एसटी-एससी उद्यमियों की कंपनियों से लेना अनिवार्य था**
- पीयूएस कंपनियां जैसे एनटीपीसी, सीसीएल, डीआरएम कार्यालय, यूसिल, गेल, ओएनजीसी, सेल आदि ने कार्यक्रम किये गये हैं और एसटी-एससी उद्यमियों को प्राथमिकता देने की बात कही गयी है.

### जिनका निबंधन हुआ, उन्हें भी फायदा नहीं मिला




**पीयूसी और संबंधित विभाग उदासीन रहे, सफल न हो सकी योजना**

एसटी-एससी को व्यवसायी-उद्यमी बनाने के उद्देश्य से एमएसएमई मंत्रालय ने 2016 में लांच की थी योजना

### झारखंड में योजना की क्या है स्थिति

- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड की कुल आबादी 3 .29 करोड़ में एसटी आबादी 86 .45 लाख है, जो कुल आबादी का 26 .2 प्रतिशत है . वहीं एससी की आबादी 40 लाख है, जो कुल आबादी का 12 प्रतिशत है .
- **आंकड़ों के अनुसार झारखंड के केवल 0 .11 प्रतिशत उद्यमी या उनकी कंपनियां ही सरकारी खरीदारी के लिए जेम पोर्टल पर निबंधित हैं .**
- झारखंड में अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) उद्यमियों की संख्या काफी कम है .
- **रांची में नेशनल एसटी-एससी हब का कार्यालय है . यहां अब-तक निबंधित एसटी-एससी उद्यमियों की संख्या 166 है**
- 483 ऐसे लोग हैं, जो राज्य में उद्योग लगाना चाहते हैं और उन्होंने सहायता के लिए आवेदन दिया है, लेकिन मदद नहीं मिली है .
- **योजना के तहत रांची, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम व पश्चिमी सिंहभूम जिलों में काम शुरू किया गया .**
- अधिकांश उद्यमियों ने कैंटीन सर्विस, हाउस कीपिंग सर्विस, ट्रैवल एंड टूर, मैनपावर सप्लाई आदि का काम शुरू किया है .
- **उत्पादन से जुड़े लोगों ने कस्टमाइज्ड मशीन, नट बोल्ट यूनिट, ग्लब्स, हर्बल साबुन, लिक्विड शोप, क्लीनिंग लिक्विड, फैब्रिकेशन, इंडस्ट्रियल शू के साथ-साथ स्टील व वुडेन ऑफिस फर्नीचर यूनिट लगायी है**
- इनकी खरीददारी पीयूसी या केंद्र सरकार के सरकारी विभाग नहीं के बराबर करते हैं या फिर यह कहा जा सकता है कि इनकी रूचि ही नहीं रही .

### क्या कहते हैं योजना के जानकार

कुछ लोगों ने इस योजना का फायदा जरूर उठाया है, मगर केंद्र सरकार के विभागों और पीयूसी के दिलचस्पी नहीं लेने के कारण जिस हिसाब से इसे झारखंड में सफल होना था नहीं हा सका. वैसे केंद्र सरकार ने तो बहुत ही अच्छी योजना लायी थी. इसमें कई तरह की खामियां हैं, जिसे दूर करने की जरूरत है. एक तो 4 प्रतिशत की खरीदारी की बाध्यता या फिर अपने सेक्टर में प्राथमिकता देने का जो नियम था, उसे ठीक से फॉलो नहीं किया गया. योजना का लाभ उठाने में अभ्यार्थियों को कई तरह की तकनीकी समस्याओं से गुजरना पड़ता है. अगर इन्हें ठीक किया जाए, तो यह स्कीम फायदेमंद साबित होगी. **-बसंत तिर्की,** महासचिव ट्राइबल चैंबर ऑफ कॉमर्स, सदस्य नेशनल एसटी-एससी हब इंपावर कमेटी

---

**डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़**

# कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद



**सादर नमन :** डोडा में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि.

- **पूरे देश ने जताया शोक कहा- आतंकवाद को कुचलना होगा**
- **जून से अब तक घाटी में 12 जवान शहीद और 10 नागरिकों की मौत**

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए. शहीद जवानों में कैप्टन बृजेश थापा,नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय शामिल हैं. इस से पूरा देश उद्वेलित है. बड़े नेताओं समेत आम लोगों तक ने कहा है कि अब आतंकवाद का फन कुचल देना चाहिए.

जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है. पिछले तीन हफ्ते में डोडा के जंगलों में ये तीसरी मुठभेड़ है. ताजा घटना कठुआ के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हुए थे. खबरों के मुताबिक राष्ट्रीय राइफल्स व पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर रात डोडा के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी व तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई.अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में पांच जवान से घायल हो गए और अधिकारी समेत चार जवानों ने बाद में दम तोड़ दिया.

### सेना बोली- जारी रहेगा अभियान

सेना ने कहा कि उधमपुर स्थित उसकी उत्तरी कमान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है. सेना ने डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए चार जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की. सेना ने एक बयान में कहा, उत्तरी कमान की सभी इकाइयां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए निरंतर अभियान जारी रहेगा.

---

नीट पेपर लीक में सीबीआई को बड़ी सफलता, एनटीए के ट्रंक से ही की थी चोरी

# पेपर चुराकर लीक करनेवाला धराया

**संवाददाता। हजारीबाग**

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई को बड़ी सफलता मिली है. जांच एजेंसी ने मंगलवार को मामले से जुड़े दो लोगों को अरेस्ट किया है. इनमें से एक पर आरोप है कि उसने ही एनटीए के ट्रंक से पेपर चुराया था और फिर उसे लीक कर दिया गया. इनकी पहचान पंकज कुमार और राजू सिंह के तौर पर हुई है.

पंकज पटना का है, जबकि राजू सिंह हजारीबाग का है. सीबीआई के अनुसार दोनों की पेपर को चुराने और फिर पेपर लीक कर पैसे कमाने में संलिप्तता पाई गई है. नीट पेपर चोरी करके फिर आगे बांटने के लिए उसने ही दिया था. पंकज जमशेदपुर से पढ़ा है और बोकारो का है. हालांकि, सीबीआई ने पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया है. पंकज के साथी राजू सिंह को भी हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है. बताया जा रहा कि पेपर को स्टील बॉक्स से चुराया गया था. फिर पंकज के पेपर चुराने के बाद उसे लीक कराने में दूसरे आरोपियों ने भी मदद की थी. इससे पहले बिहार-झारखंड से करीब डेढ़ दर्जन लोगों की इस मामले में गिरफ्तारी हुई है. कुछ दिन पहले झारखंड से रॉकी को गिफ्तार किया गया था. इसके बाद ही माना जा रहा था कि सीबीआई अब मुख्य सेटर तक पहुंच सकती है.

### हजारीबाग का राज गेस्ट हाउस भी सील

सीबीआई ने बीती देर शाम कटकमदाग के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में रेड कर वहां से राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया. वहां से कई दस्तावजे बरामद होने की सूचना है. गेस्ट हाउस को सील भी कर दिया गया है. बता दें



कि सीबीआई की टीम पिछले 10 दिन से हजारीबाग स्थित डीवीसी गेस्ट हाउस में ठहरी हुई थी और पेपर लीक मामले की जांच कर रही है. इससे पहले भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने ओएसिस स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक, तत्कालीन वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और एक मीडिया हाउस से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था. बताया जा है कि राजू का संबंध उसी बड़े बैनर से जुड़े गिरफ्तार हो चुके शख्स से है.

---

**नई वैक्सीन** आइवरी कोस्ट देश को भेजी गईं आर21 की 656,600 खुराकें

# खुशखबरी! देश में बन गई मलेरिया की वैक्सीन

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

भारत की सीरम इंस्टीट्यूट इंडिया और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने मलेरिया की वैक्सीन बनाई है. इसका इस्तेमाल करने वाला आइवरी कोस्ट पहला देश बना है. यहां आर21 की 656,600 खुराकें भेजी गई. ऑक्सफोर्ड यूनि. और भारत की सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की ओर से बनाई गई मलेरिया की वैक्सीन को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता मिलने के बाद इसे अफ्रीका भेजा गया. यह दुनिया की दूसरी मलेरिया वैक्सीन है.

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एसआईआई की ओर से यह वैक्सीन बनी है, जिसे आर21 कहा जाता है. पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी आबिदजान में ये वैक्सीन बच्चों को दी जाएगी. इसकी शुरुआत जल्द होगी. वैक्सीन बनाने वालों ने बयान में इस बात की जानकारी दी. कहा गया कि इस वैक्सीन को घाना, नाइजीरिया, बुर्किना फासो और मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने मंजूरी दे दी है. कई अन्य देश भी इसे हासिल करने की तैयारी कर रहे हैं.




**आइवरी कोस्ट भेजी गईं आर21 की 656,600 खुराकें**

**आइवरी कोस्ट को 6 लाख 56 हजार से ज्यादा खुराकें :** आइवरी कोस्ट को इसकी 656,600 खुराकें प्राप्त हुई हैं. शुरुआत में आइवरी कोस्ट के 16 क्षेत्रों में नवजात शिशुओं से लेकर 23 महीने तक के 250,000 बच्चों का टीकाकरण होगा. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2023 में अफ्रीका में पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी. अफ्रीका में इस बीमारी से हर साल 600,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है. आइवरी कोस्ट के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वहां हर दिन चार लोगों की मौत इस बीमारी से होती है. मलेरिया दुनिया की उन बीमारियों में से एक है जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता . दुनिया के 95% मलेरिया के मामले और 96% मौतें अफ्रीका में होती हैं. नई वैक्सीन को घाना, नाइजीरिया, बुर्किना फासो और मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने अधिकृत कर दिया है, और कई अन्य लोग शिपमेंट प्राप्त करने की तैयारी कर रहे हैं.

### मील का पत्थर है वैक्सीन का रोल-आउट...

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा, मलेरिया के बोझ को कम करना आखिरकार नजर में आ गया है. ऑक्सफोर्ड और नोवावैक्स में हमारे पार्टनर्स के साथ सालों के शानदार काम के बाद आर21/मैट्रिक-एम टीएम वैक्सीन के रोल-आउट की शुरुआत एक मील का पत्थर है. उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि हर व्यक्ति का अधिकार है कि उसे सस्ती और बड़ी बीमारी की रोकथाम तक पहुंच मिले. इसलिए हमने आर21 की 100 मिलियन खुराक को प्रोड्यूस करने पर जोर दिया, जो लाखों जिंदगियां बचाएगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस घातक बीमारी के बोझ को कम करेगी.

### झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

# राज्य के 10 विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि की जांच हो

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराने की मांग की है. प्रदेश भाजपा की टीम का दावा है कि उसने कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के संदर्भ में गहन अध्ययन किया है. इस दौरान टीम ने पाया कि विधानसभा चुनाव 2019 की मतदाता सूची की तुलना में लोकसभा चुनाव 2024 की मतदाता सूची में कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 20 से 123 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है. यह चिंताजनक है.

**मुस्लिम बहुल क्षेत्र में 20 से 123 फीसदी तक की वृद्धि :** भाजपा की टीम ने 10 विधानसभा क्षेत्रों का गहन अध्ययन किया है. इस अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि पांच वर्षों में मतदाताओं की संख्या में अमूमन 15 से 17 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 22 जनवरी 2024 को मतदाता सूची के संबंध में जारी प्रेस नोट में भी इस वृद्धि दर को स्वीकार किया है, जबकि बहुसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह वृद्धि दर 8 से 10 प्रतिशत तक रहती है. लेकिन अल्पसंख्यक (विशेष कर मुस्लिम) क्षेत्रों में यह वृद्धि दर 20 से लेकर 123 प्रतिशत तक है.

**भाजपा टीम की फैक्ट फाइंडिंग :** भाजपा टीम ने पाया कि राजमहल के 383 बूथों पर 20% से 123.74% तक वोटर बढ़ गये हैं. इसी तरह बरहेट के अलग-अलग बूथ पर 20 से 57.72% तक, पाकुड़ में 20 से 64.23%, महेशपुर में 20 से 41.02%, जामताड़ा में 20 से 68.85%, मधुपुर में 20 से 117.62%, मंझगांव में 20 से 86.11%, हटिया में 20 से 136.58%, बिशुनपुर में 20 से 48.87% और लोहरदगा में 20 से 86.43% तक वोटर्स की संख्या बढ़ी है. टीम ने बताया है कि मतदाता सूची का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि अल्पसंख्यक बहुल इलाकों के कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 123 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, वहीं बहुसंख्यक समाज के बूथों पर 5 से 10 प्रतिशत तक ही मतदाता बढ़े हैं. यहां तक की कई बहुसंख्यक बहुल बूथों पर मतदाता घटे हैं.



भाजपा नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को विस क्षेत्र स्तर पर उपलब्ध कराया आंकड़ा

## अतिसंवेदनशील बूथों की भी जांच कराई जाए

ये तो 10 विधानसभा क्षेत्रों के कई बूथों का उदाहरण है, जिसमें अप्रत्याशित रूप से वृद्धि दर्ज की गयी है. एक सोची समझी योजना के तहत डेमोग्राफी बदलने का षडयंत्र है. इसमें कहीं न कहीं विदेशी घुसपैठिये भी शामिल हैं, जो वर्तमान में राज्य सरकार की सह पर प्रशासनिक अफसरों पर दबाव डालकर मतदाता सूची में नाम अंकित करा रहे हैं. इनके लिए अवैध रूप से अन्य जरूरी प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो पाये. ऐसे में झारखंड के अतिसंवेदनशील बूथों की जांच करायी जानी चाहिए.

## मतदाताओं के नाम साजिश कर हटाये गये

मतदाता सूची का गहन अध्ययन करने पर यह बात सामने आयी है कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों ने एक साजिश के तहत बहुसंख्यक समाज के बूथों पर मतदाताओं के नाम हटा दिये, जो हजारों की संख्या में हैं. इसकी वजह से ये मतदाता वोट डालने से वंचित रह गये. यह एक गंभीर मामला है. वोट से वंचित होने वाले मतदाताओं में वैसे मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जो वर्षों से वोट डालती आ रही है. लेकिन लोकसभा चुनाव-2024 में वे इसलिए वोट नहीं डाल सके, क्योंकि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं था. जबकि उनके पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध है. यह भी जांच का विषय है.

### विधानसभा चुनाव से झारखंड में बनेगी भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार

# ऐसा कानून बने कि घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें: हिमंता

प्रमुख संवाददाता। रांची

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा मंगलवार को दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर झारखंड पहुंचे. अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विस्वा सरमा ने तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित किया. सरमा ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए सरकार की नाकामियों,गठबंधन की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया कहा कि ठगबंधन सरकार जल्दीबाजी ने अनाप0 शनाप घोषणाएं कर रही है. पर जनता यह समझ चुकी है कि इनकी नियत में क्या है. कौन घोषणा मन से कर रहे और कौन दिखावा के लिए. हेमंत अपने पोते- पोतियों को यही जवाब देंगे कि मैं मुख्यमंत्री था तो अस्पताल नहीं बने, लेकिन बालू का सिंडिकेट जरूर बना था. जनता निराश है और हेमंत सरकार घुसपैठियों के संरक्षण में जुटी है. भगवान बिरसा मुंडा,सिदो कान्हु की धरती घुसपैठियों की धरती बन रही. संथालपरगना की डेमोग्राफी बदल गई. लव जिहाद, लैंड जिहाद चरम पर है. आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी घुसपैठिए शादी कर जमीन कब्जा कर रहे हैं. राज्य में ऐसा कानून बने, जिससे घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी नहीं कर सकें.



- राहुल गांधी और हेमंत सोरेन दोनों झूठ बोलते हैं, इसलिए है इनकी दोस्ती
- **दलालों,बिचौलियों के लिए हेमंत ने चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया**
- हेमंत सोरेन आदिवासी के नेता नहीं, खुद के नेता हैं
- **पांच लाख नहीं तो दो महीने में एक लाख नौकरी ही देकर दिखाएं हेमंत सोरेन**



बैठक में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता.

## दलालों-बिचौलियों से घिरी है सरकार

सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन कोई स्वतंत्रता आंदोलन में जेल नही गए थे बल्कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में गए थे और आज बेल पर बाहर आए हैं. ये दलालों ,बिचौलियों से घिरी सरकार है . जेल से आते ही इनके ही दबाव में चंपई सोरेन को हटा दिया गया, जबकि वे अच्छा करने की कोशिश कर रहे थे. हेमंत सोरेन आदिवासी का ढोंग करते हैं, लेकिन वे आदिवासी ने नेता नहीं बल्कि खुद के नेता हैं. उन्हें किसी दूसरे आदिवासी की भलाई की चिंता नहीं. हेमंत जनता से किए सारे वादे भूल गए. प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी की जगह एक लाख भी नहीं दे सके. न बेरोजगारी भत्ता दिया. सहायक पुलिस कर्मी धरना पर बैठे हैं, पारा शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं,किसानों का बकाया नहीं मिला.

## ध्वस्त है राज्य में कानून व्यवस्था

सरमा ने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है. बहन - बेटियों से दुष्कर्म की वारदातें रोज हो रही हैं. भ्रष्टाचार तरम पर है. घुसपैठियों के सरदार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के घर से करोड़ों रुपये मिले, कांग्रेस सांसद के घर 300 करोड़ नकद मिले. यह लूट के पैसे हैं. झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों के हिस्से के पैसे हैं. ये पैसे अगर खजाने में होते, तो बेरोजगारी भत्ता मिल जाता. किसानों के कर्ज माफ हो जाते. कांग्रेस के 8500 रुपये खटाखट का क्या हुआ .कब हेमंत सोरेन इसे भेज रहे .अब तो ये 8500 से घटकर 1000पर आ गए. वह भी नहीं दिया .ये तो उन्हीं की सरकार है. राहुल और हेमंत की दोस्ती ही इसी कारण है कि दोनों झूठ बोलते हैं.

## झारखंड में बनानी है अपनी सरकार : सरमा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार को बदल कर हमें यहां अपनी सरकार बनानी है. भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार को सत्ता में लाना होगा. जनता से मिल रहे फीड बैक के सवाल पर हिमंता ने कहा कि अब तक बेहतर रिस्पांस मिला है. कार्यकर्ताओं के रिचार्ज करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं यहां रिचार्ज करने नहीं, खुद रिचार्ज होने आया हूं. यहां आने से मैं खुद रिचार्ज हो जाता हूं. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम आया है. राज्य की 14 लोकसभा सीट में से आठ पर भाजपा ने जीत हासिल की और उसकी सहयोगी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी को एक सीट मिली है. सरमा ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का भारत मुंहतोड़ जवाब देगा.जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में जवानों की शहादत पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का भारत मुंहतोड़ जवाब देगा. जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल हो गई है और इसे बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है. हम पाकिस्तान की हर साजिश का मुकाबला करेंगे.

# यहां नफरत का बीज न बोएं असम में सीसीए पर बोलें हिमंता

विशेष संवाददाता। रांची

सुप्रियो भट्टाचार्य बोले



- आधे देश में बाढ़ और आधे देश में सुखाड़ की स्थिति, लेकिन कृषि मंत्री शिवराज चौहान यहां मतदाता समर्थन पत्र खोज रहे हैं

झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमंता को असम में बाढ़ की स्थिति नहीं दिख रही है, जहां 180 से अधिक मारे गए, कई हजार लोग बेघर हो गए. यहां सदियों से लोग बसे हैं, आपसी सौहार्द कायम हैं. भ्रातृत्व कायम है. इनके खिलाफ इन्हें बोलने के लिए लाया गया है. मगर यह झारखंड है. यह असम नहीं है. उनसे पूछना चाहिए कि असम में एनआरसी कहां गया.

एनआरसी में वहां के बड़ी संख्या में जो हिंदू समाज के लोग हैं, उनका नाम रजिस्टर में नहीं चढ़ा. वे सीसीए और एनआरसी पर कुछ नहीं बोलते हैं, कहां गए ये दोनों मुद्दे, क्या हुआ इन मुद्दों का. इस पर वे क्यों नहीं कुछ बोलते हैं. जिस बंगाल की सीट से जीतकर एक सांसद केंद्रीय मंत्री बने हैं, वहां जाकर जरा कुछ क्यों नहीं बोलते हैं. यहां उन्हें नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बुलाया गया है. इसलिए हिमंता जी यहां नफरत का बीज न बोएं, जरा जाकर असम को देखें. भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे.

**सरकारी सुविधा का इस्तेमाल समाज को बांटने के लिए न हो :** भट्टाचार्य ने कहा कि आधे देश में बाढ़ की और आधे देश में सुखाड़ की स्थिति है. एमएसपी के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं. मगर यहां पर एमएसपी (मतदाता समर्थन पत्र) खोजने के लिए आ रहे हैं. किसी के आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं है. वैसे भी ये लोग केंद्रीय मंत्री और किसी राज्य के सीएम हैं, इसलिए प्रोटोकॉल के तहत हमें उन्हें सरकारी सुरक्षा और सुविधाएं उपलब्ध करानी ही है. मगर सरकारी सुविधा का उपयोग समाज को बांटने के लिए न किया जाए.

**झारखंड की जनता इन्हें पूरी तरह से डिस्चार्ज कर भेजेगी :** भट्टाचार्य ने कहा कि हिमंता जी आज फिर आएं हैं. उन्होंने कहा कि वे यहां पर रिचार्ज होने आए हैं. अजीब बात है लोकसभा चुनाव में ये लोग डिस्चार्ज हो गए. फिर उपचुनाव में डिस्चार्ज हुए, इसलिए ये लोग यहां फिर से डिस्चार्ज होने आ रहे हैं. समाज और जाति को बांटने आ रहे हैं. अगले चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें पूरी तरह से डिस्चार्ज कर ही दम लेगी. वैसे भी हिमंता का काम ही है समाज में जहर घोलना. भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद भाजपा में बेचैनी और बौखलाहट है.



# तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद सीएम हेमंत रांची लौटे

### कहा-संघीय ढांचा में पीएम का हम और वो राज्यों का सम्मान करें

विशेष संवाददाता। रांची

अपने तीन दिवसीय दौरे के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शाम को रांची लौट आए. रांची एयर पोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए सोरेन ने कहा कि यात्रा की जानकारी, यात्रा की खबर, यात्रा लाइव आप सबों ने देखा. उन्होंने कहा कि यह संघीय व्यवस्था का ढ़ांचा है. केंद्र की सरकार वो चला रहे हैं, राज्य की सरकार हम चला रहे हैं. हम उनका सम्मान करें और वे राज्यों का सम्मान करें. मालूम हो कि सोरेन अपने तीन दिवसीय दौरे में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले. इसके अतिरिक्त अपने पत्नी संग वे बनारस गए जहां उन्होंने काशी में पूजा-अर्चना की.

# टॉप से लेकर बॉटम के तक के अफसर बदले जाएंगे

प्रमुख संवाददाता। रांची

- कई आईएएस हैं वेटिंग फॉर पोस्टिंग
- राज्य सेवा के अफसरों का भी होगा स्थानांतरण-पदस्थापन

झारखंड में टॉप से लेकर बॉटम तक के अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की तैयारी चल रही है. वहीं आधा दर्जन आईएएस वेटिंग फॉर पेस्टिंग हैं. जानकारी के अनुसार आईएएस अफसरों के तबादला के सूची तैयार कर ली गई है. इसमें डीसी से लेकर एसीएस रैंक तक के अफसर शामिल हैं. सरकार की हरी झंडी मिलते ही इन अफसरों का तबादला कर दिया जाएगा.इसकी वजह यह भी बतायी जा रही है कि राज्य में अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव की संभावना है. पिछले दिनों चुनाव आयोग की टीम ने झारखंड में चुनाव कराने की संभावनाओं को लेकर दो दिन तक मंथन भी किया था. साथ ही झारखंड सहित चार राज्यों में एक साथ चुनाव कराने का संकेत भी दिया था. वहीं दूसरी ओर आचार संहिता लागू होने के बाद ट्रांसफर-पोस्टिंग पर पाबंदी लग जाएगी. चर्चा यह भी है कि कैबिनेट में शामिल तीन नए मंत्री भी अपने विभाग के लिए काबिल अफसर की तलाश कर रहे हैं. वहीं छह आईएएस सुशांत गौरव, रवि आनंद, सौरभ कुमार भुवानिया, आलोक कुमार, समीरा एस और शताब्दी मजुमदार वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं.

**होगा बड़े पैमाने पर तबादला :** राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का भी बड़े पैमाने पर तबादला होगा. खासकर बीडीओ और सीओ के तबादले की चर्चा है. वहीं कई विभागों के डिप्टी सेक्रेट्री भी बदले जाएंगे. ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण-पदस्थापन की तैयारी चल रही है. उपविकास आयुक्त के तबादले की भी सूची तैयार की जा रही है.

### सेना में नौकरी | राज्य के 24 जिलों के युवाओं के लिए सुनहरा मौका

# 27 जुलाई से खेलगांव में होगी सेना भर्ती रैली

संवाददाता। रांची

सेना में भर्ती के लिए झारखंड के सभी 24 जिलों के युवाओं (पुरुष) के लिए सुनहरा मौका है. 27 जुलाई से आठ अगस्त तक राजधानी रांची के खेलगांव स्थित रनिंग ट्रैक पर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है. सेना भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला ने जानकारी देते हुए बताया की रैली के लिए एडमिट कार्ड ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को नौ जुलाई को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेज दिए गए हैं. उम्मीदवार ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपने पंजीकृत खाते से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. उम्मीदवारों द्वारा रैली के लिए रिपोर्ट करने की तिथि और समय एडमिट कार्ड पर अंकित है. कर्नल ने बताया कि ऑनलाइन जनरेटेड रंगीन एडमिट कार्ड प्रस्तुत किए बिना किसी भी उम्मीदवार को अनुमति नहीं दी जाएगी. साथ ही सभी उम्मीदवारों (अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं और ट्रेड्समैन 8वीं) को फरवरी 2024 में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार दस्तावेज लाने होंगे.

## धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी की 27 जुलाई को सेना भर्ती रैली




कर्नल विकास भोला ने जानकारी देते हुए बताया कि रांची सेना भर्ती रैली धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी की 27 जुलाई को खेलगांव में आयोजित है. धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशन अधिकारी) की सेना भर्ती रैली झारखंड और बिहार राज्य के सभी जिलों के पात्र उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी. कर्नल विकास भोला ने सभी उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा की दलालों से सावधान रहें, दलालों के झांसे में न आएं. भारतीय सेना में भर्ती पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है.

क्लासिफाइड

BAHARAGORA, NEAR : R.V.I.School
OXYRIVER Aqua
With Minerals
Swapan Kumar Paul Mob. : 70918 66623

PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN
TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC
1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT
MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com

▪ 22 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन ▪ झारखंड की प्रतिष्ठित संस्थान
14th JPSC PT & Mains
Foundation Batch in our Hazaribagh Branch
Office Class (Hazaribagh Branch)
Under Guidance of Pawan Jha
Mentor : Mr. Harsh Vardhan
(Administrator, Jhumritilaiya Municipal Council)
Fee PT. Rs. 1000/- Mains - Rs. 21000/- Time - 8 am
www.vijaystudycircle.com

Regd. No. 2026/RAN/4701/BK4/378
TULSI PUBLIC SCHOOL
A Unit of Public Charitable Trust "LOKCHETNA"
ADMISSIONS OPEN
CLASS Nursery to V
CBSE PATTERN
CREATE THE BEST FUTURE YOUR CHILD
Vill - Roladih, Tulsi Nagar, Post - Roladih, West Singhbhum, Thana- Tokla, Block Chakradharpur, Jharkhand - 833102, Mob. - 9603711116

GYAN JYOTI COLLEGE OF PHARMACY, PARAMEDICAL & NURSING
Paramedical
- B.Sc MLT
- DMLT
- OT Assistant
- X-Ray Technician
- Dresser
PHARMACY
NURSING ANM/GNM
Add:- Near PWD Chowk, Hazaribag, Jharkhand, India
9431505777, 7870145555, 8789274448
APPLY NOW!

जेडी स्कूल बड़कागांव रोड हजारीबाग
योग शिक्षक...
आधुनिक सुविधा ...
बेहतरीन शिक्षा की गारंटी...
निवेदक विनोद भगत
संपर्क करें 9835755523

फाहिमा अकादमी एफ्लीकेटेड स्कूल
सीबीएसई न्यू दिल्ली हजारीबाग
नामांकन जारी....
फैसिलिटी
खेल खेलकूद मैदान, योग शिक्षक, स्कूल बस की सुविधा, स्मार्ट क्लासेज
निवेदक
मोहम्मद अली
स्कूल डायरेक्टर
पता :कल्लू चौक नियर पेट्रोल पंप हजारीबाग

Anne Children Clinic
The Complete Shishu Care
Dr. Aman Urwar
M.B.B.S, D.C.H., P.G.P.N.
Child & Newborn Specialist
Sr. Cosultant
Aaash
CHILDREN HOSPITAL
(A Unit of ANHRC)

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 99 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### प्रशासनिक विफलता से सड़क दुर्घटनाएं: मनोज

**सरायकेला।** नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी में वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसके लिये प्रशासन को दोषी ठहराया. उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा समिति बैठक के नाम पर केवल कोरम पूरा किया जाता रहा है. राजकीय उच्च पथ काफी व्यस्त सड़क है. प्रतिदिन कई लोग घायल हो रहे हैं और कई की जान जा रही है.

### पूर्वी सिंहभूम में म्यूटेशन के 757 मामले लंबित

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी अंचलों में जमीन नामांतरण (म्यूटेशन) के 757 मामले लंबित हैं. इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की. उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया. इसी तरह म्यूटेशन अपील के 591 लंबित मामलों पर उन्होने कहा कि नियमित कोर्ट करें और निष्पादित करें. जबकि अंचलों में भूमि सीमाकंन के 447 मामले लंबित पाए गए.

### टाटा मोटर्स ने लांच की विद्यादान व उत्कर्ष योजना

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स ने मंगलवार कर्मचारियों के बच्चों के हित में दो योजनाएं लांच की. विद्यादान के तहत कर्मचारी पुत्रों को उच्च शिक्षा के लिए न्यूनतम ब्याज पर शिक्षा ऋृण उपलब्ध कराया जाएगा. जिसमें 50 प्रतिशत ब्याज कंपनी वहन करेगी. उत्कर्ष के तहत वैसी बच्चियों को जिन्होंने मैट्रिक व इंटर में 60 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्णता हासिल की है. उनके खाते में कंपनी 25 हजार रुपये भेजेगी.

### भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आज

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिम विधानसभा में कार्यकर्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित की गई है. पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा में भवनाथपुर के विधायक सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही एवं पश्चिम विधानसभा में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य रूप से शामिल होंगे.

### जमशेदपुर में 28 से होगा डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**जमशेदपुर।** डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी के मैच 28 जुलाई से 24 अगस्त तक जमशेदपुर में खेला जाएगा. इसके लिए 19 जुलाई को शहर में 'ट्रॉफी टूर' होगी, जो एक्सएलआरआई परिसर से शुरू होकर शहर के अलग-अलग स्थानों में जाएगी. ट्रॉफी टूर को लेकर उपायुक्त ने एक्सएलआरआई का दौरा किया. टूर्नामेंट के ग्रुप डी का मैच जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा.

### जनता की आशा पर खरा उतरेंगे : सुखराम हेंब्रम

**चांडिल।** झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम ने कहा कि अगर ईचागढ़ की जनता उन्हें चुनाव लड़ाना चाहती है तो इसके लिए वे तैयार हैं. लोगों की सेवा में किसी भी स्थिति में वे पीछे नहीं हटेंगे. पिछले 30-35 सालों से जो किसी ने नहीं किया वैसे कार्य करके दिखाएंगे. सुखराम नीमडीह प्रखंड के आदारडीह में समाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

### परिवहन व बिजली विभाग ने राजस्व लक्ष्य पूरा किया

**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने मंगलवार को राजस्व संग्रह की समीक्षा की. माहवार राजस्व संग्रहण तीनों विद्युत प्रमंडल की शत प्रतिशत से ज्यादा उपलब्धि रही, वहीं परिवहन कार्यालय ने भी शत प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर लिया. निबंधन विभाग 70%, उत्पाद विभाग का 92%, खनन कार्यालय का 92%, राज्य कर के चारों सर्किल द्वारा 65% से ज्यादा रही. वहीं नगर निकायों में भी राजस्व संग्रहण शत प्रतिशत रहा.

## प्रतिवर्ष मछली उत्पादन का राष्ट्रीय औसत 3000 किलो प्रति हेक्टेयर, झारखंड में 2750 किलो प्रति हेक्टेयर होता है उत्पादन

# मछली उत्पादन में राष्ट्रीय औसत के साथ कदमताल कर रहा झारखंड

- 1741 बंद पड़े खदानों में हो रहा मछली का उत्पादन
- चालू वित्तीय वर्ष में 3 .50 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य
- पिछले साल 3 .10 लाख मीट्रिक टन था उत्पादन

**रवि भारती। रांची**

झारखंड मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है. यूं कहें कि मछली उत्पादन के राष्ट्रीय औसत के साथ कदमताल करता नजर आ रहा है.

मछली उत्पादन का राष्ट्रीय औसत 3000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष है. जबकि झारखंड में मछली उत्पादन का औसत 2750 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष है. वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग ने 3.50 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है. वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड में 3.10 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ था.

> *इस वित्तीय वर्ष 3 .50 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है . पिछले वित्तीय वर्ष में 3 .10 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ था .*
> *- डॉ एचएन द्विवेदी, मत्स्य निदेशक, झारखंड*



**केज कल्चर में अव्वल राज्य बना झारखंड**

मछली पालन के केज कल्चर में झारखंड अव्वल राज्य बन कर उभरा है. राज्य में 7840 केज में मछली पालन हो रहा है. वहीं बंद पड़े 1741 खदानों में भी मछली का उत्पादन हो रहा है. लगभग 1100 करोड़ मछली बीज का उत्पादन किया गया. वहीं राज्य के विभिन्न जिलों में 88 मछली फॉर्म स्थापित किए गए हैं. प्राइवेट हेचरी की संख्या 106 है, जबकि 137 पोर्टेबल हेचरी हैं.

**मछुआरों की संख्या बढ़ कर 1.65 लाख हुई**

राज्य में मछुआरों की संख्या बढ़ कर एक लाख 64 हजार 979 हो गई है. वहीं, मत्स्य मित्रों की संख्या 8,356 है. मछली पालन के लिए निजी टैंक की संख्या में भी इजाफा हुआ है. राज्य में निजी टैंक की संख्या 1,30,080 है. जबकि 17,959 टैंक सरकारी हैं.

इस तरह राज्य में कुल 1,48,039 टैंकों में मछली पालन हो रहा है. इसके अलावा 436 रिजर्वायर और 1,35,297 डोभा में भी मछली का उत्पादन किया जा रहा है. वहीं 9360 चेक डैम व आहर में भी बड़े पैमाने पर मछली पालन हो रहा है.

**किस जिले में क्या गतिविधि**

| | |
|---|---|
| रांची | मछली बीज उत्पादन, एक्वा पार्क, होल सेल मछली बाजार, मछली चारा का उत्पादन |
| धनबाद | मछली बीज उत्पादन, केज कल्चर, मछली चारा उत्पादन |
| बोकोरो | मछली बीज उत्पादन, केज कल्चर, मछली चारा उत्पादन |
| कोडरमा | केज कल्चर, मछली चारा उत्पादन |
| सरायकेला | केज कल्चर, मछली चारा उत्पादन, नई प्रजातियों की खोज |
| देवघर | केज कल्चर |
| रामगढ़ | खदानों में मछली पालन, मछली चारा उत्पादन |
| गुमला | मछली चारा उत्पादन |
| जमशेदपुर | ओरनामेंटल फिशरिज |
| पाकुड़ | मछली बीज का उत्पादन |
| दुमका | मछली उत्पादन, मछली बीज का उत्पादन, केज कल्चर |

## मोहर्रम आज, 75 लाइसेंसी व 22 गैर लाइसेंसी अखाड़ा निकालेंगे जुलूस

# चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा

## जमशेदपुर पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च

- शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश
- साकची थाना में खुला नियंत्रण कक्ष

**वरीय संवाददाता। जमशेदपुर**

मुहर्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. पूरे जिले में 1000 से ज्यादा पुलिस की तैनाती की गई है. जिसमें शहरी क्षेत्र में 115 हवलदार, 460 पुलिसकर्मी, 390 लाठी बल तथा 14 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 47 हवलदार, 188 पुलिसकर्मी, 104 लाठीबल के जवान तथा 14 महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है.

मुहर्रम के दिन शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया गया है. साथ ही यातायात को लेकर बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगायी गई है. इस बीच जिला पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इस दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने खुद फ्लैग मार्च की कमान संभाली. एसएसपी के साथ ग्रामीण एसपी सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, डीएसपी मुख्यालय 2 निरंजन तिवारी, क्षेत्र के थाना प्रभारी समेत सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे.

फ्लैग मार्च कदमा शास्त्रीनगर से होते हुए बिष्टुपुर के धातकीडीह, साकची मोहम्मडन लाइन, परसुडीह के मकदमपुर और जुगसलाई समेत पूरे शहर में की गई. एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि अखाड़ा कमेटी जुलूस को निर्धारित रूट के अनुसार ही निकालें. सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह या आपत्तिजनक संदेश पर जिला पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है.



एसएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च करती जमशेदपुर पुलिस.

### यातायात के नियमों में बदलाव

**जमशेदपुर।** मोहर्रम के दौरान यातायात पुलिस ने नो इंट्री के समय में बदलाव किया है . जारी आदेश के अनुसार बुधवार की सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहन शहर में प्रवेश कर सकेंगे . इसके अलावा इसी समय सभी वाहन शहर से बाहर भी निकलेंगे . बुधवार सुबह 9 बजे से गुरुवार सुबह 6 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों और बसों का परिचालन वर्जित रहेगा . इस दौरान शहर में चार पहिया वाहनों का तय रूट पर परिचालन बंद रहेगा .

**इमामबाड़ों में पढ़ी गई फातिहा**

सेंट्रल मुहर्रम अखाड़ा कमिटी के अध्यक्ष हसीन अहमद ने बताया कि मुहर्रम की नवमी को सभी इमाबाड़ों में फातिहा पढ़ी गई. इस दौरान दिनभर धर्मावलंबियों का इमाबाड़ों व कर्बला में जमावड़ा लगे रहा. साथ ही सभी के बीच लंगर बांटा गया. उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में 75 लाईसेंसी तथा 22 गैर लाइसेंसी अखाड़े हैं. जहां करतब के साथ-साथ जुलूस निकाला जाता है. प्रशासन की ओर से सहयोग की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि तय रूट से ही जुलूस निकाले जाएंगे.

कदमा बीएच एरिया में मुहर्रम की नौवीं को सभी इमामबाड़ा में फातिहा हुई. देर रात तक लोग इमामबाड़ा पहुंचते रहें और फतिहाख्वानी कराते देखे गए. वहीं कई इलाकों में अखाड़ा कमिटी के द्वारा रात को जुलूस भी निकाला गया जो अपने इलाके में घूमकर वापस इमामबाड़ा में खत्म हुआ. बीएच एरिया अखाड़ा के अध्यक्ष मो शमीम ने बताया कि इस साल भी अकीदत के साथ इमामबाड़ा में खुद का बनाया हुआ ताजिया रखा गया है.

### कीताडीह में जलसा का हुआ आयोजन



कीताडीह इमामबाड़ा मैदान में मुहर्रम को लेकर जलसा का आयोजन किया गया . हाजी कारी इशहाक अंजुम ने वाक्य और वियान किया . इस जलसे में मुख्य तौर पर हाजी कोशर हाजी रिजवान हाजी सज्जाद जहां जलसे में मौजूद रहे . झामुमो पार्टी के अल्पसंख्यक के जिला उपाध्यक्ष नजाम खान, शाहरुख खान,सलाउद्दीन मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष शेख सलाउद्दीन, मोईन,मोहम्मद जाहिद जहां महिला एवं पुरुषों ने अपनी अपनी मुरादे पूरी होने की दुआएं मांगी . किताडीह में वर्ष 1928 से यह अखाड़ा उठाया जा रहा है . हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी प्रशासन द्वारा दिए गए गाइड लाइन को मानते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा .

### गढ़वा में पिकअप व ऑटो की टक्कर, दो स्कूली छात्रों की मौत

**गढ़वा।** एनएच 75 बाइपास फोरलेन क्रॉसिंग पर जाटा गांव के समीप सोमवार की दोपहर पिकअप व ऑटो की टक्कर में दो स्कूली छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये.

जानकारी के मुताबिक, आरएन टैगोर स्कूल में पढ़ने वाले आधा दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं छुट्टी के बाद ऑटो पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे. इस बीच जाटा हाइवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दिया. घटना में मृत बच्चों की पहचान जाटा गांव निवासी दिनेश भुईयां के पुत्र सत्यम कुमार व हरिप्रसाद राम के पुत्र देवानंद कुमार के रूप में की गई है. वहीं, घायलों में जाटा गांव निवासी संजीव साहू का पुत्र रंजन कुमार (8), कालीचरण मेहता का पुत्र दीपांकर मेहता (9), रामाश्रय राम का पुत्री दिव्या भारती (8), अंकुश भारती (6) व ऑटो चालक उदय राम शामिल है.

## आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संवाददाता। जमशेदपुर**



जगदीश राव

सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के नीतीबाग कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय वाई जगदीश राव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सोमवार रात जगदीश का शव उनके घर की छत पर लटकता पाया गया. जानकारी मिलने पर परिजनों ने जगदीश को फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. मंगलवार को जगदीश के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया. जगदीश टाटा स्टील में ठेका कर्मी थे.

जगदीश के चाचा आनंद राव ने बताया कि जगदीश बीते एक साल से आर्थिक तंगी से परेशान था. उसने कई बार परिवार के सदस्यों को यह बात भी कही. वह परिवार की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा था. सोमवार रात को वह घर आया था. रात नौ बजे सभी उसे खाना खाने के लिए ढूंढ रहे थे. इसी दौरान परिजनों ने देखा की छत की सीढ़ी के ऊपर लगे पाइप में ओढ़नी के सहारे जगदीश ने फांसी लगा ली है.

**सहारा में फंसे हुए हैं लाखों रुपये**

आनंद ने बताया कि जगदीश के पिता टाटा स्टील में स्थाई कर्मी थे . पिता के सेवानिवृत होने के बाद मिले रुपयों को जगदीश ने सहारा में लगा दिया था . सहारा में लगभग 10-12 लाख रुपये फंसे हुए थे जो वह निकाल नहीं पा रहा था . आनंद ने बताया कि जगदीश का 12 साल का बेटा राजेंद्र विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र है . स्कूल की फीस नहीं भर पाने की वजह से उसे स्कूल से निकाल भी दिया गया था . जिसको लेकर जगदीश काफी परेशान रहा करता था .

# खरकई नदी का जलस्तर घटने से हो रही जुगसलाई में गंदे पानी की सप्लाई

## ओडिशा डैम का फाटक खुलवाने के लिए विभाग ने डीसी को लिखा पत्र

**वरीय संवाददाता। जमशेदपुर**

खरकई नदी का पानी सप्लाई लेवल से काफी नीचे चला गया है. इसके कारण जुगसलाई नगर पर्षद क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है. नदी का जलस्तर बढ़ाने के लिए ओडिशा डैम से पानी छोड़ा जाना जरूरी है. इसके लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से उपायुक्त से पत्राचार किया गया है. वहीं नागरिक संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार एवं मैकेनिकल विभाग के एसडीओ जितेंद्र प्रसाद से मिला.

दोनों अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने गंदे पानी की सप्लाई किए जाने पर नाराजगी जतायी. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि गंदे पानी को फिल्टर कर भेजा रहा है तथा ब्लीचिंग पाउडर पहले की अपेक्षा डबल कर दिया गया है. इसके अलावा खरकई नदी में सामान्य पानी लाने के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल से अनुरोध किया गया है कि ओडिशा डैम का एक फाटक खोल दिया जाए. सफीगंज मोहल्ला में पानी संकट को दूर करने के लिए आरपी पटेल पानी टंकी से लेकर सफीगंज मोहल्ला तक पाइप बिछाने के लिए प्राक्कलन बना है बाकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं.

**इंटकवेल व ट्रीटमेंट प्लांट में लगेगा 60 एचपी का मोटर**

दूसरी तरफ मैकेनिकल विभाग के एसडीओ जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि बागबेड़ा नदी के किनारे इंटकवेल में 40 एचपी के पुराने मोटर के स्थान पर 60 एचपी का नया मोटर लगाया जाएगा . इसके लिए वर्क ऑर्डर निकाल दिया गया है . वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 60 एचपी का दो नया मोटर एवं 40 एचपी की दो नया मोटर लगाने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं . जल्द ही जुगसलाई की पांच पानी टंकियों में पानी फ्लोर मीटर लगाए जाएंगे . इस कार्य से जुगसलाई की पानी समस्या दूर हो जाएगी . प्रतिनिधिमंडल में सरदार शैलेंद्र सिंह के अलावा रवि शंकर तिवारी, रविकांत पांडे, बंटी सिंह, मुन्ना सिंह, गौतम पांडे, संजय सिंह, नितेश सिंह, टिल्लू शर्मा, छोटू सिंह आदि शामिल थे .

## चुनौती | गैंगस्टर कार्तिक मुंडा की मौत के बाद नए तरीके से संगठित हो रहे आपराधिक गिरोह

# आदित्यपुर में फिर छिड़ेगा गैंगवार या बाजी मार ले जाएगी पुलिस

- जेल में बंद सागर लोहार को रिमांड पर लेने की तैयारी में पुलिस
- कार्तिक की मौत के बाद विक्की की तलाश में पुलिस
- गैंग के कई सदस्य शहर से हुए फरार

**रोहित कुमार। जमशेदपुर**

कोल्हान के कुख्यात अपराधियों की लिस्ट में शुमार कार्तिक मुंडा की मौत से एक ओर जहां उसके गैंग के सदस्यों को सदमा पहुंचा है वहीं पुलिस भी इस घटना के बाद से काफी सतर्क है. आदित्यपुर में सक्रिय आपराधिक गिरोहों के बीच पुलिस की हालिया कार्रवाई से बैचेनी बढ़ी है. कार्तिक मुंडा का प्रतिद्वंद्वी गिरोह उसकी मौत का फायदा उठाते हुए इस क्षेत्र में हावी होने की योजना में जुटा हुआ है. वहीं कार्तिक का गिरोह सदमे से उबरने के प्रयास में है और अपनी पकड़ दिखाने के लिये अपराध जगत में कुछ धमाका कर सकता है. पुलिस भी इन बातों से अनजान नहीं है. वह भी अपनी तरफ से अपराधियों को शांत करने में जुटी हुई है. अब देखना है कि दो गैंग के बीच फिर से गैंगवार होता है या इस बीच पुलिस बाजी मार ले जाएगी.

बताया जाता है कि पुलिस कार्तिक को जिंदा पकड़ाना चाहती थी पर पुलिस से ही बचकर भागने में उसकी जान चली गई. अगर कार्तिक जिंदा पुलिस के हाथ आता तो पुलिस उससे कई राज उगलवा सकती थी. इधर, कार्तिक की मौत के अब जेल में बंद सागर लोहार को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है. पुलिस सागर के पुराने मामलों को खंगाल रही है ताकि उनमें सागर को रिमांड पर लिया जा सके. वहीं गैंग का संतोष थापा जिले से बाहर बताया जा रहा है.

सरायकेला-खरसावां जिले में बढ़ रहे अपराध को कंट्रोल करने के लिए आईपीएस मुकेश कुमार लुणायत को जमशेदपुर से सरयकेला-खरसावां भेजा गया था. जिले में योगदान देते ही उन्होंने सबसे पहले सभी थाना प्रभारियों के साथ एक बैठक करते हुए पुराने मामलों की समीक्षा की. इसके बाद उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए काम करना शुरू किया. बीते दिनों विक्की नंदी गैंग के एक सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस घटना में पकड़ाए आरोपियों से मिले इनपुट तक एसपी मुकेश लुणायत को कार्तिक के बारे में जानकारी मिली थी जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्तिक के घर छापेमारी की थी. इधर, एसपी मुकेश लुणायत की इस कार्रवाई से सरायकेला-खरसावां जिले के अपराधियों के बीच डर का माहौल है. कई अपराधियों ने जिला छोड़ दिया है.

### दो गुटों के बीच सोशल मीडिया पर जंग छिड़ी

कार्तिक मुंडा की मौत के बाद एक ओर जहां उसके गैंग के सदस्यों में गम का माहौल है वहीं दूसरी ओर कार्तिक के प्रतिद्वंदी सोशल मीडिया पर कई सारे स्टेटस लगा रहे है . सूत्रों की माने तो कार्तिक की मौत के बाद हाल ही में जेल से बाहर आए एक समर्थक की हत्या की योजना बनाई जा रही है . इसके लिए 20 लाख रुपये में सौदा भी तय हो गया है . कार्तिक की मौत के बाद दो गुटों के बीच सोशल मीडिया पर जंग छिड़ गई है .

### गैंग में नए सदस्यों को जोड़ने की कोशिश कर रहा संतोष थापा

सूत्रों की माने तो कार्तिक मुंडा, सागर लोहार और संतोष थापा ने हाथ पूर्व में ही हाथ मिला लिया था . इस गैंग की सीधी लड़ाई विक्की नंदी से है . दोनों गुट क्षेत्र में वर्चस्व कायम करना चाहते है . हालांकि विक्की नंदी हत्या मामले में फरार चल रहा है . गैंग का सागर लोहार जेल से ही गैंग का संचालन करता था . वहीं कार्तिक की मौत के बाद गैंग की कमर टूट गई है . अब गैंग की बागडोर संतोष थापा के हाथ में है . संतोष अपने गैंग में नए सदस्यों को जोड़ने का काम कर रहा है .



> *हत्या और आर्म्स एक्ट के मामलों में फरार चल रहे अपराधियों की लिस्ट तैयार की जा रही है . इन फरार अपराधियों की जल्द ही धर-पकड़ की जाएगी . इसके अलावा जिले में जितने भी गैंगवार से जुड़ी हत्याएं हुई हैं सभी मामलों में सहयोगियों की पहचान कर उनपर भी कार्रवाई की जाएगी .*
> *मुकेश कुमार लुणायत, एसपी, सरायकेला-खरसावां*

### एनएच किनारे अवैध पार्किंग के खिलाफ चला अभियान



**जमशेदपुर।** मंगलवार को मानगो के पारडीह चौक से लेकर डिमना चौक तक अभियान चलाया गया. इस दौरान कुल दो दर्जन से ज्यादा वाहनों पर नो पार्किंग का स्टीकर लगाया गया. इसके अलावा कई वाहनों से ऑन स्पॉट फाइन लिया गया. यातायात डीएसपी संजय सिंह ने बताया कि ऐसे वाहन दुर्घटना का भी कारण बनते हैं. इसी को देखते हुए अभियान की शुरुआत की गई है. यह अभियान लगातार चलता रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### स्व. संजय प्रसाद की स्मृति में पहला रक्तदान शिविर

**आदित्यपुर।** योद्धा स्पोर्टिंग क्लब आदित्यपुर के दिवंगत सदस्य स्व. संजय प्रसाद की स्मृति में मंगलवार को पहला रक्तदान शिविर आदित्यपुर दो रोड नंबर 19 सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया. इसमें 100 लोगों ने रक्तदान किया. शिविर के आयोजन में लायंस क्लब ऑफ पटना शुभम एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक ने सहयोग किया. शिविर में स्थानीय रोड नंबर 19 योद्धा स्पोर्टिंग क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया. स्वर्गीय संजय प्रसाद के भाई राकेश प्रसाद ने बताया कि दिवंगत बड़े भाई की पुण्य स्मृति में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. यह जारी रहेगा. रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का प्रयास होगा.

### श्री अग्रसेन भवन में सावन उत्सव तीन अगस्त को

**जमशेदपुर।** राजस्थानी संस्कृति को बचाये रखने और उसे बढ़ावा देने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की ओर से 03 अगस्त को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में रंगीला सावन आयो रे (सावन उत्सव) का भव्य आयोजन किया जा रहा है. इसकी सभी तैयारियां पिछले कई दिनों से जोर-शोर से चल रही है. इस संबंध में मंगलवार को शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल एवं संयोजिका मुस्कान अग्रवाल व रश्मि अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी थीम पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा. इस सावन उत्सव में केवल प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश होगा.

### मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होंगे पारा शिक्षक

**गुड़ाबांदा।** प्रखंड के ज्वालकाटा स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को सहायक शिक्षकों ( पारा शिक्षकों ) की बैठक आयोजित हुई. बैठक में निर्णय हुआ कि 20 जुलाई को रांची में प्रस्तावित मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में अपने बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में गुड़ाबांदा के पारा शिक्षक भी शामिल होंगे. बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं कहा कि सहायक अध्यापक अपने हक के लिए समय-समय पर आंदोलन करते रहेंगे, जब तक कि सरकार उनके जायज मांगों को पूरा नहीं करती.

### स्वास्थ्य शिविर के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया

**बहरागोड़ा।** मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत गांव पकलो, सोनाकोड़ा, बालीडीहा, मानुषमुड़िया में घर-घर जाकर लोगों से 17 जुलाई को विवेकानंद शिशु मंदिर में संपूर्ण मानवता कल्याण संघ द्वारा आयोजित होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए संघ के अध्यक्ष डॉक्टर सजंय गिरि ने जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने बताया कि जमशेदपुर तथा आसपास के 12 अनुभवी चिकित्सक लोगों की जांच करेंगे. डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की जाएगी. डॉक्टर संजय गिरि ने कहा कि विगत पांच वर्षों में बहरागोड़ा विस क्षेत्र में 100 से ज्यादा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है.


**AFFIDAVIT**

I, **Pratik Saw**, S/o. Sri Pradeep Saw, Permanent Resident of Shitla Mandir, Word No. 7, Chakradharpur, P.O. & PS Chakradharpur, Dist West Singhbhum, Jharkhand 833102 do hereby solemnly affirm and declare as follows :

1. That I am an Indian National citizen having our home and hearths.
2. That my actual and correct name is stated above i.e. PRATIK SAW S/o Sri Pradeep Saw as per my updated UID Card No. 9073 7516 8213 PAN Card as well as all academic certificates too.
3. That in my Old UID card my name is entered as Pratik Kumar Saw. Hence my both names as Pratik Kumar Saw and Pratik Saw indicates to me only the same and one person the deponent herein hence my correct name is **PRATIK SAW** forever.

**Notary Public**
**Chakradharpur**


## मोहार्रम से पहले जमशेदपुर पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास, भीड़ नियंत्रण की दी जानकारी

# मॉक ड्रिल में दंगाइयों पर आंसू गैस के गोले दागने में छूटे पसीने

**संवाददाता । जमशेदपुर**





भीड़ से निपटने के लिए शहर के पुलिस पदाधिकारी कितने ट्रेंड हैं यह मंगलवार को गोलमुरी पुलिस लाइन में देखने को मिला. मौका था मोहर्रम के दौरान भीड़ से निबटने के पूर्वाभ्यास का. एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग की मौजूदगी में पुलिस पदाधिकारियों के आंसू गैस के गोले फेंकने में पसीने छूट गये. भीड़ नियंत्रण में पुलिस किस तरह संयम बरते, कब लाठी चार्ज, आंसू गैस तथा पानी का फव्वारा छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया जाये, मार्च पास्ट के दौरान पुलिसकर्मियों का ध्यान कहां-कहां रहे, इसका पूर्वाभ्यास कराया गया.

पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में गोलमुरी पुलिस लाइन में जवानों ने करीब एक घंटे तक उग्र भीड़ को कंट्रोल करने का पूर्वाभ्यास किया. इस दौरान एक तरफ से पुलिस के जवान पब्लिक बनकर उग्र प्रदर्शन कर रहे थे, दूसरी तरफ पुलिस पदाधिकारी उन्हें नियंत्रित कर रहे थे. पूर्वाभ्यास के दौरान उभर कर आयी खामियों को एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने देखा और पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का मार्गदर्शन किया. इस दौरान पुलिस लाइन के इक्यूपमेंट्स की जांच भी हुई. पूर्वाभ्यास में सभी जिला पुलिस बल, जैप 6 और क्यूआरटी की टीम मौजूद रही.

पूर्वाभ्यास में बताया गया कि हिंसा या भीड़ के अनियंत्रित होने पर पुलिस फोर्स को घटनास्थल पर पहुंच कर किस तरह से पब्लिक मूवमेंट को नियंत्रित करना चाहिए. पब्लिक के साथ उनका बरताव कैसा हो? पुलिस एरिया को कैसे बैरिकेडिंग करेगी? भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस व लाठी चार्ज करना है तो किस दिशा में आंसू गैस छोड़ा जाये? इसका प्रशिक्षण दिया गया. इसी तरह भीड़ नियंत्रित करने के लिए पानी का फव्वारा कैसे छोड़ना है, इसका दृश्य भी दिखाया गया. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि आगामी त्योहार को लेकर यह मॉक ड्रिल किया गया है. त्योहार के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है या कोई प्रशासन की बात नहीं सुन रहा है ऐसी परिस्थिति में किस तरह से भीड़ को कंट्रोल किया जाए इसे लेकर यह मॉक ड्रिल किया गया है.

# भुइयांडीह में 150 घरों को सीओ की नोटिस के बाद गरमायी राजनीति

## एनजीटी के आदेश को उचित फोरम में चुनौती देगी कांग्रेस

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**



उपायुक्त कार्यालय के समक्ष बस्तीवासियों के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता.

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में स्थित भुइयांडीह व उससे सटे कल्याणनगर, इंदिरानगर, छायानगर बस्ती के 150 घरों को तोड़ने संबंधी नोटिस के बाद राजनीति दलों की सरगर्मी बढ़ गई है. अब तक उपरोक्त बस्ती का विधायक सरयू राय (भाजमो), सांसद विद्युत वरण महतो (भाजपा) व डॉ. अजय कुमार (कांग्रेस) दौरा कर चुके हैं. सभी ने बस्तीवासियों को मकान नहीं टूटने का आश्वासन दिया है. विधायक सरयू राय ने जहां एनजीटी के आदेश का अध्ययन कर आगे कदम उठाने की बात कही, साथ ही इस मामले को विधानसभा में उठाने के लिए कहा. वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने इस मामले को लेकर 20 जुलाई को उपायुक्त के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया है. कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने बस्तीवासियों को मिले नोटिस से सरकार के मुखिया को पत्र लिखकर व ट्वीट करके जानकारी दी है. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से कहा कि कोई भी घर मकान नहीं टूटेगा.

दूसरी ओर डॉ.अजय समर्थक कांग्रेसियों ने मंगलवार को उक्त मामले को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया. साथ ही एक मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा. जिसमें नदी किनारे बसे घरों को तोड़ने संबंधी कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की. वहीं उपायुक्त ने उन्हे आश्वस्त किया की न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी. मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि एनजीटी ( नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की आड़ में की गई एकतरफा कार्रवाई उचित नहीं है. इसका पार्टी पुरजोर विरोध करती है. उन्होंने कहा कि नदी तट पर बन रहे आलीशान अपार्टमेंट एनजीटी को नहीं दिखता है, जबकि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह गरीब, लोगों द्वारा बनाए गए झोपड़ीनुमा घर एनजीटी को दिख जाता है. सोनकर ने कहा एनजीटी के आदेश के खिलाफ हम उचित फोरम पर मामले को उठाएंगे. किसी गरीब का घर टूटने नही देंगे.

उल्लेखनीय है की सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह व उससे सटे कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर सहित नदी किनारे बने 150 घरों को एनजीटी के आदेश पर तोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया. जिससे लोगों में भय व्याप्त है. हालांकि एनजीटी द्वारा किस आधार पर यह आदेश दिया गया है, इस संबंध में अधिकारियों के पास तथ्य परक जवाब नहीं है. इस अवसर पर अशोक चौधरी, रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा, राकेश साहू सहित काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे.

### बन्ना गुप्ता को आनंद बिहारी दुबे ने सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता के रांची स्थित कार्यालय पहुंचकर एक मांग पत्र सौंपा. जिसमें मुख्य रूप से जमशेदपुर के भुइयांडीह के इंद्रानगर एवं कल्याण नगर में 150 घरों को तोड़ने का नोटिस दिए जाने का जिक्र है. जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं को मंत्री बन्ना गुप्ता के पास रखा गया है और इसका समाधान जल्द ही निकलने के लिए मंत्री ने आश्वासन दिया है. प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, सन्नी सिंह एवं निखिल तिवारी शामिल थे.

### सड़क दुर्घटना में वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन का निधन



**आदित्यपुर।** मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में सरायकेला के वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन का निधन हो गया है. वे सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे. उन्हें सरायकेला से टीएमएच अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मंगलवार की दोपहर लगभग 12:00 समाचार संकलन करने निकले वरिष्ठ पत्रकार अलाउद्दीन बैगनबाड़ी के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे. बताया जा रहा है कि फ्लाई ऐश लदे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी. स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें टीएमएच ले जाया गया. वहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई है. वे लगभग 25 वर्षों से सरायकेला जिले में पत्रकारिता में सक्रिय थे.

### एचपीसीएल के शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह

**आदित्यपुर।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) कंपनी में स्वर्णिम जयंती के अवसर पर जमशेदपुर एलपीजी बोटलिंग प्लाट गम्हरिया में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह हुआ है. रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रियांशु दीक्षित संयत्र प्रबंधक ने किया. प्लांट मैनेजर और ऑपरेशन मैनेजर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया.

## विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित

**संवाददाता । बहरागोड़ा**

मंगलवार को बहरागोड़ा क्षेत्र के एन एच 49 किनारे अवस्थित बैद्यनाथ प्लेस में भारतीय जनता पार्टी का बहरागोड़ा विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन जिला अध्यक्ष सरोज महापात्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया गया. मुख्य वक्ता वीरेनजी नारायण ने कहा कि पहली बार भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने जा रहा है, जो गर्व का विषय है. बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने तीसरी बार विद्युत वरण महतो को सांसद बनने का काम किया है. उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. आज हमें ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने की जरूरत है.

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि यहां की जनता के प्रति वह समर्पित हैं. आने वाले दिनों में कदम से कदम मिलाकर बहरागोड़ा क्षेत्र का कैसे विकास किया जाएगा इस पर सभी से मिलकर चर्चा की जाएगी. डॉ दिनेशनंद गोस्वामी ने कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं की जीत है.

## पोटका प्रखंड कार्यालय पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### भ्रष्टाचार और बिचौलिया प्रथा के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**



पोटका प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार, बिचौलिया प्रथा का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया. जोहार ग्रामीण विकास संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की. इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उचित लाभुक को मिले इस दिशा में कार्रवाई की मांग की. प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम 29 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया.

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समिति के अध्यक्ष महीन सरदार ने बताया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारी-कर्मचारी बगैर स्वार्थ के कोई काम नहीं कर रहे हैं. पोटका प्रखंड क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा एवं पेंशन योजना की स्थिति काफी बदतर है. उक्त सारी बातें समिति के सर्वे में सामने आई है.

जिनका राशन कार्ड बन है, उन्हें राशन नहीं मिल रहा है. वहीं खाद्यान्न योजना, पेंशन योजना, आवास योजना से कई लोग आज भी वंचित हैं.

## असुविधा आरआईटी थाना मैदान बना बिल्डिंग मेटेरियल रखने का गोदाम

# निगम का भवन तो मिला नहीं, स्टेडियम भी नहीं बन पाया

**संवाददाता । आदित्यपुर**





अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहा रहा है आरआईटी थाना मैदान. इस मैदान में न तो नगर निगम का बिल्डिंग बना न ही इस मैदान का कायाकल्प कर इसे स्टेडियम बनाया जा सका है. ताजा स्थिति यह है कि मैदान के चारों ओर से अतिक्रमण किया जा रहा है. मैदान में बिल्डिंग मेटेरियल रखकर बिक्री की जा रही है. बता दें कि जब 2022 में इस मैदान में नगर निगम का दो मंजिला प्रशासनिक भवन बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, तब इस मैदान को बचाने यहां के खिलाड़ियों और बुद्धिजीवियों ने एकजुटता दिखाई थी. यहां तत्कालीन मंत्री चम्पई सोरेन और बन्ना गुप्ता को बुलाकर सभा कराई गई थी, जिसमें इस मैदान को स्थानीय खिलाड़ियों के लिए खूबसूरत स्टेडियम बनाने की घोषणा मंत्रियों द्वारा की गई थी. इसके बाद मंत्री चम्पई सोरेन पांच माह के लिए राज्य के मुख्यमंत्री भी बने, लेकिन इस मैदान का कायाकल्प नहीं सका. बता दें कि बुद्धिजीवियों ने बैठक कर मैदान बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया था. तब मैदान में बिल्डिंग मेटेरियल की लोडिंग-अनलोडिंग के कारण मैदान खराब होने का रोना रोया था. आज स्थिति बद से बदतर है. खिलाड़ियों को खेलने में दिक्कत हो रही है, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है. इतना ही नहीं मैदान में बड़े वाहन की पार्किंग भी हो रही है. इससे मैदान खराब हो रहा है. लेकिन सारी घोषणाएं हवा हवाई साबित हुई और यह आदित्यपुर 2 का सबसे पुराना मैदान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है.

टाउन प्लान की अवहेलना कर चिन्हित जमीन पर टाउन हॉल और नगर निगम का कार्यालय बनाने के निर्णय का आदित्यपुर में पुरजोर विरोध शुरू हुआ था. बुद्धिजीवियों ने आरआईटी थाना मैदान में बैठक कर पर्यावरण एवं खेल मैदान संरक्षण समिति का गठन कर विरोध की रणनीति बनाई थी. इसमें महिला नेत्री शारदा देवी को अध्यक्ष, अधिवक्ता ओम प्रकाश को संरक्षक, सुधीर चौधरी और विष्णुदेव गिरि को उपाध्यक्ष, योगेंद्र गुप्ता को कार्यालय सचिव और सुशांत सरकार को कोषाध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन आज सभी बुद्धिजीवी सो रहे हैं.

## न्यूज अपडेट

### राजदोहा से खुर्शी गांव की सड़क पर चलना मुश्किल



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड अंतर्गत राजदोहा ( नरवा पहाड़) से खुर्शी गांव तक घर-घर नल जल योजना से बिछाई जा रही पानी पाइप लाइन बरसात में लोगों के लिए परेशानी बन गई है. लोगों का फिसलन भरी सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है. क्षेत्र की मुखिया अनिता मुर्मु व जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय दास ने जमशेदपुर के संवेदक सिद्धांत कंस्ट्रक्शन एवं झारखंड सरकार से बरसात तक काम रोकने की मांग की है. लोग डर से जादूगोड़ा या गोबिंदपुर होते हुए खुर्शी गांव जाने को विवश हैं. इससे 14 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है. अनिता मुर्मु एवं हिरण्यमय दास ने कहा कि संवेदक को मना करने के बाद भी खोदी गई मिट्टी को पक्की सड़क पर डाला जा रहा है. अबतक खुद हिरण्यमय दास समेत एक दर्जन लोग चोटिल हो चुके हैं.

### शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की डोमजुड़ी पंचायत अंतर्गत बनाबुड़ा गांव में मंगलवार को शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा की गई. जिसमें 108 महिलाओं द्वारा बनाबुड़ा सुवर्ण रेखा नदी घाट से गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. दो किलोमीटर पैदल यात्रा के पश्चात गांव में अवस्थित मंदिर में प्रतिस्थापित किया गया. जिसमें पुजारी शिव शंकर पाण्डे ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की. तत्पश्चात आसपास से आए हुए भक्त जनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया. इस मौके पर प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने के लिए कालीचरण नायक, बलराम दास, कोला कौर, विपिन नायक, अनिल चरण दास, सत्यवान नायक, दीनबंधु दास, वाल्मीकि दास, देवदत्त नायक, उत्तम नायक व ग्रामवासी जुटे हुए थे.

### एनएच 18 के सर्विस रोड पर गड्ढे में फंसा कंटेनर



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एनएच 18 के सर्विस रोड पर बहरागोड़ा महाविद्यालय के समीप बारिश से बने गड्ढे में दस चक्का कंटेनर फंस जाने से जमशेदपुर से ओडिशा जाने वाले वाहन गलत साइड होकर जाने को मजबूर हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचआई द्वारा निर्मित सड़क की गलत रोड डिजाइनिंग के वजह से सर्विस रोड पर भारी वाहनों के आवागमन होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं. जिससे आए दिन राहगीर से लेकर बड़े वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. कई बार उन्हें दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है. वाहन चालकों का कहना है कि एनएचआई आए दिन टोल टैक्स में वृद्धि करती है लेकिन संपूर्ण गुणवत्तापूर्ण सड़क देने में अभी भी बहुत पीछे हैं.

### मनमाना बिल के खिलाफ बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिजली का बिल भेजने एवं मनमाने तरीके से मीटर की रीडिंग की शिकायत के साथ मंगलवार को पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने करनडीह स्थित कार्यपालक अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान विधायक मंगल कालिंदी भी वहां पहुंचे. उन्होंने उपभोक्ताओं की मौजूदगी में कार्यपालक अभियंता के साथ बैठक की. इस दौरान निर्देश दिया कि विभाग मीटर की रीडिंग सही तरीके से करे. उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि मीटर रीडिंग करने वाले नियमित रूप से नहीं आते हैं. कार्यपालक अभियंता ने आश्वस्त किया कि गलत बिजली बिल में सुधार किया जाएगा. नियमित रूप से मीटर रीडिंग होगी. विधायक ने बताया कि कार्यपालक अभियंता को कार्रवाई से अवगत कराने के लिए कहा है.

### आदित्यपुर टोल ब्रिज को टोल फ्री करने की मांग



**आदित्यपुर।** टोल ब्रिज आदित्यपुर के 13 वर्ष पूरे होने पर जन कल्याण मोर्चा ने एटीबीसीएल के निदेशक को ज्ञापन सौंप बधाई देते हुए अब राज्य सरकार से इसे टोल फ्री करने की मांग की है. मंगलवार को मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल निदेशक प्रेम रंजन से जियाडा भवन में मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा है. प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक राधा सांडिल, अध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, सचिव सुधीर चौधरी और प्रवक्ता आशुतोष कुमार शामिल थे. उन्होंने निदेशक को बताया कि किस तरह हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़कर टोल ब्रिज का निर्माण करवाया था. जिसके 13 वर्ष पूरे हो चुके हैं. ऐसे में अब टाटा स्टील को उद्योग हित और शहरवासियों के लिए इस ब्रिज को टोल फ्री कर दे.

### पांडूडीह गांव का जलमीनार एक महीने से खराब




**जादूगोड़ा।** पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जादूगोड़ा से सटे सोहदा पंचायत के पांडूडीह गांव के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को लेकर तरस रहे हैं. जिसकी मुख्य वजह बीते एक महीने से देव भूमि के घर के समक्ष बनी जलमीनार का खराब पड़ा होना है. जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है. पूरा गांव भूमिज बहुल गांव है. ग्रामीणों ने पोटका विधायक संजीव सरदार से जल्द इस जल मीनार को ठीक कराने की मांग की है ताकि 40 भूमिज परिवार को पेयजल संकट से उबर सकें. गांव के मंटू सरदार कहते हैं कि पोटका प्रखंड कार्यालय में लिखित शिकायत के बाद भी काम नहीं हो रहा है और ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है.

### वास्तु विहार कॉलोनी में पहुंचा सेवा रथ, उमड़ी भीड़



**आदित्यपुर।** सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता गणेश महाली द्वारा सेवा रथ चलाया जा रहा है. सेवा रथ का आज 12वां दिन है. मंगलवार को सेवा रथ आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 35 स्थित वास्तु विहार कॉलोनी पहुंचा. जहां राशनकार्ड, वोटर कार्ड और पेंशन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है. बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में आज भी कई ऐसे सोसाइटी और बस्तियां हैं जहां के लोगों के पास राशनकार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक डॉक्युमेंट नहीं हैं जिसके वजह से वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं. इस बातों पर गौर करने के बाद भाजपा नेता गणेश महाली ने जिला प्रशासन के सहयोग से सेवा रथ चलाकर आम लोगों को निःशुल्क सेवा देने का निर्णय लिया है.

## पोटका में हाइवा के धक्के से दो युवक की मौत


अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन.

**चक्रधरपुर ।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग की चक्रधरपुर के पोटका में तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दो युवक की मौत हो गई. घटना सोमवार रात लगभग दो बजे की है.

बताया जाता है कि चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के चन्द्री गांव निवासी 20 वर्षीय बिभु बारला व उसका चचेरा भाई 22 वर्षीय बुधराम सरदार सोमवार देर रात पोटका में आयोजित छऊ नृत्य सह मेला देखकर स्कूटी से अपने गांव चन्द्री लौट रहे थे. इसी दौरान पोटका के ऑक्सफोर्ड स्कूल के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया. घटना को अंजाम देने के बाद चालक हाइवा लेकर फरार हो गया. इस घटना में स्कूटी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा देर रात ही चक्रधरपुर थाना को दे दी गई थी. लगभग रात ढाई बजे सड़क पर पड़े बिभु बारला व बुधराम सरदार को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.

घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मंगलवार सुबह चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. वहां परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था. घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विजय मेलगांडी भी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे.

## ब्रीफ खबरें

### प्रतिनिधि बने राजाराम को शॉल ओढ़ा किया सम्मानित

**चाईबासा ।** रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज) चाईबासा शाखा द्वारा स्थानीय कैफेटेरिया में कार्यक्रम आयोजित कर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने अधिवक्ता राजाराम गुप्ता को प्रतिनिधि बनाए जाने पर शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया. वहीं संघ द्वारा मंत्री दीपक बिरूवा के प्रति आभार व्यक्त किया गया.कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू, मनीष कुमार गुप्ता, सचिव महावीर प्रसाद राम, संयुक्त सचिव संजीव आदि उपस्थित थे.

### मधुसूदन ट्रेंनिंग कॉलेज में कार्यशाला सम्पन्न

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल और शिक्षक सलाहकार के रूप में विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हो गया. दूसरे दिन की कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक श्यामलाल महतो ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला के वक्ताओं का स्वागत एवं कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला. इस मौके पर स्मार्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यशाला में शिरकत की और विद्यार्थियों को संचार कौशल के गुर बताये.

### गुदड़ी के किसानों के बीच बांटे गए मक्का बीज

**चक्रधरपुर ।** खरीफ फसल सीजन में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत मंगलवार को गुदड़ी के किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर उन्नत किस्म के मक्का बीज एनएचएम 803 का वितरण किया गया. यह वितरण जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा किया गया. इससे किसान कम उपजाऊ जमीन में मक्का की खेती कर अधिक मुनाफा कमा पायेंगे. इस दौरान गुदड़ी के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अजीत भुइंया ने गुदड़ी प्रखंड के 30 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया.

### वोटरों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवायें : डीसी

**चाईबासा ।** चाईबासा स्थित कोल्हान विश्वविद्यालय के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में मतदाता सूची द्वितीय विशेष की समीक्षा की गई. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चाईबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर व चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत बूथ लेवल पदाधिकारी द्वारा नागरिकों से प्राप्त ऑनलाइन प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के अद्यतन प्रतिवेदन का जायजा लिया गया. उन्होंने वोटरों का नाम मतदाता सूची दर्ज को कहा.

### पश्चिमी सिंहभूम समाहरणालय के कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

# सरकार नौ सूत्री मांग माने, नहीं तो होगा अनिश्चितकालीन हड़ताल : महतो

- सरकार से समन्वय स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं
- सभी मांग जायज, सरकार तुरंत करें इसे लागू

**संवाददाता । चाईबासा**

झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग झारखंड राज्य अध्यक्ष राजेश रंजन दुबे और महासचिव बीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पूरे राज्य के समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों ने नौ सूत्री मांग को लेकर 14 जुलाई को रांची राजभवन के समीप धरना-प्रदर्शन किया था. उक्त धरना प्रदर्शन के बाद सभी जिलों में संघ अपनी मांग पूरी करवाने के लिए संवैधानिक तरीके से काला बिल्ला, कलमबंद हड़ताल तथा कैंडल मार्च का आयोजन करते हुए सरकार के प्रति अपना विरोध प्रकट करने का निर्देश दिया गया है. इसी कड़ी में 16 जुलाई को समाहरणालय कर्मियों द्वारा कार्यालय अवधि में काला बिल्ला लगा कर काम किया गया.


काला बिल्ला लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध करते समाहरणालय के कर्मचारी.

वहीं संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों ने लगातार अपनी मांग को लेकर सरकार से समन्वय स्थापित करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं. पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष ललितेश्वर महतो तथा सचिव मनोज कुंटिया के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंड, अंचल, अनुमंडल तथा जिला मुख्यालय के कर्मियों ने अपनी मांगों के प्रति आवाज बुलंद करते हुए काला बिल्ला लगा कर कार्यालयों के कार्यो को सम्पादित किया.


इस दौरान ललितेश्वर महतो ने कहा कि सरकार अविलम्ब हमारी मांग को पूरी करें, नहीं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा.

**विरोध में ये थे शामिल :** इस दौरान काला बिल्ला लगाकर विरोध करने वालों में स्थापना शाखा के कार्यालय अधीक्षक रूप सिंह बानरा, हरिकृष्ण लागुरी, प्रधान लिपिक विल्सन डांगा, ऋषि बोईपाई, दिलीप बिरुआ, गुमड़ी आलडा, सुनील बड़ाइक, दिलीप हेम्ब्रम, निराला करकेट्टा, सदानंद रजक, लिपिक मयंक कुमार, पवन तांती, सुमन प्रधान, कुमार अभिषेक, तपन साहू, अरूण महाराणा, मनीषा कुमारी, अमृत महतो अनुसेवी संघ के अध्यक्ष सुबल कुमार शिट, अभिषेक कारवा, पुतुल देवी दुम्बी गोप सहित कई कर्मी शामिल थे.

### लिपिकों का वेतन चिंताजनक : मनोज कुंटिया

सचिव मनोज कुंटिया ने कहा कि कार्य के अनुसार लिपिकों का वेतन और ग्रेड पे चिंताजनक है. सरकार को इस पर विचार करना चाहिए. उपाध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में हम कर्मियों का विशेष योगदान रहता है. ऐसे में सरकार को भी हमारी जरूरतों का ध्यान रखना बेहद जरुरी है. यदि सरकार नौ सूत्री मांगों को नहीं मानती है तो हमें एकजुट होकर इसका विरोध करना होगा. जानकारी हो कि नौ सूत्री मांग में ग्रेड वेतन में सुधार, पदनाम को परिवर्तित करना, प्रोन्नति की अवधि को कम करना, एमएसीपी 10 की जगह 8 वर्षों में स्वीकृत करना, सीमित परीक्षा में सीट रिजर्व तथा ग्रेड वेतन में सुधार, अनुसेवी संवर्ग के कर्मियों को लिपिक में प्रोन्नति, अनुबंध कर्मियों को नियमित करना तथा सविंदा पर कार्यरत कर्मियों को सीधे सरकार के माध्यम से अनुबंध पर रखा जाना शामिल है. इन मांगों को लेकर सभी कर्मी काला बिल्ला लगा कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

## मलेरिया से बचाव के लिए किया गया जागरूक



**किरीबुरू ।** स्वास्थ्य विभाग बड़ाजामदा ने मंगलवार को बराईबुरू क्षेत्र में मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया. जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व एपीडब्ल्यू लखन हांसदा, एएनएम पिंकी बाड़ा और सीएचओ प्रेमिका कुजूर कर रहे थे. तीनों ने किरीबुरु पंचायत के बराईबुरू, टाटीबा, गांवों में मलेरिया और डेंगू से बचाव व रोकथाम के लिए ग्रामीणों को कई उपाय बताये. उन्होंने कहा कि मलेरिया से ग्रसित कई मरीजों की पहचान जांच में हुई है. जल जमाव वाले स्थान पर जला हुआ मोबिल या केरोसिन डाल दें. इससे मच्छर का लार्वा खत्म हो जाएगा. सोते समय मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करें. पानी को उबालकर पीयें.

### किरीबुरु पूर्वी पंचायत में मनरेगा योजना का हुआ सोशल ऑडिट

# अनेक त्रुटि मिली, कनीय अभियंता पर जुर्माना

- बराईबुरु मैदान में किया गया था कार्यक्रम का आयोजन
- 56 मनरेगा योजनाओं की भौतिक जांच की गई
- मनरेगा योजना में कभी पैसा की नहीं होती है कमी

**संवाददाता । किरीबुरू**


सोशल ऑडिट के दौरान संबोधित करते जूरी व उपस्थित अन्य.


कार्यक्रम में संविधान की शपथ लेते ग्रामीण .

किरीबुरु पूर्वी पंचायत अन्तर्गत बराईबुरु मैदान में मनरेगा योजना का सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) किया गया. इसमें पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंडा जुनू पूर्ति ने की. इसमें जूरी सदस्य प्रमुख पूनम गिलुवा, बुधराम पूर्ति, कमला चाम्पिया, कृष्णा खंडाईत थे.

इनकी उपस्थिति में मुसाबनी से आयी अंकेक्षण टीम की सोना मरांडी, भोलानाथ मुर्मू (बहरागोड़ा), रानी प्रधान (खरसावां) ने ऑडिट किया. कार्यक्रम का शुभारम्भ अंकेक्षण सोना मरांडी ने संविधान की शपथ के साथ किया. उन्होंने बताया कि सरकार मनरेगा योजना के तहत बेरोजगारों को 272 रुपये (वर्तमान दर) की दर से 100 दिन रोजगार देने का कार्य कर रही है. आपको इसका लाभ लेना चाहिये. मनरेगा विभाग की विशेष टीम 10 जुलाई से 16 जुलाई तक किरीबुरु पूर्वी पंचायत अन्तर्गत वर्ष 2020 से 24 तक संचालित लगभग 56 मनरेगा योजनाओं की भौतिक जांच की.

जांच के बाद कार्यस्थल पर कार्य संबंधित बोर्ड नहीं लगने, अधूरा दस्तावेज, अनापत्ति प्रमाण पत्र, एमबी बुक, प्रशासनिक स्वीकृति, जूनियर इंजीनियर (जेई) का हस्ताक्षर, एमआर जारी करने वाले का हस्ताक्षर नहीं होना, बिल वाउचर नहीं होना, बिना मापी के भुगतान आदि से जुड़ी अनेक त्रुटियों को पाया. इन सभी त्रुटियों को एक निश्चित समय के अंदर दूर करने को कहा गया. कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिये जाने के एवज में कनीय अभियंता पर जूरी ने 300 रुपये का जुर्माना लगाया. मनरेगा योजना के तहत इस पंचायत में अबुआ आवास, पीएम आवास, बागवानी, बाबा साहेब अम्बेडकर आवास, कुआं, नडेब योजना का कार्य हुआ.

प्रमुख पूनम गिलुवा ने कहा कि ग्रामीण पंचायत कार्यालय या ग्राम सभा में नहीं जा पाते हैं, जिससे मनरेगा से जुड़ी तमाम योजनायें व उससे मिलने वाली रोजगार की जानकारी नहीं मिल पाती है. मनरेगा में कभी पैसा की कमी नहीं होती है. बेरोजगार लोग मनरेगा में कार्य कर रोजगार से जुडे.

महिला समूहों को भी हम पंचायत में काम देने का कार्य करेंगे. मुखिया मंगल सिंह गिलुवा ने कहा कि पंचायत भवन वर्षों से अधूरा है. इस कारण व्यवस्थित तरीके से कार्य नहीं हो पा रहा है. फाइल जहां-तहां रखी रहती है. इसी कारण मनरेगा व अन्य योजनाओं की फाइल अपडेट होने में परेशानी हो रही है. जब पंचायत भवन बन जायेगा, तो वहां से सभी कार्य स्मूथ चलेगा.

इस दौरान जेएसएलपीएस के सीसी इन्द्रजीत गोप, जेंडर सीआरपी हीरामुनी बारला, एसएचजी सदस्य कनक मिश्रा, रोजगार सेवक शंकर सिंह हुरद, उप मुखिया नूतन हेम्ब्रम, वार्ड सदस्य राम होनहागा, कविता हेम्ब्रम, ओम प्रकाश वर्मा, फूलमनी देवी, केतोकी कैतवार, मंगल हेम्ब्रम, धर्मेन्द्र गुप्ता, सामु चरण बारी, हाकिम पूर्ति, दामोदर बारी, गोमा चाम्पिया, हाजा पूर्ति, सीता बोदरा, संतोष नायक, वीरेन्द्र मिश्रा, गुंजू लोहार आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### किरीबुरु-सैडल मार्ग पर गिरा पेड़, दुर्घटना की आशंका



**किरीबुरू ।** किरीबुरु-सैडल गेट के बीच मुख्य सड़क पर तेज आंधी में पेड़ गिरने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है. लोगों को पेड़ गिरे स्थान के बगल से अपने वाहनों को पार करना पड़ रहा है. मुख्य सड़क पर गिरे पेड़ की वजह से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. लोगों ने वन विभाग व प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द सड़क पर गिरे पेड़ को हटायें, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से लोगों को बचाया जा सके. पेड़ जिस स्थान पर गिरा है वहां काफी पतला रास्ता बचा है. रास्ते के बगल में जंगल और झाड़ियां हैं. सबसे अधिक परेशान कार और अन्य बड़े वाहनों के परिचालन में हो रही है. छोटे वाहन धीमी गति से पार हो रहे हैं.

### हेलिकॉप्टर से सीआरपीएफ के 15 जवान उड़ान भरे



**किरीबुरू ।** मेघाहातुबुरु मैदान स्थित हेलीपैड पर 16 जुलाई की दोपहर लगभग 11 बजे अचानक वायुसेना का हेलिकॉप्टर लैंड किया. यह हेलिकॉप्टर महज पांच मिनट के अंदर वहां मौजूद लगभग 14-15 सीआरपीएफ-26वीं बटालियन के जवानों को लेकर उड़ान भर दिया. इस संबंध में सीआरपीएफ के आधिकारिक सूत्रों ने बताया की यह सामान्य प्रक्रिया है. ऐसा कार्य समय-समय पर चलता रहता है. यह नहीं बताया गया जवानों को कहां ले जाया गया है. हालांकि हेलिकॉप्टर को आसमान में उड़ते देख तथा उसकी आवाज सुन सैकड़ों लोग मैदान की तरफ भागते पहुंचे. कई लोग हेलिकॉप्टर को उतरने से लेकर जवानों के हेलिकॉप्टर में बैठने तथा उड़ान भरने की तस्वीर व वीडियो अपने कैमरे में कैद करते नजर आये.

### जमीन पर सोयी महिला की सर्पदंश से तबीयत बिगड़ी



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के चैनपुर पंचायत के पंसुवा गांव में घर में जमीन पर सोयी एक महिला को जहरीले सांप ने डंस लिया. इससे महिला की तबीयत बिगड़ गई. बताया जाता है कि सोमवार की रात पंसुवा गांव निवासी सुनील लोहार की पत्नी अनिता लोहार अपने घर में जमीन पर सोयी हुई थी. इसी दौरान एक जहरीले सांप ने अनिता लोहार के पैर में डंस लिया. पैर में कुछ काटे जाने का एहसास होने पर अनिता लोहार ने देखा उसके पैर के पास एक जहरीला सांप पड़ा है. इसकी जानकारी अनिता ने अपने घर वालों को दी. देर रात लगभग दो बजे महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां महिला की स्थिति में सुधार है. अस्पताल के डॉ. अंशुमन शर्मा ने कहा कि महिला का इलाज चल रहा है.

# सांसद ने 532 विद्यार्थियों के बीच बांटी साइकिल


प्रखंड कार्यालय मेंछात्र को साइकिल देती सांसद जोबा माझी.


**संवाददाता । चक्रधरपुर**

उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सोनुवा और गोईलकेरा प्रखंड में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित थीं. गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 6 स्कूलों के करीब 358 एवं सोनुवा में 3 स्कूल के कुल 174 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया. कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी ने कहा कि सरकार का प्रयास सबको शिक्षा प्रदान करना है, ताकि शिक्षित समाज का निर्माण हो. साइकिल देने का उद्देश्य है सभी बच्चे समय पर स्कूल पहुंचें. सोनुवा कार्यक्रम में बीडीओ गिरिवर मिंज, जिप सदस्य जगदीश नायक, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष दीपक प्रधान, मुखिया सोहन माझी, कल्याण पदाधिकारी सत्यनारायण मुंडा, पूर्व मुखिया जानकी हेम्ब्रम, हेमचंद महतो, डॉक्टर महतो, दीपक माझी आदि उपस्थित थे. वहीं गोइलकेरा कार्यक्रम में बीडीओ विवेक कुमार, बीईईओ लखिन्द्र नाथ सोरेन, जिप सदस्य ज्योति मेराल, प्रमुख निरूमनी कोड़ा, बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान आदि मौजूद थे.

# भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचाया : चंदन

- युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**संवाददाता । चाईबासा**


कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य.

कांग्रेस भवन चाईबासा में मंगलवार को युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता नवमनोनित कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष बिपिन बिरूली ने किया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक चंदन कुमार राय उपस्थित थे. कार्यक्रम में सर्वप्रथम नवमनोनित प्रदेश सचिव सुरेश संवैया, मनोहरपुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र बोयपाई, कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष बिपिन बिरूली को पुष्प माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि राष्ट्रीय समन्वयक चंदन कुमार राय ने कहा कि देश में मंहगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर भाजपा द्वारा पहुंचा दिया गया है. इसको लेकर चाईबासा युवा कांग्रेस आम जनमानस में इस मुद्दे को लेकर घर-घर जाकर लोगों को बताने का काम करेगी.

बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू कायम, जिला प्रवक्ता जगदीश सुंडी,जिला महासचिव सह सोशल मीडिया संयोजक मोहम्मद सलीम, जिला महासचिव सन्नी पाट पिंगुवा, जिला सोशल मीडिया संयोजक रवि कच्छप, चाईबासा विस उपाध्यक्ष जीतेंद्र गोप आदि उपस्थित थे.

### 30 दिनों में संगठन का करना है विस्तार : प्रीतम बांकिरा

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के निर्देशानुसार अगले 30 दिनों में हर हाल में संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार करना है. इसलिए विधानसभा अध्यक्ष और सभी प्रखंड अध्यक्ष पंचायत का दौरा कर संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं. 25 से 30 जुलाई के बीच युवा कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. इसमें जिला कमेटी से लेकर बूथ कमेटी तक के पदाधिकारियों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा. बांकिरा ने कहा कि युवा कांग्रेस संगठन जिला में सबसे मजबूत युवा संगठन है. कांग्रेस गठबंधन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाना है. बैठक को कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव दीनबंधु बोयपाई ने भी संबोधित किया.

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच मनाया कार्मेल दिवस


कार्मेल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र-छात्राएं.

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर के कार्मेल विद्यालय में मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच कार्मेल दिवस मनाया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि चक्रधरपुर के बीईईओ तपन सतपति उपस्थित थे.

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्मेल रानी की तस्वीर के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय की छात्राओं ने कार्मेल रानी गीत, मंगलाचरण व स्वागत गान पेश किया. इसके बाद कार्मेल उच्च, कार्मेल बालिका मध्य व कार्मेल बालक मध्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने गीत, नाटक, नृत्य, कविता, कव्वाली, शायरी प्रस्तुति किए.इस दौरान मैट्रिक में बेहतर अंक लाने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया.

बीईईओ तपन कुमार सतपति ने टॉपर विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया. समारोह को विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक पौलुस बोदरा, नोअस जामुदा, कारमेल उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता मिंज, बालका मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर फ्रांसिस्का किस्पोटा, बालक मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर अनिमा तिग्गा ने भी संबोधित किया. मौके पर विद्यालय के शिक्षक लाल बिहारी नापिता, अरविंद टोप्पो, सिस्टर माला, सिस्टर ज्योति, अंथोनी कन्डूलना,सिस्टर अनिमा केरकेट्टा, सिस्टर ज्योति, बकलेश महतो समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.


छात्र को पुरस्कृत करते बीईईओ.

**आस्था**

### चांडिल गुंडिचा मंदिर से निकली बाहुड़ा रथ यात्रा में काफी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

# प्रभु जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ पहुंचे श्रीमंदिर

**संवाददाता । चांडिल**

महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंदिर से श्री मंदिर लौट आए हैं. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार को बाहुड़ा रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई. चांडिल में नागा संन्यासियों द्वारा निकाली जाने वाली रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डोर खींचने के लिए उमड़े. चांडिल स्टेशन के निकट स्थित मौसीबाड़ी से महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा तीन अलग-अलग रथ पर सवार होकर श्री मंदिर लौट आए हैं. इसके पूर्व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती के नेतृत्व में सुबह तीनों विग्रहों की पूजा-अर्चना की गई और भोग लगाया गया. वहीं श्री साधु बांध मठिया मठ नागा संन्यासी आश्रम में भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी. महाप्रसाद पाने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मठ पहुंचे थे. चांडिल स्टेशन से निकलकर रथ यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग 32 होते हुए साधु बांध मठिया स्थित श्री मंदिर पहुंचा. रथ यात्रा के दौरान गाजे बाजे के साथ लोग नाचते-घूमते नजर आए. रथ खींचने के लिए आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव आदि भी पहुंचे थे.


बाहुड़ा रथ यात्रा में शामिल महंत व अन्य श्रद्धालु.

### चक्रधरपुर : रथ के ऊपर से श्रद्धालुओं के बीच बांटा प्रसाद



**चक्रधरपुर ।** शहर की पुरानीबस्ती स्थित मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) से सोमवार की शाम निकाली गई बाहुड़ा यात्रा मंगलवार को संपन्न हुई. भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मंगलवार को श्री मंदिर पहुंचे. सोमवार को बाहुड़ा रथयात्रा के पहले दिन प्रभु जगन्नाथ के रथ को विश्राम के लिए पुरानी बस्ती स्थित गणेश मंदिर के समीप रोक दिया गया था. मंगलवार की शाम पुनः श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ रथ को खींचा. इस मौके पर चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने भी पुरानी बस्ती पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ रथ खींचा. रथ के ऊपर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद उछाल कर बांटे गए. पुरानी बस्ती में लोग अपने घरों के बाहर प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के दर्शन व स्वागत के लिए आरती की थाली लेकर मौजूद थे. गणेश मंदिर से रथ को खींचते हुए श्रद्धालु श्री मंदिर तक लेकर पहुंचे. इसके बाद श्री मंदिर में प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रक की चपेट में आने से महिला जख्मी

**हजारीबाग।** कटकमसांडी मुख्य मार्ग स्थित छलटा मोड़ इन दिनों डेंजर जोन बन चुका है. आए दिन इस स्थान पर सड़क हादसा होता रहता है और परिवहन विभाग मौन है. मंगलवार को अहले सुबह हजारीबाग से तीव्र गति से कटकमसांडी की ओर जा रहे सीमेंट लदे ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई और ट्रक पलट गया. यह ट्रक चतरा की बताई जा रही है.

### 1932 का खतियान लागू करने पर जोर

**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की बैठक चौपारण प्रखंड में की गई. बैठक में सर्वसम्मति से 1932 का खतियान झारखंड में लागू करने, आधुनिक एवं रोजगार परख शिक्षा पर जोर, झारखंड की राजनीति में झारखंडियों को विशेष स्थान देने पर विचार विमर्श किया गया. इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में खतियानी परिवार से प्रत्याशी उतारने, चौपारण बहेरा आश्रम में अवैध तरीके हड़पी जा रही जमीन पर आंदोलन करने, किसी बाहरी प्रत्याशी को अपना मत नहीं देने का निर्णय लिया गया. मौके पर मो हकीम, डॉ सीपी दांगी, अभयकांत मेहता, सौरभ सिन्हा, सूर्यदेव सिंह, अक्षय कुमार, प्रवीण सिंह, सुनील कुमार यादव, कैलाश ठाकुर, सुबोध कुमार, मुनेश्वर सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### कोडरमा में अवैध खनन में लगी जेसीबी जब्त

**कोडरमा।** जिले के वन परिक्षेत्र में सोमवार की रात वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जेसीबी जब्त किया है. रेंजर रामबाबू कुमार के नेतृत्व में डोमचांच क्षेत्र के ढोलाकोला जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई. प्रभार वनपाल प्रभारी सुजीत कुमार सोनी ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर में छापेमारी कर अवैध खनन में एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया जबकि चालक फरार हो गया. उन्होंने बताया कि इन पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा. जब्त वाहन को कोडरमा वन विभाग परिसर में रखा गया है. टीम में वनरक्षी हीरामन उरवा, पंकज कुमार दास के अलावा होमगार्ड के जवान शामिल थे.

नैंसी सहाय ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा-जिलेवासियों का हित सर्वोपरि

# उपायुक्त के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाई गुहार

संवाददाता। हजारीबाग



जनता दरबार में लोगों की शिकायतें सुनतीं उपायुक्त नैंसी सहाय.

उपायुक्त नैंसी सहाय ने साप्ताहिक जनता दरबार में मंगलवार को लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई कर ऑन स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया. इस दौरान दिव्यांग, भूमि अतिक्रमण, रोजगार, मुआवजा, विद्युत, दाखिल खारिज आदि मामलों की शिकायतें सुनी गईं. इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिलेवासिओं के हित सर्वोपरी हैं. इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है. जनता दरबार में खपरियावां निवासी रखी देवी ने अपनी पति की मृत्यु हाथी के कुचलने के कारण अपने परिवार के भरण पोषण हेतु रोजगार की गुहार लगाई. ग्राम चरनखिया थाना दारू के मोहम्मद आलम ने जबरन गृह निर्माण करने एवं जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपायुक्त के समक्ष अपील की जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया. ग्राम रोमी थाना पद्मा हजारीबाग के दिनेश्वर राम ने ऑनलाइन आवेदन शुल्क को जमा कर देने के बावजूद भी नापी हेतु कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया जिस पर उपायुक्त ने को पदमा सीओ को मामले की जांचोपरांत करवाई करने निर्देश दिया. इसके अलावे डोमान भुइयां कर्मा ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी नहीं मिलने, अशोक नारायण ग्राम परासी ने गलत तरीके से रसीद निर्गत को करते हुए एलपीसी पर रोक लगाने के संबंध में, सुरेश मलहार ग्राम सायल केरेडारी ने बंदोबस्ती के संबंध में, ममता देवी चौपारण ने जानमाल की सुरक्षा को लेकर, बबिता कुमारी न्यू कॉलोनी जबरा ने रास्ते में चहारदीवारी के संबंध में तथा डॉली देवी दारू ने दाखिल खारिज करने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया. उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया दिया.

## थाना दिवस पर अफसरों ने सुनी फरियादियों की शिकायत

संवाददाता। रामगढ़



रजरप्पा थाना परिसर में लोगों की शिकायत सुनते पदाधिकारी.

जिला प्रशासन की ओर से दिये गये निर्देश के तहत मंगलवार को रजरप्पा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य रूप से उपस्थित चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिंज, दुलमी सीओ मदन महली व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय मौजूद थे. इस दौरान थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग यहां पहुंचकर अपनी अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा. अधिकांश मामले जमीन से जुड़े हुए थे, जिसमें दस्तावेजों को लेकर कई विवाद उजागर हुए. चितरपुर सीओ और थाना प्रभारी ने मामले को लेकर दस्तावेजों की जांच की. जिन मामलों का निपटारा हो सका उस पर निर्देश जारी किए और कुछ मामलों को विचाराधीन रखा गया. उन्होंने बताया कि प्रत्येक बुधवार को थाने में बैठक आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उसका निपटारा किया जाएगा. मौके पर रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक अशोक कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे.

# न सुविधा-न सुरक्षा ये कैसा शादी घर

**न गार्ड है, न सीसीटीवी कैमरा, किराए की जमीन पर खोला जा रहा बैंक्वेट हॉल**

**भीड़ की आड़ में खाने-पीने के बाद घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं चोर**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में शादी घरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. कोई खाली जमीन पर पंडाल लगाकर बुकिंग कर रहा है, तो कोई एस्बेस्टस सीट डालकर शादी घर बना रहा है. इनमें व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है. न कैमरा लगा हुआ है और न सिक्योरिटी गार्ड है. इसके बावजूद लोग इन घरों में विवाह समारोह आयोजित कर रहे हैं, क्योंकि सुविधा संपन्न शादी घरों को 24 घंटे के लिए बुक करने के लिए एक लाख से लेकर चार लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं वह भी तीन महीने पहले. सुविधा विहीन शादी घरों में चोर आसानी से प्रवेश कर रहे हैं और पार्टी में घुसकर खा-पीकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. दरअसल, हजारीबाग जिले में लगभग प्रत्येक दिन कोई न कोई नया शादी घर, बैंक्विट हॉल खुल रहा है. ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि अब आम लोग भी परेशानी से बचने के लिए शादी घरों में विवाह समारोह आयोजित करना पसंद कर रहे है. सुविधा विहीन शादी घरों में चोर उचक्के भी खूब देखे जाते हैं. वे भीड़ की आड़ में न केवल खाते-पीते हैं, बल्कि घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं और उनकी पहचान भी नहीं हो पाती है. भुक्तभोगी अनजाने में अपने ही लोगों पर शक करता है, जिससे परिवार के बीच खटास भी आने लगती है. ऐसा ही एक ताजा मामला बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित दीक्षित ग्रेड मैरेज हॉल में सामने आया है.11 जुलाई को एक लड़की पक्ष ने बैंक्विट हॉल को बुक किया था. बारात आई तो कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने भी बैंक्विट हॉल प्रवेश किया और पार्टी के बीच शामिल हो गए. खूब खाना खाया, मौज मस्ती की, फिर मौका पाकर एक पक्ष के ज्वेलरी लेकर फरार हो गये. इसके बाद भुक्तभोगी ने बड़ा बाजार थाने में आवेदन दिया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 जुलाई को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.



### ऐसी ही स्थिति रही तो होटल में शादी का चलन हो जाएगा बंद

इस संबंध में बिहार के राज बिहारी ने बताया कि बैंक्विट हॉल और शादी घरों में शादी करना आसान होता है, समय भी बचता है और परेशानियां भी कम होती हैं. लेकिन कुछ बैंक्विट हॉल और शादी घर में कोई व्यवस्था नहीं होती है. वहीं लड़के पक्ष से शादी घरों की मांग भी की जाती है, जिसकी वजह से शादी घर की तलाश तीन महीने पहले शुरू कर दी जाती हैं. बड़े शादी घरों का रेट आसमान छू रहा है. ऐसे में छोटे बैंक्विट हॉल और शादी घर की बुकिंग तो करते हैं, लेकिन वहां न सिक्योरिटी गार्ड की सुविधा होती है और न ही सीसीटीवी कैमरा लगा होता है. संचालक कोई जिम्मेवारी नहीं लेता है. यही कारण है कि बाहरी लोग होटल में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं, कुछ खाना खाने की नीयत से आते हैं, तो कुछ असामाजिक तत्व चोरी करने की नीयत से तो कुछ महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने आते हैं. ये लोग आसानी से घटना को अंजाम देकर चले जाते हैं, जिनकी पहचान करनी नामुमकिन हो जाती है. यही कारण है कि असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है. उन्होंने यह कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में होटल में विवाह होना बंद हो जाएगा, क्योंकि आज से 25 साल पहले लोग मंदिर में शादी करते थे, जहां उन्हें काफी सहूलियत होती थी, लेकिन कुछ अज्ञात लोग मंदिर में भी हुड़दंग करने लगे और लोगों को परेशान करने लगे. इसके बाद मंदिर में शादी करने वालों की संख्या कम होती चली गई और होटल में शादी होने लगी, लेकिन यहां भी अब लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में संस्कृति ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा आरंभ

# 'भारतीय संस्कृति आध्यात्मिकता व भौतिकता का अद्भुत समन्वय'



सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित संस्कृति ज्ञान महा अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता.

संवाददाता। रामगढ़

**खास बातें**

- कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की अलख जगाना
- उपस्थित बच्चों को कई तरह की जानकारियां दी गईं

रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को संस्कृति ज्ञान महा अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसका उद्घाटन मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं रांची विभाग के संस्कृति बोध के संयोजक मिथिलेश कुमार खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की अलख जगाना तथा विश्व में भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को बताना है. उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर के रूप में वेद, पुराण, महाभारत, रामायण, रामचरितमानस के साथ हमारे पुराने रीति रिवाज भी हैं, जो हमें हमारी विशिष्ट संस्कृति से अवगत कराते हैं. मौके पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा. पूर्वजों के जमाने से जो रीति -रिवाज समाज में प्रचलित थे, उसे जानना होगा तभी हम भारतवर्ष को पुनः सिरमौर बना सकते हैं. पुराण आदि धर्म ग्रंथ इस बात के प्रमाण हैं कि यदि संसार में सभ्यता संस्कृति विकसित हुई तो भारतवर्ष से ही हुई हैं. तत्पश्चात उपस्थित बच्चों को कई तरह की जानकारियां दी गई. संचालन डॉ. गायत्री पाठक व धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार खन्ना ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह, बचूलाल तिवारी, अमरदीप नाथ सहदेव, इंद्रजीत सिंह, दिलीप सिंह, अनिल त्रिपाठी, शेखर कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही. मौके पर विद्यालय के तमाम शिक्षकों के अलावे छात्र छात्राएं मौजूद थे.

# ट्रक पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल, सहचालक बाल-बाल बचा

संवाददाता। चौपारण




दुर्घटना स्थल पर पलटा ट्रक और उससे घायल को निकालते लोग.

प्रखंड के दनुवा घाटी के के बाद एचपी पेट्रोल पंप से समीप एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया हुआ, जिसमें ट्रक चालक का गंभीर रूप हो घायल हो गया और उपचालक बाल-बाल बच गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रक कोलकाता से परवल लोड कर दिल्ली जा रहा था. इसी क्रम में जीटी रोड दानुवा घाटी स्थित एचपी पंप के समीप एक स्कॉर्पियो ने चकमा दिया, जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और ट्रक में लदा सारा परवल सड़क पर गिर गया. ट्रक पलटने से वाहन का अगला हिस्सा दब गया, जिससे चालक सन्नी कुमार, पिता कारू मंडल, ग्राम ढोढा धमौल, जिला नवादा बिहार का पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना स्थल पर पहुंचे एनएचएआई की एम्बुलेंस ने तत्काल चौपारण पुलिस को इसकी सूचना दी. घटना स्थल पर पहुंची पुलिस एवं वहां मौजूद लोगों ने मिलकर चालक को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां चालक की स्थिति गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे बंगाल दुर्गापुर रेफर कर दिया गया.

डीएवी बरकाकाना में अंतरर्सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी प्रतियोगिता में 31 अंक के साथ द्रोण सदन को प्रथम स्थान

संवाददाता। रामगढ़



डीएवी स्कूल बरकाकाना में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे.

डीएवी बरकाकाना में अंतरर्सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नवम से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया. बच्चों को चार अलग-अलग विषय दिए गए, जिन्हें लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चुना गया. प्रत्येक बच्चे को पक्ष और विपक्ष में बोलने के लिए दो-दो मिनट का समय प्रदान किया गया. हिंदी प्रतियोगिता में 31 अंक के साथ द्रोण सदन को प्रथम, 27 अंक के साथ अगस्त्य सदन को द्वितीय एवं 21 अंक के साथ वशिष्ठ सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. वहीं अंग्रेजी में परशुराम सदन को 34 अंक के साथ प्रथम, अगस्त्य सदन को 27 अंक के साथ द्वितीय व वशिष्ट सदन को 23 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उदय नाथ मिश्रा एवं सरोज कुमार चौधरी ने निभाई. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मो. मुस्तफा मजीद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं को आयोजित करने से बच्चों की सोच में और बोलने की क्षमता दोनों का विकास होता है. ऐसे बच्चे भविष्य में अच्छे वक्ता बनकर देश को सही दिशा और दशा प्रदान करने में सहायक होते हैं. इस आयोजन ने बच्चों के आत्मविश्वास और वाद-विवाद कौशल को प्रोत्साहित किया, जिससे उनकी सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान हुआ है.

# मुहर्रम को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई

संवाददाता। हजारीबाग

- त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न कराने की कवायद

उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के संयुक्त आदेशानुसार बुधवार को को मुहर्रम का त्योहार शौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु सदर अनुमंडल क्षेत्रांतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है, ताकि किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो. यह निषेधाज्ञा आदेश 15 जुलाई से 19 जुलाई तक 6.00 बजे पूर्वाह्न से 10 बजे रात्रि तक लागू रहेगी. इसके तहत जिला दंडाधिकारी से अनुमति के उपरांत ही धार्मिक जुलूस निकाला जायगा. पूर्व से रिकार्ड किये गये संगीत या डीजे बजाना निषिद्ध है. सभी धार्मिक स्थानों यथा मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा में किसी प्रकार का धार्मिक कार्यक्रम, सभा, गोष्ठी, जलसा आदि का आयोजन निषेध रहेगा. रात्रि 10.00 बजे के बाद धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा. मुहर्रम पर्व के अवसर पर सोशल मीडिया मंचों पर भड़काऊ सांप्रदायिक भाषण/ शब्दों/ मैसेज ऑडियो/ वीडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध रहेगा. उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति/ एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी. किसी प्रकार का अफवाह फैलने पर उस स्थान पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी, पूरी कर्मठता एवं विवेक से उससे निपटने हेतु द्रुतगामी उपलब्ध साधन से वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे. यह निषेधाज्ञा प्रतिनियुक्त पुलिस बल/कर्मचारी/ पदाधिकारी/ शादी-विवाह / शव यात्रा पर लागू नहीं रहेगी.


**धर्म-कर्म** श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ का प्राण प्रतिष्ठा दो वर्ष पूर्व किया गया था

# भव्य भंडारे के साथ नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ समापन

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग के दक्षिणी शिवपुरी में श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में हो रहे 11 दिवसीय नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ पूर्णाहुति के उपरांत भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ. बताते चलें कि अहले सुबह से ही यज्ञाचार्य जगदीश दास एवं वाराणसी, मथुरा से आए विद्वतजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान एवं यजमान सह दक्षिणी शिवपुरी काली पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने पूजा अर्चना के उपरांत हवन किया. यज्ञ के सफल समापन पर अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि मंदिर प्रांगण में हमेशा यह महसूस होता है कि मां काली यहां स्वयं विराजमान है, जिनके आशीर्वाद से हर पूजन अनुष्ठान निर्बाध संपन्न होता है. वहीं मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हर सफल आयोजन में सहयोगियों की अहम भूमिका होती है. हम सभी शिवपुरीवासी एक परिवार के लोग हैं, जिसके परिणाम स्वरूप यहां हर आयोजन ऐतिहासिक और अद्वितीय रहता है. बताते चलें कि श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ का प्राण प्रतिष्ठा दो वर्ष पूर्व हुआ था, जिसका द्वितीय वर्षगांठ के साथ नवग्रह का प्राण प्रतिष्ठा व पुनर्नुष्ठान भी किया गया. ज्ञात हो कि श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ में मां काली, मां दुर्गा, दस महाविद्या, शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान, बटुक भैरव, श्री राम दरबार, भगवान भास्कर, भगवान ब्रह्मा, चित्रगुप्त भगवान, भगवान विश्वकर्मा, वरुण देव, राधे कृष्ण, नवग्रह सहित दर्जनों देवी देवताओं की प्रतिमा को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था. मौके पर डॉ ( प्रो ) प्रदीप कुमार प्रधान, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, झामुमो नेता कमलनयन सिंह, झामुमो नेता दिलीप वर्मा, भाजपा नेता अमरदीप यादव, शंभू सिन्हा अनिल मिश्रा, अजय सिन्हा, निशांत कुमार प्रधान, चंदन पाठक, विनय कुमार, राजकिशोर प्रसाद, बैजनाथ लाल, मिथलेश कुमार सिन्हा, कुंदन पाठक, अमरेश कुमार सिंह, निशिकांत सिंह, मदन मोहन प्रसाद, अंजनी कुमार सिन्हा, सतीश कुमार, शनि सिंह, सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, मिताली रश्मि, राखी सिंह, लक्ष्मी देवी, संदीप सौरभ, राजीव प्रताप, अजय कुमार, मुकेश कुमार सिंह, अमित सिन्हा, श्रीकांत कुमार , संजीव कुमार , मोहित प्रधान, उदय कुमार, चंदन कुमार, सहित शिवपुरी व शहरी क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष शामिल थे .

**श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ बना धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु**



श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में लगाए गए भंडारे में उपस्थित लोग.

# अंतिम दिन पूर्णाहुति और भंडारे में उमड़ पड़े श्रद्धालु

संवाददाता। हजारीबाग

**खास बातें**

- ओकनी बड़ा शिव मंदिर में श्री शतचंडी महायज्ञ संपन्न
- जय मां अंबे भजन मंडली के कलाकारों ने बांधा समां

ओकनी बड़ा शिव मंदिर में मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ का समापन हो गया. अंतिम दिन पूर्णाहुति और भंडारे में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी. सभी लोगों ने भंडारे में महाभोग ग्रहण किया. शिवनगरी वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री के नेतृत्व में उपाचार्य पं. रंधीर और कथावाचक पंडित दिलीप पांडेय के सहयोग से वैदिक रीति-रिवाज से मंदिर में स्थापित श्रीगणेश, गौरी व 'शिव-शक्ति' के साथ नंदी की भक्तिभाव, श्रद्धा और आस्था से पूजा-अर्चना की गई. फिर महाआरती और क्षमा प्रार्थना में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही. जय मां दुर्गे, हर हर महादेव, जयश्रीराम, जय वीर हनुमान के जयकारों से माहौल गुंजायमान हुआ. श्रद्धालुओं ने स्थापित देवी-देवताओं से आशीर्वाद ग्रहण किया. सोमवार की रात प्रवचनकर्ता ज्योति शास्त्री ने शिव और शक्ति की आराधना के महत्व पर प्रवचन देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया. देर संध्या जय मां अंबे भजन मंडली के कलाकारों ने भक्ति जागरण का रंग बिखेर सभी को अध्यात्म के सागर में गोते लगाने को मजबूर कर दिया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा नीच का है. किसी से विवाद हो सकता है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें.

**वृषभ** जीवनसाथी का सहयोग बढ़ेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इत्र का दान करें.

**मिथुन** कोई बड़ा जोखिम नहीं लें. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. अच्छे सच्चे मित्र मिलेंगे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है.

**कन्या** कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. किसी नए कार्य की चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** दिन खुशनुमा होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** कोई यात्रा का योग है.धर्म में मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. अपने इष्ट देवता का पूजन करें.

## कलाकारों ने लिया भाग, बांधा समां

**सिमडेगा।** रांची स्थित जगन्नाथपुर रथ मेला के अवसर कला संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के चक्रीय विकास संस्थान द्वारा संचालित छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कलाकारों ने निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के निर्देशन में चांवर पैकी नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया. मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा. कलाकारों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. मौके पर दल नायक अर्जुन नायक, शिलो नायक, नेतर नायक, पारस नायक, राजेंद्र नायक, सुषमा कुमारी, सरिता कुमारी, अर्चना, ब्यूटी रोज केरकेट्टा, अमृता बुड़ लक्ष्मी कुमारी सहित कई उपस्थित थे.

## अखाड़ा कमेटी के साथ की बैठक



**सिमडेगा।** मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में मुहर्रम त्योहार, 2024 के अवसर पर अखाड़ा का आयोजन किए जाने वाले अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष और सचिव के साथ बैठक की गई. जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा मुहर्रम त्योहार के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए, साथ ही मुहर्रम के निमित पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था एवं एहतियातन हेतु निर्देश दिए. बैठक में अखाड़ा के अध्यक्ष एवम सचिव, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के सचिव, सदस्य तथा सिटी मैनेजर, नगर परिषद, सिमडेगा, अंचल निरीक्षक सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, सिमडेगा, अंचल अधिकारी, सिमडेगा एवं पुलिस उपाधीक्षक (मु०) सिमडेगा उपस्थित थे.

### नेतरहाट में तीन दिवसीय पर्यटन महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया

# ततहा पानी गर्म जलकुंड को श्रेणी डी अधिसूचित करने का निर्णय

संवाददाता। लातेहार



जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की हुई बैठक में शामिल अधिकारी.

सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में लातेहार जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों को विकसित करने को ले कर विचार विर्माश किया गया. चिन्हित किए गए पर्यटक स्थलों में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी. लातेहार प्रखंड के ततहा पानी गर्म जलकुंड को श्रेणी डी अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया. जिले के पर्यटक स्थलों की देखरेख एवं पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन करने एवं नेतरहाट में एस्ट्रो पार्क एवं डिजिटल प्लेनेटेरियम, स्पेश एंड एस्ट्रोमॉनी एजुकेशन सेंटर की स्थापन हेतु अनुशंसा पत्र उपलब्ध करने तथा तीन दिवसीय पर्यटन महोत्सव नेतरहाट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. इसके लिए पर्यटन विभाग के नोडल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से क्षेत्र भ्रमण कर पर्यटन एवं खेल के विकास के कार्य योजना बनाने एवं संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया.बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, मनिका विधायक हरिशंकर प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पर्यटन कोषांग संजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो व पर्यटन सूचना समन्वयक गोविंद पाठक आदि मौजूद थे.

## पुलिस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण और पदस्थापन

**गुमला।** गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला के सात पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. जिन पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है उनमें चैनपुर के थाना प्रभारी अजय यादव को पुलिस केंद्र गुमला और बिशुनपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन चौधरी को चैनपुर का नया थाना प्रभारी मनोनीत किया है. इसी तरह पुलिस केंद्र गुमला से हिमांशु शेखर सिंह को गुमला थाना, पुलिस केंद्र से ही लिखन हेम्ब्रम को एसटी एससी थाना, बसिया थाना से अनवर अंसारी को पुलिस केंद्र गुमला, जारी थाना से सगीर आलम को करंज थाना और करंज थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामांकत सिंह को गुमला थाना में पदस्थापित किया है. एसपी ने तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन पर योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों का दौरा, बोले

# 21-49 वर्ष तक की सभी महिलाओं को मिलेगा एक-एक हजार रुपये

**खास बातें**

- ठगों से जनता रहे सावधान, चुने अपना असली सेवक
- दुलदुलवा में 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

संवाददाता। गढ़वा



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गावों का दौरा किया. इस दौरान मंत्री ठाकुर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए. उन्होंने क्षेत्र की समस्या से अवगत होते हुए यथाशीघ्र निदान करने की बात कही. इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने दुलदुलवा में बरवाही शिव मंदिर के समीप, पेंदली में बजरंग बली मंदिर के समीप, ग्राम गोबरदाहा में तेलईदह शिव मंदिर के समीप, ग्राम चामा में शिवनाथ विश्वकर्मा के घर के समीप आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया. वे ग्रामीणों एवं क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए. साथ ही ग्राम नवादा में मुहर्रम कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम तथा गढ़वा प्रखंड के करके ग्राम में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री ने भाग लिया. ग्रामीणों एक कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया. इस दौरान झारखंड सरकार के कार्यां से प्रभावित होकर दुलदुलवा में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये.

### गढ़वा की जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि वे ग्रामीणों की हर समस्या दूर करने के लिए तत्पर हैं. जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना है तब से वे लगातार क्षेत्र में रह कर जनता के हर सुख-दुख में साथ हैं. मंत्री ने कहा कि वे झूठ एवं फरेब की राजनीति नहीं करते हैं. सच्चे मन से जनता की सेवा करते हैं. यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा में चप्पे-चप्पे पर विकास की किरण दिखाई पड़ रही है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता झूठे एवं फरेब लोगों से सावधान रहे. पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है. ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ चुका है. आगामी विधानसभा चुनाव में जनता खुद ही विकास विरोधियों, झूठे एवं फरेबियों का जमानत जप्त कराने को तैयार है. जनता इस बार बता देगी कि झूठ एवं फरेब से नहीं विकास कार्यों पर वोट मिलता है. कौन जनता का हितैशी है और कौन विकास विरोधी है इसका जवाब जनता देगी. उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि सरकार के कार्यां से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से लगातार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रख कर विकास योजनाओं को संचालित किया जा रहा है. पहले बुजुर्ग लोग पेंशन के लिए इंतजार करते थे कि उनके गांव का कोई मरेगा तब उनका नाम जुड़ेगा लेकिन अब अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति के सभी लोगों व 50 वर्ष के उपर की सभी महिलाओं को पेंशन मिल रहा है. मंत्री ने कहा कि आगामी अगस्त माह से 21 से 49 वर्ष तक की वैसी सभी महिलाएं जो नौकरी नहीं करती हैं तथा इनकम टैक्स नहीं देती हैं. उन्हें प्रत्येक माह एक-एक हजार रूपये उनके खाते में चला जायेगा.

### राज्यपाल रघुवर दास के बेटे पर मारपीट का आरोप

# मारपीट का आरोप लगाने वाले अधिकारी का तबादला

- राज्यपाल सचिवालय में तैनात संसदीय कार्य विभाग के सहायक अनुभाग अधिकारी बैकुंठ प्रधान का गृह विभाग में स्थानांतरण

संवाददाता। भुवनेश्वर/ रांची

झारखंड के पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के बेटे ललित कुमार पर मारपीट का आरोप लगाने वाले सहायक अनुभाग अधिकारी बैकुंठ प्रधान का तबादला कर दिया गया है. प्रधान को पुरी राजभवन से गृह विभाग में भेज दिया गया है. एक आधिकारिक आदेश में कहा गया कि संसदीय कार्य विभाग में सहायक अनुभाग अधिकारी एवं वर्तमान में राज्यपाल सचिवालय में तैनात प्रधान को तत्काल प्रभाव से गृह विभाग में स्थानांतरित और तैनात किया जाता है.

**प्रधान की पत्नी का आरोप, वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिला, इसलिए मेरे पति को पीटा :** बता दें कि प्रधान की पत्नी सयोज ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि सात जुलाई को पुरी स्थित राजभवन में दास के बेटे ललित कुमार और उनके पांच साथियों ने उनके पति के साथ मारपीट की थी. उन्होंने कहा कि सात जुलाई की रात को राज्यपाल के बेटे ने मेरे पति को अपने कमरे में बुलाया और उन्हें बुरी तरह पीटा. वह खुद को बचाने के लिए बाहर आये, लेकिन दो लोगों ने उन्हें घसीटकर पीटा. वह बुरी तरह घायल हैं. उन्हें इसलिए पीटा गया, क्योंकि उन्हें (राज्यपाल के बेटे को) स्टेशन से लेने के लिए एक लग्जरी कार चाहिए थी, लेकिन उस दौरान राष्ट्रपति के दौरे के कारण कई गाड़ियां ड्यूटी पर थीं. उनके पति ने एक मारुति सुजुकी कार भेजी, जो उपलब्ध थी. उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिला इसलिए उन्होंने मेरे पति को पीटा. वह अभी भी घायल हैं. पति राज्यपाल से भी मिले, लेकिन उन्होंने अच्छा जवाब नहीं दिया. हमने पुरी बीच पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करायी है. हम चाहते हैं कि आरोपियों को सजा मिले और हमें न्याय मिले.

### बैकुंठ प्रधान ने प्रधान सचिव से भी की थी शिकायत

मालूम हो कि राजभवन में कार्यरत बैकुंठ प्रधान ने राज्यपाल के प्रधान सचिव से भी लिखित शिकायत की थी. बैकुंठ प्रधान ने अपनी शिकायत में कहा था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रथ यात्रा के लिए दो दिवसीय दौरे (7 और 8 जुलाई) पुरी दौरे पर थीं. दो दिवसीय दौरे को लेकर उनकी तैनाती पुरी राजभवन में थी. सात जुलाई की रात करीब 11:45 बजे राज्यपाल के निजी रसोइये आकाश सिंह ने उनको बताया कि ललित कुमार उनसे मिलना चाहते हैं. बैकुंठ प्रधान ने शिकायत में कहा कि वे जैसे ही उनके कमरे में गये तो ललित उनके साथ गाली-गलौज करने लगा.

### लगाया आरोप- रात भर ललित ने मारपीट की थी

प्रधान ने शिकायत में कहा था कि राज्यपाल के बेटे ने सुबह 4:30 बजे तक उसे थप्पड़ और लात-घूंसे मारे. हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी.

# आदिवासी जमीन पर निर्माण कार्य कराने की उपायुक्त से शिकायत की



उपायुक्त को लिखित शिकायत पत्र सौंपते दिलीप.

संवाददाता। सिमडेगा

कांग्रेस आदिवासी स्टेट कोर्डिनेटर दिलीप तिर्की ने बताया कि सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी जमीन पर कई ऐसे निर्माण हो रहे हैं, जो बिना नक्शा के ही बन रहे हैं. दिलीप ने बताया कि एक लिखित शिकायत प्रिंस चौक के पास आदिवासी जमीन पर हो रहे निर्माण के लिए किया गया. उसके बाद भी ढलाई का काम हो गया है. दिलीप ने कार्यपालक और सिटी मैनेजर से बात की लेकिन कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई. दिलीप ने यह भी कहा कि बार-बार सभी मामलों में नगर विकास विभाग के विषय में कहा जाता कि कोई चीज स्पष्ट नहीं किया जाता. इसलिए दिलीप ने जिला नगर परिषद के रास्ते नगर विकास सचिव से बात की. सचिव से बात करने के बाद भी अगर सही निर्णय नहीं होता है तो हम इस मामले को न्यायालय में ले जाएंगे.

### हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिले के प्रवासी मजदूर विदेश में फंसे

# कैमरून में फंसे हैं झारखंड के 27 मजदूर

संवाददाता। विष्णुगढ़



दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे प्रवासी मजदूर.

**खास बातें**

- वीडियो शेयर कर वतन वापसी की गुहार लगाई
- चार माह से कंपनी ने मजदूरी का भी भुगतान नहीं किया है

झारखंड के अलग-अलग जिले के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है. इस बार झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं. इनमें हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिले के मजदूर शामिल हैं. इन मजूदरों को पिछले चार माह से कंपनी भुगतान नहीं कर रही है. इससे इनके समक्ष खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया है. मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी दुर्दशा बताते हुए केंद्र और राज्य सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है. साथ ही बकाया वेतन का भुगतान कराने की मांग भी की है.

प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए पहल करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है. इसके पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर अधिक पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं. काफी मशक्कत के बाद उनकी वतन वापसी हो पाई थी. इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं. सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था की जरूरी है.

**ये प्रवासी मजदूरों फंसे हुए हैं** साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिचकी के सुकर महतो, डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अतकी के रमेश महतो व विजय महतो, दूधपनिया के दौलत कुमार महतो, हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अचलजामु के बिसुन, जोबार के टेकलाल महतो, खरना के छत्रधारी महतो व भीखन महतो, चानो के चिंतामण महतो और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कडरूखुटा के मोहन महतो, डेगलाल महतो, गोविंद महतो, चुरामन महतो, जगदीश महतो, मुरारी महतो, लखीराम, पुसन महतो, गोनियाटो के कमलेश कुमार महतो, महेश महतो, दामोदर महतो, मुकुंद नायक, नारायणपुर परमेश्वर महतो, घवाइया अनु महतो, धनेश्वर महतो, रालीबेडा शीतल महतो व कुलदीप हांसदा शामिल हैं.

**गोरखधंधा**

### पुलिस और वन विभाग की लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद माइका का अवैध कारोबार जारी

# माइका नगरी तिसरी की चमक फीकी, अपनी चमक बढ़ाने में लगे माफिया

- माफिया तत्व अब भी माइका की तस्करी कर अपनी चमक बढ़ाने में जुटे हुए हैं

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



अवैध माइका लदे पिकअप वाहन के साथ वन विभाग की टीम.

माइका कारोबार पर सरकार के प्रतिबंध के बाद माइका नगरी तिसरी की चमक फीकी ही पड़ गई है. लेकिन इस कारोबार से जुड़े कुछ लोग अब भी माइका की तस्करी कर अपनी चमक बढ़ाने में लगे हुए हैं. ये लोग रात-रात भर जागकर पूरी शिद्दत से अवैध कमाई में लगे हुए हैं. पुलिस व वन विभाग की कार्रवाई के बावजूद माइका की तस्करी जारी है. इससे विभागीय अधिकारियों व पुलिस पर ही प्रश्न चिह्न उठ रहा है.

**माइका के अवैध कारोबार में तिसरी के दो गुट सक्रिय :** माइका के अवैध कारोबार में तिसरी के दो गुट सक्रिय हैं. ये गिरिडीह और कोडरमा जिले में माइका की तस्करी करते हैं. दोनों गुटों की तस्करी का तरीका लगभग मिलता-जुलता है. फर्क सिर्फ इतना है कि इनमें से एक गुट माइका परिवहन के लिए बड़े वाहनों का इस्तेमाल करता है, जबकि दूसरा छोटे वाहनों का. एक गुट माइका की लोडिंग गोदाम से करता है, जबकि दूसरे में छोटे खरीदारों के यहां से होती है. दोनों ही गुट आधी रात के बाद माइका लोड वाहनों को स्कॉट कर गंतव्य तक ले जाते हैं.

### विभाग ने ढिबरा लोड पिकअप किया जब्त

वन विभाग ने एक बार फिर अवैध माइका कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की है. वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने तिसरी के घंघरीकुरा के पास अवैध माइका लोड एक पिकअप वाहन को जब्त कर लिय. हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर चालक और स्कॉट कर रहे तस्कर भागने में सफल रहे. इस मामले में वन विभाग ने मसनोडीह के कारोबारी मंटू मेहता, तिसरी के सोनू कुमार, पंकज कुमार और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है.

### नहीं थम रहा अवैध कारोबार

वन विभाग और पुलिस की गई लगातार कार्रवाई के बावजूद माइका का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है. अब भी रात के अंधेरे में जंगलों से माइका लोड कर इसकी तस्करी की जा रही है. विभाग द्वारा इतनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने के बावजूद माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे अपने धंधे को बदस्तूर जारी रखे हुए हैं.

# थाना परिसीमन मामले में जिला पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

संवाददाता। सिमडेगा

कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखंड में थाना परिसीमन से संबंधित मामले को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की. विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि ओड़गा पंचायत के सारुबहार आदि गांव जलडेगा थाना से जुड़ा हुआ है जबकि सारुबहार ओड़गा थाना के नजदीक है. ठीक इसके विपरित केलुगा मयमडेगा ओड़गा थाना से जुड़ा हुआ है, जबकि जलडेगा थाना इसके लिए नजदीक है. अगर देखा जाए तो दोनों एरिया के लोगों को वर्तमान थाना की दूरी 15 से 20 किलोमीटर पड़ता है. अगर दोनों के परिसीमन अपने-अपने नजदीकी थाना में कर दिया जाता है तो बहुत अधिक तो 4 से 5 किलोमीटर हो जाएगा. इसलिए इसे नजदीकी थाना में सम्मिलित किया जाना चाहिए. इस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हम इसका रिपोर्ट अपने वरीय अधिकारी को भेज देंगे. पर यह सुनिश्चित हो कि परबा पंचायत के लोग किस क्षेत्र में रहना पसंद करेंगे. उसकी जानकारी हमें दें. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद, जमीर हसन, अमर तोपनो, जोसेफ लुगुन, फिलमोन लुगुन, सुदर्शन लुगुन, जॉर्ज जेवियर तोपनो, खीरिस्तोफर तोपनो, रायमोन लुगुन आदि मौजूद थे.

# संपत्ति कर का प्रस्ताव

इस तथ्य को नजरअंदाज करना बेमानी है कि दुनिया में आर्थिक गतिरोध नहीं है. विकसित देश् खास कर यूरोप के देशों में रूस यूक्रेन युद्ध के बाद हालात बेहद गंभीर हो गए हैं. ब्रिटेन और फ्रांस के चुनावों ने भी इसे साबित कर दिया है. पश्चिमी देशों की आर्थिकी के संकट का असर दुनिया के सभी देशों पर पड़ने लगा है. जी-20 देशों के वेल्थ टैक्स प्रस्ताव को इसी संदर्भ में देखने की जरूरत है. इस बार जी-20 देशों की अध्यक्षता ब्राजील के पास है. ब्राजील के राष्ट्रपति लूला समाजवादी रुझानों वाले हैं. जी-20 देशों के समक्ष यह प्रस्ताव है कि सभी देश मिल कर अमीरों पर वेल्थ टैक्स लगाए. कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से वेल्थ टैक्स के प्रस्ताव पर रुख साफ करने को कहा है. यह उचित मांग है, क्योंकि इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन में यह मुद्दा विचार के लिए आएगा. मेजबान ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनेशियो दा सिल्वा उर्फ लूला ने जी-20 के सामने अरबपतियों पर सालाना दो प्रतिशत की दर से वेल्थ टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा है. यह शिखर सम्मेलन 18-19 नवंबर को ब्राजील के रियो द जनेरो में होगा, लेकिन उसके पहले इस पर विचार के लिए लूला ने एक अलग बैठक बुलाई है. यह प्रस्ताव फ्रेंच अर्थशास्त्री गैब्रियेल जुकमैन की अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर रखा गया है. धनपतियों के अपने देश की अर्थव्यवस्था में न्यायपूर्ण टैक्स योगदान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लूला सरकार ने जुकमैन की टीम से यह अध्ययन करने का अनुरोध किया था. जुकमैन की सिफारिश है कि जी-20 के देश अपने यहां दो फीसदी वेल्थ टैक्स लगाएं, तो उससे दूसरे देश में धन ले जा कर टैक्स से बच निकलने की प्रवृत्ति रुक सकती है. उधर इस टैक्स से इतनी रकम इकट्ठी होगी, जिससे खासकर विकासशील देश अपने यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन एवं अन्य बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए पर्याप्त बजट जुटा पाएंगे. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ध्यान दिलाया है कि ब्राजील के इस प्रस्ताव को फ्रांस, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी का समर्थन मिल चुका है. उन्होंने कहा कि भारत में 167 अरबपति हैं, जिन पर दो फीसदी वेल्थ टैक्स लगाया जाए, तो सालाना डेढ़ लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा. उससे अनिवार्य सार्वजनिक सेवाओं की फंडिंग की जा सकेगी. जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से इस बारे भारत सरकार का रुख स्पष्ट करने को कहा है, लेकिन यह बात गौरतलब है कि पिछले चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने जब धनी लोगों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने के विचार के खिलाफ आक्रामक प्रचार छेड़ दिया था, तब कांग्रेस ने अपना बचाव करते हुए कहा था कि भारत में वेल्थ टैक्स को राजीव गांधी सरकार ने खत्म किया था. स्पष्टतः इस प्रश्न पर कांग्रेस समेत विभिन्न दलों का रुख दोहरा है. इसलिए जरूरी है कि इस बारे में सभी अपना रुख साफ करें. लोकसभा चुनाव के समय ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका और यूरोप के देशों में उत्तराधिकार टैक्स का प्रावधान है. उनके बयान को प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में संदर्भ से काट कर पेश किया गया था.

> ब्राजील के राष्ट्रपति लूला समाजवादी रुझानों वाले हैं. जी-20 देशों के समक्ष यह प्रस्ताव है कि सभी देश मिल कर अमीरों पर वेल्थ टैक्स लगाए. कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से वेल्थ टैक्स के प्रस्ताव पर रुख साफ करने को कहा है.

## सुभाषित

**लालयेत् पञ्च वर्षाणि दश वर्षाणि ताडयेत्।**
**प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रे मित्रवद् आचरेत् ॥**


पहले पांच साल बच्चों को बहुत लाड़-प्यार करो. बाद के दस साल आत्मसंयम की शिक्षा की जरूरत महसूस हो तो बच्चे को दण्ड भी देना चाहिए, लेकिन बच्चे जब सोलह साल का हो जाते हैं तो उन्हें अपना मित्र बना लिया जाना चाहिए.

# मध्यवर्ग व वंचितों को आम बजट से उम्मीदें

**अरबपति गौतम अडानी समूह देश के सबसे बड़े मुंद्रा बंदरगाह पर जहाज बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें सरकार उनकी सेवा में है. भारत शीर्ष दस जहाज निर्माण कंपनियों वाले देशों में से एक बनना चाहता है और सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कीमत पर अडानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं दिखता. वर्तमान में भारत दुनिया में 20वें स्थान पर है. यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अडानी की जहाज निर्माण योजनाओं को पहले रिपोर्ट नहीं किया गया था, जिसे मुंद्रा बंदरगाह के लिए 45000 करोड़ रुपये के विस्तार योजना में छिपा दिया गया था.**



**• देश-काल**



अनिल राजिमवाले

नरेंद्र मोदी सरकार 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले बजट सत्र में 23 जुलाई को अपने तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी. भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वह 'सुधारों' का दावा करते हुए अपनी नीति को जारी रखेगी. पिछले दशक में बजट और आर्थिक नीतियों की द्वंद्वात्मकता ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वित्तीय कॉरपोरेट्स के पहले से ही बड़े पैमाने पर कब्जे को और मजबूत करने का काम किया है. हालांकि यह हमारी जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए विनाश का संकेत है, लेकिन इस बार यह इतना आसान नहीं हो सकता है, क्योंकि भाजपा अल्पमत में है और बिहार और आंध्र प्रदेश के उसके सहयोगी रियायतें पाने के लिए उसके गले पर सवार हैं. वित्त मंत्री को कुछ हद तक मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. पिछले महीने संसद के दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन में हमारे राष्ट्रपति ने दावा किया था कि बजट 'कई ऐतिहासिक कदमों से चिह्नित' होगा. 4 जून को चुनाव परिणामों के बाद से, आधिकारिक आर्थिक और राजनीतिक हलकों में केवल एक ही बात चल रही है. इक्विटी और शेयर बाजार 'तेजी' के साथ पागल हो रहे हैं. बड़े व्यवसाय बड़े पैमाने पर सट्टा अवसरों के उन्माद में जकड़े हुए हैं. एनडीए गठबंधन के चुनावों में नेतृत्व करने के बाद निफ्टी और बीएसई आसमान छू गये. कागज़ात शेयर बाजारों और व्यावसायिक दिग्गजों के मुनाफे के आंकड़ों से भरे पड़े हैं, जिसमें उत्पादन और विनिर्माण को लगभग पूरी तरह से बाहर रखा गया है, जो इस तथ्य को दर्शाता है कि लोगों और उत्पादक अर्थव्यवस्था के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है. बुनियादी ढांचे और शहरीकरण तथा अन्य पर पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) बढ़ाने की समस्याएं, व्यापार बाधाओं को दूर करना, जीएसटी के दुरुपयोग से उत्पन्न समस्याएं आदि कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जिनका सामना सरकार कर रही है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श के तहत बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की. बड़े उद्योग चाहते हैं कि सरकार 'शहरीकरण' में तेजी लाने के लिए कदम उठाये. यह एमएसएमई और अन्य विनिर्माण को छोड़कर शहरी भूमि और संपदा सट्टेबाजी में बड़े पैमाने पर उत्पादक पूंजी के जाने को दर्शाता है.

उद्योग का एक अन्य वर्ग, विशेष रूप से एमएसएमई, औद्योगिक उत्पादन और बिक्री को प्रभावित करने वाली जीएसटी की उच्च और जटिल दरों के बारे में शिकायत कर रहा है. अर्थव्यवस्था के विपरीत ध्रुव पर एक स्वाभाविक परिणाम निवेश में तेज और बड़ी गिरावट है. बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा विश्लेषित सीएमआईई आंकड़ों से पता चलता है कि जून में समाप्त होने वाली तिमाही में विनिर्माण निवेश 20 साल के निचले स्तर पर गिरकर केवल 44300 करोड़ रुपये रह गया. इससे पहले सबसे कम स्तर जून 2005 में था. यह चौतरफा आर्थिक 'विकास' के बड़े-बड़े दावों के बावजूद था. फिर भी, भारत की बड़ी कंपनियों ने इस साल की पहले छह महीनों में इक्विटी बाजार में रिकॉर्ड 2.5 लाख करोड़ रुपये (30अरब डॉलर) जुटाये हैं, जो जनवरी-जून की अवधि के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है. यह पिछले साल की इसी अवधि की राशि से दोगुना है. अडानी और अंबानी भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण और सट्टा प्रकृति के प्रतीक बन गये हैं. अरबपति गौतम अडानी समूह देश के सबसे बड़े मुंद्रा बंदरगाह पर जहाज बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें सरकार उनकी सेवा में है. भारत शीर्ष दस जहाज निर्माण कंपनियों वाले देशों में से एक बनना चाहता है और सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कीमत पर अडानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं दिखता. वर्तमान में भारत दुनिया में 20वें स्थान पर है. यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अडानी की जहाज निर्माण योजनाओं को पहले रिपोर्ट नहीं किया गया था, जिसे मुंद्रा बंदरगाह के लिए 45000 करोड़ रुपये के विस्तार योजना में छिपा दिया गया था. पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जायेगा, लेकिन पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी पहले ही प्रबंधित की जा चुकी है. अडानी ने इस तथ्य का लाभ उठाया है कि चीन, दक्षिण कोरिया और जापान में यार्ड 2028 तक बुक हैं, जिससे वैश्विक खिलाड़ी भारत की ओर देखने को मजबूर हैं, लेकिन भारत सरकार ने इस स्थिति का उपयोग सार्वजनिक क्षेत्र के बंदरगाहों और यार्डों को दरकिनार करने के लिए किया है. महाराष्ट्र तट पर वधावन में एक और योजनाबद्ध बहुत बड़ा बंदरगाह बनाया जायेगा, जिसे दुनिया भर के दस सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक माना जाता है. पीपीपी के तहत अनुमानित 76000 करोड़ रुपये की परियोजना में से 37244 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र द्वारा दिये जायेंगे. यह दुर्लभ मैंग्रोव, आर्द्रभूमि आदि को बड़े पैमाने पर नष्ट कर देगा. भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह 'समुद्री भूमि' है. सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए विनिवेश और 'संपत्ति मुद्रीकरण' से एक लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र के विनाश और इसे बड़े व्यवसाय को सौंपने की योजना को छिपाने के लिए एक सम्मानजनक शब्द है. फरवरी 2024 में अंतरिम बजट ने इन दोनों को मासूम दिखने वाले 'विविध पूंजी प्राप्तियों' के तहत जोड़ दिया था! इसलिए वे सिर्फ पूंजी 'प्राप्तियां' हैं, न कि कड़ी मेहनत से अर्जित सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री! 'मुद्रीकरण' सार्वजनिक क्षेत्र के विनाश को छिपाने का एक तरीका है. बेरोजगारी की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो विशाल व्यापारिक घरानों, विशेष रूप से अंबानी और अडानी को रियायतें देने का परिणाम है. यह मोदी सरकार द्वारा दशकों से अपनाई गई नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है, जो एमएसएमई के बड़े पैमाने पर विनाश के कारण और भी बढ़ गई है. नोटबंदी, जीएसटी और बढ़ते आयात ने इस क्षेत्र के लिए तबाही मचा दी. अमेरिकी निवेश बैंक सिटीग्रुप की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को अपने युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए अगले दस वर्षों तक हर साल 120 लाख नौकरियां पैदा करने की आवश्यकता होगी. यहां तक कि सात प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि भी इतनी रोजगार पैदा नहीं करेगी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## ईश्वर डराता है

जनाब नादान साहब को पता चला कि मैं ईश्वर की ऑफ़िस से बडा वाला प्रोस्पेक्टर ले आया हूं. जिज्ञासावश वे भी चले आए. आते ही कहने लगे, 'मैं भी उस कार्यालय का सदस्य बना हूँ', लेकिन यार 'ईश्वर डराता बहुत है'. मुझे फिर आश्चर्य हुआ, भई मेरे पास की बुकलेट में तो ऐसा कुछ नहीं है. वह तो दयालु है, भला डरायेगा क्यों. नादान साहब फट पडे, बोले 'वही तो'... बात बात पे डराता है, क्यो?...मुझे भी समझ नहीं आ रहा. यह देख लो किताब. आपने तो वह बड़ी वाली उसके कायदे कानून की बुक पढ़ी है, आप ही बताएं. और अमां यार आप ईश्वर की फ्रेंचाईजी क्यों नहीं ले लेते. मैंने टालते हुए कि इस फ्रेंचाईजी पर बाद में चर्चा करेंगे, पहले चलो कार्यालय चलते है, आपकी वह पुस्तिका साथ ले लो, उसी ऑफ़िसर से पूछेंगे, इस समस्या का कारण. हम पहुंचे ऑफ़िस, नादान साहब को सदस्य बनाने वाले ऑफ़िसर ड्यूटी पर थे. मैंने शिकायती लहजे में कहा- जनाबे-आली, आपने नादान साहब को यह कौनसी बुकलेट थमा दी जो हर समय डरे सहमें रहते है, और तो और भय की प्रतिक्रिया में उल्टा उनका स्वभाव आक्रमक होने लगा है. ऑफ़िसर माज़रा समझ गया, उसने ईशारा कर मुझे अन्दर के कमरे में बुलाया. शायद वह नादान साहब के समक्ष बात नहीं करना चाह रहा था. ऑफ़िसर ने मुझसे कहा- देखिए, साहब, सभी को पाप करने से पहले डरना ही चाहिए. और ईश्वर का यह अटल नियम है कि पापों से डरो, पापों का परिणाम बुरा है, बुराई के कुफल बताना जरूरी है. जो आप जानते ही होंगे. हम यहां कुछ नहीं कर सकते. हम तो आदमी देखकर, उसकी मानसिकता परख कर उसी अनुरूप बुकलेट देते है. जो लोग पहले से ही घोर पापों में सलग्न हो उन्हें यही सदस्यता दी जाती है, और हर पाप पर तेज खौफ दर्शाया जाता है. आपके यह मित्र नादान साहब, जब यहाँ सदस्य बनने तशरीफ लाए तो सहज ही दोनो कान पकड तौबा तौबा का तकिया कलाम पढे जा रहे थे. हम समझ गये, बंदा अच्छे-बुरे का भेद नहीं जानता, और सदस्य भी मात्र इसलिये बन रहा है कि कुछ भी किये धरे बिना, मात्र सदस्यता के आधार पर सुख-चैन मिल जाए. जनाब नादान साहब को यह समझाते हुए, हम घर की ओर चल दिए कि यह सही बुकलेट है, फाईनल!! ईश्वर ने नया एडिशन छापना बंद कर दिया है. इसलिये जनाब नादान साहब आप क्यों चिंता करते है, यह डर सीधे-सरल लोगों के लिए कतई नहीं है, और फिर आप ही कहिए बुरे लोगों को डराना कोई गुनाह थोडे ही हैं? अगर हम सीधे हो जाएँ तो यकिन मानो, ईश्वर करूणानिधान ही है.

# स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवसायीकरण के दुष्प्रभाव

**• विमर्श**

**संजना मोहन**

स्वास्थ्य सेवा के 'व्यवसायीकरण' पर आवाज़ें उठ रही हैं. अनेक कहानियां सामने आ रही हैं. हाल ही में किडनी प्रत्यारोपण के बारे में आई रिपोर्ट इसका एक उदाहरण है. लगता है कि इस स्थिति के जवाब में भारतीय न्याय संहिता इस 'डॉक्टर्स डे' पर लागू हुई, जिसमें लापरवाही का दोषी पाए जाने पर डॉक्टरों को जेल की सज़ा का प्रावधान है. नीट परीक्षा में कई त्रुटियों और पीजी प्रवेश परीक्षाओं के स्थगन ने भारत में चिकित्सा शिक्षा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है. जैसे-जैसे हम परीक्षा प्रक्रियाओं का पुनर्निर्माण करना शुरू करते हैं, यह देखना उचित होगा कि और क्या करने की आवश्यकता है, ताकि हमारे डॉक्टर अपने काम में शीर्ष पर रहें. ग्रामीण आदिवासी राजस्थान में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे दशक भर के काम में हमने बड़ी संख्या में युवा डॉक्टरों के साथ काम किया है और सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में काम करने वाले कई लोगों से बातचीत की है. हमने डॉक्टरों को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कई कार्यशालाएं भी आयोजित की हैं. इनके आधार पर हम कुछ प्राथमिकताएं साझा करते हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है. एक लोकप्रिय शिकायत यह है कि पुराने ज़माने के एमबीबीएस डॉक्टर आज के समय के डॉक्टरों से ज़्यादा चिकित्सा के बारे में जानते थे और वे स्वतंत्र रूप से मरीजों को देख सकते थे. हममें से बहुतों को याद होगा कि डॉक्टर ब्रीफ़केस लेकर हमारे घर आते थे, बीमारों को देखते थे और वहीं पर इलाज करते थे. वे लगभग गायब हो चुके हैं. मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने में बहुत कठोरता थी. शिक्षक अपने छात्रों पर पूरा ध्यान देते थे और हर एक को व्यक्तिगत रूप से जानते थे. कक्षाएं तय समय के अनुसार आयोजित की जाती थीं. यह सख्ती कमज़ोर होती जा रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यशालाओं में कई डॉक्टरों ने कहा कि कॉलेज में उनकी उपस्थिति मायने नहीं रखती, वे 'घर में ही रहते हैं' और वह भी कई हफ़्तों तक रहते हैं. उन्होंने दुख जताया कि उनके शिक्षकों के पास उनके लिए बहुत कम समय है. 'लोग सिफ़र् मुंह हैं, कान नहीं', यह बात हम अक्सर सुनते हैं. 'आपका काम मरीज़ों का इलाज करना है, सहानुभूति दिखाना नहीं'- एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ ने एक बार उनमें से एक को यह कहकर डांटा था. हम निजी मेडिकल कॉलेजों से भी कहानी का दूसरा पहलू सुनते हैं. डॉक्टर बनने वाले लोग बहुत अमीर परिवारों से आते हैं, आलीशान कारों में घूमते हैं, अपनी कक्षाओं में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती. उनमें से कई के अभिभावकों ने नर्सिंग होम या अस्पताल बना लिए हैं, जहां उनके बच्चे पढ़ाई पूरी कर आने के बाद प्रैक्टिस कर सकें. कई बार प्रबंधन शिक्षकों पर दबाव डालता है कि वे उन्हें पास कर दें और न रोकें. तीसरा समूह जो तेजी से बढ़ रहा है, वह चीन, रूस, अन्य पूर्वी यूरोपीय देशों में अपनी चिकित्सा शिक्षा पूरी करने वाले छात्र हैं. भारतीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण की खराब गुणवत्ता के बावजूद विदेशी शिक्षित डॉक्टरों और स्थानीय डॉक्टरों के बीच व्यापक अंतर है. मरीजों से बात करते समय जानकारी का कोई स्पष्ट प्रवाह नहीं होता है, साथ ही चिकित्सा की कई बुनियादी बातों के बारे में भी जानकारी का अभाव है. इस ज़रूरत ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में काम करने वाले हम डॉक्टरों को एक समूह के रूप में एक साथ आने के लिए मजबूर कर दिया. हम अपने सवाल समूह में पोस्ट करते हैं या मार्गदर्शन के लिए किसी विशेषज्ञ को बुलाते हैं व पूछते हैं- आप मधुमेह से पीड़ित एक युवा महिला में रक्त शर्करा के उतार-चढ़ाव को कैसे प्रबंधित करते हैं? आप गर्भवती महिला में मलेरिया का इलाज कैसे करते हैं? हम हफ्ते में एक बार ऑनलाइन मिलते हैं नए ज्ञान, केस स्टडीज़ को साझा करने और सवाल पूछने के लिए. ग्रामीण इलाकों में पीएचसी और शहरों के अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों के साथ बातचीत करते हुए हम देखते हैं कि जब उन्हें संदेह होता है तो उनके पास बहुत कम साथी या वरिष्ठजन होते हैं. विभिन्न समाचार माध्यमों में ऐसी कहानियों को प्रमुखता से दिखाए जाने की आवश्यकता है. इनका डॉक्टरों और उनके पेशे के प्रति दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, साथ ही समाज का उन्हें देखने का दृष्टिकोण भी है. इस समय दो कहानियां चल रही हैं, भारतीय न्याय संहिता और किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट के इर्द-गिर्द.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> एक लोकप्रिय शिकायत यह है कि पुराने ज़माने के एमबीबीएस डॉक्टर आज के समय के डॉक्टरों से ज़्यादा चिकित्सा के बारे में जानते थे और वे स्वतंत्र रूप से मरीजों को देख सकते थे. हममें से बहुतों को याद होगा कि डॉक्टर ब्रीफ़केस लेकर हमारे घर आते थे, बीमारों को देखते थे और वहीं पर इलाज करते थे. वे लगभग गायब हो चुके हैं. मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने में बहुत कठोरता थी.

# अग्निवीर : सैन्य सुधार का एक केंद्रित परीक्षण

**• सामयिकी**

**कुमार शेखर**

सेना के दिग्गज जून 2022 में सशस्त्र बलों में पेश की गई बहुप्रचारित और साहसपूर्वक योजना अग्निपथ के बारे में अपने विचार व्यक्त कर चुके हैं, जिसमें नामांकित जनशक्ति को अग्निवीर (आग के वीर) कहा जाता है. यह योजना, जो संभवतः हमारे प्रधानमंत्री और उनके पीएमओ के कल्पनाशील दिमाग की उपज है, जिन्हें सरकारी पहलों को संक्षिप्त रूप देने और नाम देने का शौक है, ने महत्वपूर्ण बहस छेड़ दी है. दोनों पक्षों की दलीलें पेशेवर तरीके से पेश की गई हैं, जिनमें से प्रत्येक की तटस्थता से रक्षा की गई है. यहां मेरा इरादा योजना के पक्ष और विपक्ष में उठाए गए मुद्दों में जाने का नहीं है, बल्कि उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने का है, जो सेना के सुधारों और परिवर्तन पर बहस और चर्चा के दौरान उभरे हैं. यह पहलू, जो अक्सर अग्निपथ पर व्यापक चर्चाओं में छाया रहता है, को विद्वान योद्धाओं द्वारा उजागर किया गया है, जो यह प्रदर्शित करते हैं कि तर्क की शक्ति उसकी सामग्री में निहित है, न कि भावनाओं या ऊंची आवाज में. किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाए बिना, यह उल्लेखनीय है कि जो लोग सैन्य मामलों के बारे में सबसे अधिक जानकार माने जाते हैं और विचारक माने जाते हैं, वह अक्सर आधुनिकीकरण, सुधार और परिवर्तन पर जोर देकर अग्निपथ योजना का समर्थन करते हैं. उनके तर्क की रेखा के साथ मेरी समस्या यह है कि, वह अक्सर उन लोगों को यथास्थितिवादी के रूप में लेबल करते हैं जो योजना का विरोध करते हैं और जो परिवर्तन का विरोध करते हैं. यह एक गलत प्रस्तुति है. जो लोग अग्निपथ योजना का विरोध करते हैं, वह सेना के सुधार और परिवर्तन के खिलाफ नहीं हैं. वह अंतरिक्ष, साइबर, एआई, क्वांटम, डेटा एनालिटिक्स, सिविल-मिलिट्री इन्फ्यूजन, रक्षा मंत्रालय (एम ओ डी) में विचार और कार्य नैतिकता के क्रॉस-परागण और अधिक में प्रगति का समर्थन करते हैं. 21वीं सदी की सेना के लिए आधुनिकीकरण, सुधार और परिवर्तन एक राष्ट्रीय चिंता का विषय होना चाहिए, ना कि, इसे जीडीपी के 2% से कम के सीमित बजट आवंटन के भीतर अपने आप हल करने के लिए सेना के शीर्ष पदानुक्रम पर छोड़ दिया जाना चाहिए. यह प्रगति एक बढ़े हुए बजट आवंटन से आनी चाहिए, ना कि पूंजी आवंटन को मजबूत करने के लिए वेतन, भत्तों और पेंशन लागत में कटौती करके. यह तर्क दोषपूर्ण है और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के संबंध में कड़े परीक्षण का सामना नहीं कर सकता.

> 21वीं सदी की सेना के लिए आधुनिकीकरण, सुधार और परिवर्तन एक राष्ट्रीय चिंता का विषय होना चाहिए, ना कि इसे जीडीपी के 2% से कम के सीमित बजट आवंटन के भीतर अपने आप हल करने के लिए सेना के शीर्ष पदानुक्रम पर छोड़ दिया जाना चाहिए. यह प्रगति एक बढ़े हुए बजट आवंटन से आनी चाहिए, ना कि पूंजी आवंटन को मजबूत करने के लिए वेतन, भत्तों और पेंशन लागत में कटौती करके.

जब संगठन के बाहर के वरिष्ठ सैन्य विचारक बहु-डोमेन संचालन में निवेश पर जोर देकर अग्निपथ योजना का बचाव करते हैं, तो वह अनजाने में बहस के सार के साथ संघर्ष करते हैं. वह मुख्य मुद्दे से भटक जाते हैं, जो सेना की युद्ध प्रभावशीलता पर योजना का प्रभाव है. उनका ज्ञान, अनुभव और क्षमताएं बेहतर तरीके से उपयोग की जाएंगी. यदि वह व्यापक आधुनिकीकरण और परिवर्तन विषयों की ओर चर्चा को विचलित करने के बजाय विषय के मूल बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें. अग्निपथ के समर्थक तर्क देते हैं कि यह योजना सशस्त्र बलों में एक युवा और गतिशील प्रोफ़ाइल लाएगी, उन्हें नई ऊर्जा और दृष्टिकोण से भर देगी. वह राष्ट्रीय विकास में योगदान देते हुए नागरिक कार्यबल में अनुशासित और कुशल व्यक्तियों को छोड़ने के लाभों को भी उजागर करते हैं. हालांकि, विरोधियों ने अग्निवीरों के छोटे कार्यकाल के बारे में चिंताएं व्यक्त की हैं, जो सेना की संस्कृति और नैतिकता में व्यापक प्रशिक्षण और एकीकरण के लिए पर्याप्त समय नहीं दे सकता है.हालांकि सेना के भविष्य के लिए आधुनिकीकरण और परिवर्तन महत्वपूर्ण हैं, इन्हें सेना की मुख्य क्षमताओं को कमजोर करने की कीमत पर नहीं अपनाया जाना चाहिए. किसी भी सुधार या परिवर्तन पहल का युद्ध प्रभावशीलता पर संभावित प्रभाव के लिए सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाना चाहिए. ध्यान, सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर होना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम एक प्रभावशाली शक्ति बनी रहे.निष्कर्षतः, अग्निपथ पर बहस को सेना की युद्ध तत्परता और प्रभावशीलता पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव पर केंद्रित होना चाहिए. जबकि आधुनिकीकरण और परिवर्तन पर व्यापक चर्चाएं महत्वपूर्ण हैं, उन्हें अग्निपथ से संबंधित विशिष्ट चिंताओं को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# आबादी विस्फोट : सीमित संभावनाएं

**संयुक्त राष्ट्र** ने गत सप्ताह विश्व जनसंख्या संभावना रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट में व्यापक तौर पर वैश्विक जनांकिकी के भविष्य की राह समेत कई अनुमान जताए गए हैं तथा चुनिंदा देशों और क्षेत्रों को लेकर भविष्यवाणी की गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की आबादी में इजाफा जारी रहेगा और 2080 के दशक के आरंभ तक दुनिया की आबादी 10 अरब का आंकड़ा पार कर जाएगी. उसके बाद आबादी में गिरावट का सिलसिला आरंभ होगा. यह समग्र रुझान क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय अंतर को छिपा लेता है. इस अवधि में बाद के वर्षों में आबादी में होने वाली वृद्धि का अधिकांश भाग अफ्रीका महाद्वीप से आएगा, खासतौर पर सब-सहारा अफ्रीका से. इनमें से कई देश मसलन सोमालिया और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कॉन्गो (डीआरसी) फिलहाल आर्थिक रूप से पिछड़े और राजनीतिक रूप से अस्थिर हैं. उनमें से कुछ देश मसलन डीआरसी आदि में भरपूर प्राकृतिक संसाधन भी हैं, जिनका मूल्य आने वाले दशकों में बढ़ेगा. इन देशों में युवा आबादी भी होगी और संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा भी होगी. जाहिर है भविष्य में ये वैश्विक और भूराजनीतिक दृष्टि से अहम होंगे. वैश्विक जनसंख्या संभावना रिपोर्ट से यह संकेत भी मिलता है कि निकट भविष्य में भारत की आबादी चीन से अधिक रहने वाली है. बहरहाल इसका अनुमान है कि पाकिस्तान की आबादी का बढ़ना भी जारी रहेगा और 39 करोड़ की आबादी के साथ वह अमेरिका से आगे निकल जाएगा. यह बात भारत और विश्व के लिए महत्त्वपूर्ण है. यह देखना शेष है कि भारत की पाकिस्तान को अलग-थलग रखने और अनदेखा करने की नीति क्या तब भी टिकाऊ होगी, जब वह दुनिया का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला मुल्क बन जाएगा? रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी में 2062 के बाद कमी आनी शुरू हो जाएगी. यानी वैश्विक जनसंख्या के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के करीब दो दशक पहले उसकी आबादी घटने लगेगी. बढ़ती और उच्च निर्भरता अनुपात वाले देश आमतौर पर उस सीमा से गुजर चुके हैं जहां वे प्रति व्यक्ति आय में इजाफा कर सकते थे. भारत के लिए इसके आर्थिक और नीतिगत निहितार्थ स्पष्ट हैं. उसके पास समृद्ध होने के लिए तीन दशक हैं. अगर हम इस अवधि का समझदारी से इस्तेमाल नहीं कर पाए तो मध्य आय स्तर में उलझ सकते हैं. ऐसे में वह जनसंख्या उत्पादकता में असाधारण वृद्धि करने में भी नाकाम रहेगा. जो लोग 2054 में श्रम शक्ति में सबसे बुजुर्ग होंगे, वे इस समय रोजगार की तलाश में हैं.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

### प्रकृति/प्रवृत्ति

**हम** किसी की प्रवृत्ति बदल सकते हैं, प्रकृति नहीं. इस वाक्य में प्रयुक्त प्रकृति और प्रवृत्ति दोनों एक जैसे लगनेवाले शब्द हैं. दोनों शब्दों में 'प्र' उपसर्ग लगा हुआ है और दोनों का संबंध स्वभाव या आदत से है. 'प्र' उपसर्ग लगने से किसी भी शब्द का महत्व बढ़ जाता है. 'प्र' उपसर्ग हटा देने से दोनों वृत्ति और कृति बन जाते हैं. वृत्ति का मतलब चित्त और कृति का मतलब कार्य. इस तरह प्रवृत्ति का मतलब उसका मिजाज या सोच. इसी प्रकार प्रकृति का मतलब हमारे चारों तरफ का संसार, जो ईश्वर ने बनाया है. जैसे पेड़-पौधे, जीव-जंतु, नदियां-झरने आदि. विशेषण के रूप में प्रकृति का मतलब किसी का नैसर्गिक भौतिक गुण. प्रवत्ति का मतलब कोई जीवित व्यक्ति मानसिक रूप से कैसा है. उसका दूसरे के साथ व्यवहार कैसा है या जीवित. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार दोनों शब्द तत्सम स्त्रीलिंग हैं. शब्दकोश के अनुसार प्रकृति का मतलब है सहज स्वाभाविक गुण या स्वभाव, विश्व की रचना या सृष्टि करनेवाली मूल नियामक तथा संचालन शक्ति, कुदरत, अंग्रेजी में कहें तो नेचर. इसी प्रकार प्रवृत्ति का सामान्य अर्थ है स्वभाव, आदत, झुकाव, रुझान, प्रवाह, बहाव, आचार-व्यवहार, अध्यवसाय,किसी कार्य को करने की तदनुकूल क्रिया-व्यापार, निरंतर बढ़ते रहने की क्रिया या भाव, सांसारिक भोगों या विषयों के प्रति आसक्ति. इसका विशेषण रूप है, जो प्रवृत्त, जिसका अर्थ है किसी काम में लगा हुआ तत्पर, उन्मुख, जिसका आरंभ हुआ हो, निश्चित, निर्दिष्ट, निर्विवाद, निर्बाध. प्रकृति मानव निर्मित नहीं होती. वह अनंत है. प्रवृत्ति किसी जीव की आदत होती है.किसी को शराब पीने की आदत लग जाये तो वह प्रवृत्ति है, लेकिन शेर की शिकार करने की आदत उसकी प्रकृति. किसी की मौलिक और अपरिवर्त्तनीय वृत्ति है, जबकि प्रवृत्ति एक निश्चित व्यवहार या परिणाम के प्रति संभावना या स्वभाव है, जो बाहरी कारकों से प्रभावित हो सकती है. वह हंसमुख है. यह उसकी प्रकृति है, लेकिन अगर वह कंजूस है तो यह उसकी प्रवृत्ति.

# अब सुनिए, श्री गड्ढा पुराण की कथा

**• तीर-तुक्का**

**डॉ. सुरेन्द्र वर्मा**

गड्ढे कहां नहीं होते? कुछ दृश्य तो कुछ अदृश्य होते हैं. कुछ समझ में आने वाले, कुछ रहस्यमय होते हैं. सामान्यतः हर सड़क पर गड्ढे होते हैं. आमतौर पर वे दिखाई दे जाते हैं. सो उनसे बच कर निकला जा सकता है, लेकिन इन दिनों शहरों को अपग्रेड किया जा रहा है. कहीं फ्लाई ओवर बन रहे हैं तो कहीं पानी का पाइप लाइन बिछाया जा रहा है. कहीं सीवर लाइन डालने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं तो कहीं बिजली के तार अंडरग्राउंड किए जा रहे हैं. एसीबी की मार से सड़कें बेदम हैं. जार-जार रो रही हैं. इतना सब किसी भी सड़क को एक साथ झेलना कितना कठिन है. ऊपर से तुर्रा यह कि बरसात भी आ गई है. थोड़ी सी देर के लिए भी अगर पानी बरस जाए तो पता ही नहीं चलता गड्ढे में सड़क है कि सड़क में गड्ढा है. हर तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है –न सड़क दिखाई देती है और न गड्ढे. दोनों ही अदृश्य हो गए हैं. दृश्य-गड्ढों को तो एक बार किनारे करके निकल जाइए, लेकिन जो खतरा दिखाई ही न दे, उससे आप कैसे बचेंगे? लोग सड़कों पर, सौरी, गड्ढों में गिर रहे हैं. स्कूटर गिर रहे हैं, तेज़ रफ़्तार बाइक गिर रही हैं. कार के पहिए फंस रहे हैं. पर-पीड़ा के ये दृश्य देख कर आनंद ही आनंद है. दर्शक हंस रहे हैं. फरमान आया था कि बरसात से पहले सारे गड्ढे भर दिए जाएं. फरमान अपनी जगह स्थिर है और गड्ढे अपनी जगह दृढ़ता से टिके हुए हैं. मंत्री जी नाराज़ हैं. अफसर नाराज़गी झेल रहे हैं, पर जिद्दी गड्ढे भरने को तैयार ही नहीं होते. गड्ढे कई तरह के होते हैं. कुछ मानव निर्मित तो कुछ प्रकृति-दत्त होते हैं. मानव निर्मित गड्ढे तो खैर भर भी सकते हैं. मनुष्य ने बनाए हैं तो मनुष्य चाहे तो उन्हें भर भी सकता है, पर मनुष्य ठहरा एक जलनशील प्राणी. जिससे जल गया, समझो उसके लिए वह गड्ढा खोदे बिना नहीं रहता. सावधानी हटी–दुर्घटना घटी. राजनेता इस तरह के गड्ढे खोदने में काफी दक्ष होते हैं. प्रतिद्वंदियों को नुकसान पहुंचाने के लिए गड्ढे खोदते हैं. पिछली बार का आम चुनाव कुछ ऐसा ही हुआ. कांग्रेस और अन्य सभी पार्टियां गड्ढे में गिरते-गिरते बचीं. अब सब मिलकर मोदी जी के लिए गड्ढा खोदने की तैयारी में हैं. देखना है कि कितनी कामयाबी मिलती है. कहते हैं आदमी जब किसी दूसरे के लिए गड्ढा खोदता है तो खुद अपने ही खोदे गड्ढे में गिर जाता है. लेकिन यह बात तो बहुत कुछ शायद मन बहलाने के लिए ही कही गई है. गड्ढे में कौन गिरेगा, कभी पक्के तौर पर कहा नहीं जा सकता, लेकिन जब गड्ढा है तो कोई न कोई गिरेगा ही.



# Her Story

## पंख समर्थ हैं...

# बच्चों को खुद भरने दें उड़ान



याद है बचपन का वह दौड़ जब दोस्तों के साथ हम कॉलोनी, खेल के मैदान में बेफिक्र घूमा-खेला करते थे. तब न तो मोबाइल थे और न ही माता-पिता ने हम पर कोई निगरानी रखी. मुझे बस इतना याद है कि उन्होंने एक निश्चित समयसीमा तय की थी. उदाहरण के लिए, मेरे मित्र के लिए, उसे अपने पिता के कार्यालय से लौटने से पहले घर में प्रवेश करना था. मेरे लिए स्ट्रीट लाइटें जलने से पहले. और इसी तरह अन्य बच्चों के लिए भी. यदि हमने नियम तोड़े तो हमें सज़ा का प्रावधान था. हमारे बच्चों के लिए खेल के मैदान रहे ही नहीं. वे हमेशा सीसीटीवी की निगरानी में रहते हैं और हमेशा कोई न कोई उन पर निगरानी रखता है. हमारी इस प्रवृति के लिए एक नया शब्द इजाद हो गया है- "हेलीकाप्टर माता-पिता." जिन्न की तरह हम भी कहीं न कहीं प्रकट हो जाते हैं और उन्हें ढेर सारी हिदायतें देते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं करना है. बाद में हमारे मन में एक डर रहता है कि अगर हम आसपास नहीं रहे तो क्या होगा? यदि बच्चा बिल्कुल अकेला रह जाए तो क्या होगा? यदि बच्चे को अकेले ही दुनिया से निपटना पड़े तो क्या होगा? हम बच्चे को यह निर्देश देने के बजाय कि उसे क्या करना है, यह सिखाएं कि उसे अपना ख्याल कैसे रखना है.



मनवीर कौर आनंद
चाइल्ड काउंसलर, मोटिवेशनल स्पीकर, सक्सेस कोच

### इंस्ट्रक्शन मोड से कीजिए आजाद

बच्चे को जब-तब निर्देश हम देते रहते हैं पर इस बात का अहसास शायद नहीं होता कि हर बार जब हम बच्चे को निर्देश देते हैं तो हम बच्चे की रचनात्मकता और सोचने की क्षमता को खत्म कर रहे होते हैं. बच्चा हम पर अधिक निर्भर हो जाता है और हमेशा निर्देशों का इंतजार करता रहता है. धीरे-धीरे जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता जाता है उसकी सोचने की क्षमता धीरे-धीरे कम होती जाती है. उस समय, हम उम्मीद करते हैं कि हमारा बच्चा स्वयं निर्णय लेगा. बच्चे से गलतियां होने की आशंका बहुत अधिक है. अंततः इससे बच्चे के आत्मविश्वास पर असर पड़ता है. ऐसा नहीं है कि बच्चा सोच नहीं सकता. सच तो यह है कि सुपर प्रोटेक्टिव बनने की कोशिश में शुरू से ही हम इंस्ट्रक्शन मोड में रहे हैं.

### जब बच्चों के साथ बाहर निकलें

जब भी हम बच्चे को सैर या ड्राइव के लिए बाहर ले जाएं, तो उसे यातायात, नियमों और सड़क पर खुद की सुरक्षा कैसे करें के बारे में सिखाने की कोशिश करें. उन्हें अपने परिवेश के प्रति सतर्क और जागरूक रहना,आस-पास के लोगों के प्रति सचेत रहना और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के प्रति अपने कार्यों और प्रतिक्रियाओं के लिए जिम्मेदार होना सिखाएं. माता-पिता के रूप में हम बच्चे की सुरक्षा के लिए कुछ नियम निर्धारित कर सकते हैं और वे नियमों का पालन करने के महत्व को समझते हैं.

### ताकि नहीं झेले यौन-शोषण

कड़वी सच्चाई यह है कि बच्चों का यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है जिस पर भरोसा किया जाता है और जिसकी हमारे बच्चे तक अक्सर पहुंच होती है. ऐसी स्थिति से बचने के लिए बच्चे को सिखाएं कि यदि कोई उनके निजी अंगों को छूने की कोशिश करे तो जोर से और स्पष्ट रूप से ना कहना. उस व्यक्ति को स्पष्ट रूप से वह बताए कि मैं यह बात अपने माता-पिता को बताऊंगा. बच्चे पर हर किसी को गले लगाने की जिद न करें. यदि बच्चा किसी भी प्रकार के स्पर्श से असहज महसूस करता है, तो बच्चे को 'नहीं' कहना होगा. बच्चे को उसके प्राइवेट पार्ट्स के नाम सिखाएं और बताएं कि उसकी मां के अलावा कोई और उसके प्राइवेट पार्ट्स को न छुए. वह भी किसी दूसरे का प्राइवेट पार्ट नहीं छूएं, चाहे सामने वाला कितना भी जोर दे. बच्चे बहुत जिज्ञासु होते हैं. यदि वे शरीर के अंगों, स्पर्शों, बच्चों का जन्म कैसे होता है आदि से संबंधित कोई प्रश्न पूछते हैं तो उन्हें हमेशा उनकी उम्र के हिसाब से बिना शर्मिंदा हुए ईमानदारी से जवाब दें. अन्यथा जिज्ञासु मन इधर-उधर भटकता रहेगा और दोस्तों के साथ चर्चा करना शुरू कर देगा और धीरे-धीरे उचित उत्तर नहीं मिलेगा.

### घर पर बच्चों की सुरक्षा

- जलना, चोट लगना, गला घुटना, नाक में मटर या खिलौने के छोटे टुकड़े फंस जाना, सिक्का निगलना, बिजली के सॉकेट में उंगलियां डालना, बालकनी की रेलिंग पर झूलना...घर में कदम-कदम पर दुर्घटना की आशंका होती है. ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हम कुछ बातों को ध्यान में रख सकते हैं.
- बच्चों की पहुंच में जितने भी स्वीच बोर्ड हैं, उनके प्लग के छिद्र को किसी टेप से कवर कर दें और सॉकेट के लिए कैप का उपयोग करें.
- सभी डिटर्जेंट, क्लीनर, मच्छर भगाने वाले पदार्थ, दवाइयां, नेल कटर, चाकू, कांटा ऐसी जगह रखें जहां बच्चे की पहुंच मुश्किल हो. बच्चे को इसे अपने मुंह में डालने से रोकने के लिए सभी छोटी वस्तुओं को दूर रखें.
- फर्नीचर के नुकीले सिरे पर टेप या पैड लगा दें.
- जब बच्चा खाना खा रहा हो. आस-पास रहें ताकि बच्चा छोटी बाइट ले और ठीक से चबाए और पानी या जूस से गरारे न करे.
- वॉशरूम को सूखा रखें और सुनिश्चित करें कि कोई बाल्टी या टब पानी से भरा न हो. शौचालय के ढक्कन बंद रखें. सुनिश्चित करें कि वॉशिंग मशीन के टब बच्चे के लिए सुलभ ऊंचाई पर न हों.



### जब घर से बाहर आपसे दूर हो बच्चा

- आपके बच्चे को माता-पिता का नाम, पता और संपर्क नंबर पता होना चाहिए. यदि वे खो जाते हैं, तो वे इसे साझा कर सकते हैं. उसे सुरक्षाकर्मी/वर्दी धारी ढूंढना सिखाएं. उन्हें रिस्टबैंड पहनाने, उनकी जेबों में चिट डालने से भी मदद मिल सकती है.
- बच्चे को बुनियादी यातायात नियम और सड़क सुरक्षा सिखाएं.
- स्कूल डायरी और स्कूल संचार की जांच करें ताकि माता-पिता के रूप में आप समय में बदलाव और आगामी कार्यक्रम के साथ अच्छी तरह से अपडेट रहें.
- बच्चों को उनके मनोरंजन और अपनी सुविधा के लिए मोबाइल फोन देने से बचें.
- अजनबियों के साथ बातचीत करने और उनसे कुछ भी विशेष रूप से भोजन, कैंडी, चॉकलेट आदि स्वीकार करने के जोखिम के बारे में बताएं.



## चटखारा

# बिना मैदा-चीनी के हेल्दी केक

आज मैं हेल्दी केक की रेसिपी शेयर करने जा रही हूं जिसमें ना मैदा का इस्तेमाल हुआ है और ना चीनी का. केक बनाने में दो-तीन बातें ध्यान देने की है कि इसमें जो भी माप बताया गया है वह बिल्कुल सही होना चाहिए. कभी-कभी दूध की मात्रा कम या ज्यादा करनी पड़ सकती है. हेल्दी केक में मिश्रण बहुत ज्यादा पतला नहीं होता, थोड़ा गाढा ही होता है. अगर केक को मापने के लिए मेजरिंग वेइंग मशीन हो तो सबसे ज्यादा अच्छा है. केक टिन को भी पहले से ही तैयार करके रख लेना चाहिए. साथ ही जिसमें हमे केक बनाना है उसको भी 10 मिनट के लिए प्री हीट कर लें. इन सभी चीजों का ध्यान रख कर अगर हम केक बनाएंगे तो केक निश्चित रूप से बहुत ही टेस्टी बनेगा.



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

## रागी या मडुआ का केक

**ये चाहिए**

पाउडर गुड़- 95 ग्राम, मडुआ का आटा- 100 ग्राम, गेहूं का आटा- 75 ग्राम, बेकिंग पाउडर 1 टीस्पून, बेकिंग सोडा 1/4 टीस्पून, कोको पाउडर 15 ग्राम, दही - 70 ग्राम, दूध 130 से 150 ग्राम, रिफाइंड तेल 50 ग्राम, चॉकलेट एसेंस वन टीस्पून, चोको चिप्स सजावट के लिए.



**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले सूखे और गीले इंग्रीडिएंट्स को अलग-अलग कर लें. रागी के आटा, गेहूं के आटा, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा और कोको पाउडर को एक साथ छन्नी में डालकर दो से तीन बार छान लें. गीले इंग्रेडिएंट्स को एक साथ तैयार करें. दूध, दही, गुड़, रिफाइंड ऑयल और चॉकलेट एसेंस को एक बड़े बर्तन में डालकर अच्छी तरह फैट लें. इसे इतना फेंटना है कि गुड़, दूध और तेल सब एक साथ मिक्स हो जाए. उसके बाद इसमें सूखे इंग्रेडिएंट्स को दो बार तीन बार में मिक्स करना है और इसे हल्के हाथों से चलना है. चलाने के बाद इसे पहले से तैयार किए हुए केक टिन में डाल देना है. अब इस मिश्रण को पहले से तैयार प्रिहीटेड ओवन या कढ़ाई में बेक कर लेना है. अगर ओवन में बेक करें तो इसे 170 डिग्री पर बेक करें और यदि कड़ाही में बेक करें तो गैस के सबसे छोटे वाले बर्नर पर सिम आंच पर बेक करें. ओवन में यह 25 मिनट में तैयार हो जाता है और कड़ाही में 30 से 35 मिनट में तैयार हो जाता है. लेकिन इस बीच में एक बार टूथपिक डालकर जरूर चेक कर लें. चोकोचिप्स इसपर छिरक दें.

## ओट्स का केक

**ये चाहिए**

ओट्स पाउडर 70 ग्राम, गेहूं का आटा 70 ग्राम, पिसा हुआ गुड़ 90 ग्राम, दूध 120 ग्राम, बेकिंग पाउडर 1 टीस्पून, बेकिंग सोडा 1/4 टी स्पून, रिफाइंड तेल 50 ग्राम, दही 60 ग्राम, वनीला एसेंस वन टीस्पून.



**ऐसे बनाएं**

सर्वप्रथम ड्राई और वेट इंग्रेडिएंट्स को अलग-अलग कर लें. ओट्स का आटा गेहूं का आटा बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा को एक साथ मिलकर छन्नी में छान लें. उसके बाद वेट इंग्रेडिएंट्स को जिसमें दूध, दही, तेल और गुड़ आता है को एक साथ मिलकर अच्छी तरह फैट लें. जब तक यह एक सार ना हो जाए तब तक इस फेंटना है. अब इसमें वनीला एसेंस भी डाल दें. तत्पश्चात वेट इंग्रेडिएंट्स में ड्राई इंग्रेडिएंट्स को धीमे-धीमे हल्के हाथों से मिलकर फेट लें और पहले से तैयार किए हुए केक दिन में इस मिश्रण को डालकर फ्री हीटेड ओवन या कड़ाही में बैक कर लें. ओवन में यह 25 मिनट में बेक हो जाएगा और कड़ाही में इसे बेक होने में 30 से 35 मिनट लग सकते हैं.

## बढ़ रहा स्लो ब्यूटी का कॉन्सेप्ट

# सजना सजना जरा धीरे-धीरे



बनने-संवरने की दास्तां सदियों पुरानी है. हालांकि कॉस्मेटिक इंडस्ट्री बहुत फास्ट हो चुकी है पर एक बार फिर दादी-नानी के नुस्खों पर लौटते हुए स्लो ब्यूटी का कॉन्सेप्ट अपनाया जा रहा है. 'स्लो ब्यूटी' दरअसल पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच है. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के अनुसार, मेकअप और पर्सनल केयर उद्योग लैंडफिल कचरे के एक तिहाई से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं. ऐसे में सौंदर्य की दुनिया में स्लो ब्यूटी' कंसेप्ट को एक आंदोलन के रूप में लिया जा रहा है. आइए जानें कि कैसे अपनाएं "स्लो ब्यूटी"-

- इसके लिए बड़े पैमाने पर बदलाव की आवश्यकता नहीं है. हानिकारक रसायनों से भरे ओवर-द-काउंटर फेस वॉश के बजाय चेहरे के क्लींजर के रूप में उबटन का उपयोग करें.
- त्वचा में चमक ही नहीं तनाव को कम करने के लिए भी प्राकृतिक सुगंधित तेलों से मसाज लाभप्रद है. यह नारियल तेल भी हो सकता है और कुंकुमादि तेल भी. अपनी परंपरा में ये कई विकल्पों में उपलब्ध हैं, चुनिए और अपनाइए.
- अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर वाले पदार्थ, बीज व सूखे मेवों को शामिल करें.
- नए मेकअप उत्पादों की खरीदारी करते समय सतर्कता बरतें. उनकी सस्टेनेबल पैकेजिंग पर ध्यान दें.
- स्लो ब्यूटी घरेलू और हर्बल, बिना एनिमल टेस्टेड और बायोडिग्रेडेबल उत्पादों को बढ़ावा देता है. हर लड़की सुंदर दिखना चाहती है, लेकिन जरूरी नहीं कि केमिकल वाले मेकअप उत्पादों का उपयोग किया जाए. अपनी डाइट व घरेलू नुस्खे अपनाएं.

# गमले में उगाएं नेनुआ, अरिकोंच

**गर गमले में ही घर की उगाई सब्जियों का लुत्फ उठाना चाहती हैं तो यह समय आपके सपने साकार करने के हैं. इस मौसम में पालक, अरिकोंच, मेथी, करेला, लौकी, बीन्स (सेमफली, लोबिया, राजमा) भिंडी, मूली, फूलगोभी, नेनुआ, प्याज, पत्तागोभी, खीरा, बैंगन आदि सब्जियां उगा सकती हैं. आइए, जाने कि सब्जियों के लिए गमले कैसे तैयार करें और इस मौसम में कौन से पौधे कैसे उगाएं.**



### गमले करें ऐसे तैयार

गमले में 50 प्रतिशत सामान्य मिट्टी, 30 प्रतिशत खाद/वर्मीकंपोस्ट (केंचुआ खाद) और 20 प्रतिशत कोकोपीट (नारियल के छिलके का पाउडर) मिला लें. इस पॉटिंग मिक्स में तकरीबन हर तरह की सब्जियां आराम से उग सकती हैं.

### टमाटर

गमले में उपरोक्त बताया पॉटिंग मिक्स डालें और इस पर टमाटर के स्लाइस थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रखें. इसके ऊपर जरा सी मिट्टी की परत डालें और फिर पानी छिड़क दें. बारिश हो और मिट्टी नम हो तो एक-दो दिन बाद पानी दें, अन्यथा प्रति दिन पानी डालें. जब पौधें कुछ बड़े हों और उन पर फूल आने लगे तो हल्की सी गुड़ाई करें और खाद डालें.



### अरिकोंच/पेचकी

पेकची/अरिकोंच या अरबी के पत्ते की सब्जी खाने के लिए अरबी को भी किसी गमले में लगाया जा सकता है. इसके लिए कुछ अरबियों को चार-पांच दिन के लिए एक भीगे हुए तौलिए में लपेटकर अंधेरी जगह में रखें. बीच-बीच में इनके ऊपर से पानी का छिड़काव करती रहें. पांच-छह दिन में जब अरबी अंकुरित होने लगें, तब इन्हें बड़े कंटेनर में लगा सकते हैं. कंटेनर में पॉटिंग मिक्स भरें और अंकुरित अरबी लगा दें. इस पौधे को नियमित पानी तो दें लेकिन ध्यान रखें कि अधिक पानी से पौधे खराब हो जाते हैं. लगभग दो महीने में अरिकोंच, पेचकी के पौधे घने हो जाएंगे और आप इसके पत्ते की सब्जी बना सकते हैं. अगर अरबी का कंद चाहिए तो करीब पांच महीने बाद जब ये पौधे सूख जाएं तो मिट्टी के नीचे से अरबी का कंद निकाल लें.



### नेनुआ

नेनुआ लगाने के लिए एक डिस्पोजल गिलास में वर्मीकम्पोस्ट या गोबर की खाद भरें और इसमें दो-दो बीज लगा दें. अब हल्का पानी छींट दें. चार से पांच दिन में अंकुरण हो जाएगा. करीब दो हफ्ते बाद इसके पौधे को 15 से 20 इंच के गमले में लगाएं. दो महीने में इसमें फूल आना शुरू हो जाएंगे.



### सेम की फली



सेम के बीजों को रात भर पानी में भिगो कर रखें और सुबह इन्हें सीडलिंग ट्रे में लगा दे. हफ्ता-दस दिन बाद पौधों को 24 इंच या उससे बड़े गमले में लगा लें. करीब महीने भर में बेल फैल जाएगी तब उसे बढ़ने के लिए कोई सहारा दीजिए. करीब दो-ढाई महीने में सेम की फलियां आने लगेंगी.

### खीरा

15 से 18 इंच के गमले में पॉटिंग मिक्स भरकर पानी का छिड़काव करें और इसमें खीरे के बीज लगा दें. अब इसे धूप से दूर रखें. करीब एक हफ्ते में बीज अंकुरित हो जाएंगे तब गमलों को धूम में रख दें और नियमित पानी दें. लगभग एक महीने के बाद से पौधों में गोबर, नीमखली और सरसों की खली जैसे जैविक खाद दें.



# टेंशन उड़न छू



इन दिनों तनाव सबसे कॉमन समस्या है. इनसे बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है पर्याप्त नींद. इसके अलावा ध्यान, योग, प्रोग्रेसिव मसल्स रिलैक्सेशन, गाइडेड इमेजरी, एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं. तनाव से बचने में सोशल नेटवर्क भी महत्वपूर्ण है. पुराने दोस्तों, परिवार के लोगों को अपने पार्टनर के साथ हमेशा बातचीत करते रहें. वक्त मिलने पर कुछ नया सीखें. हरी सब्जियां और फल खाएं. अंत में सबसे महत्वपूर्ण यह कि जब जरुरत हो दूसरों से मदद लेने में संकोच न करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

#### कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया. स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया. दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया. दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था. उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे.

#### इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1 . 2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे . साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं . उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है. उन्होंने कहा ,'इंग्लैंड टीम के लिये खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिये गर्व की बात रही .यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया. लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नये अध्याय का समय है. उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची . लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिये तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके .

#### सुमित नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ हासिल की

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं.सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है. उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी. नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए. विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं.

#### महिला एशिया कप में मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की.एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी.टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी.एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, 'महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है !' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे. जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं.भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा.

**ओलंपिक संभावना :** भारतीय हॉकी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय से खास बातचीत

# कठिन पूल से टीम चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का पूरा है यकीन

मोना पार्थसारथी। बेंगलुरु

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है, लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी. तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां एक खास बातचीत में कहा, ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं. हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे. भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढ़ता के लिए स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी.

**भारत की पहली भिड़ंत 27 को न्यूजीलैंड से :** भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है. भारत के लिए 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा , हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था. हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे.वाराणसी के रहने वाले इस खिलाड़ी ने कहा , हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है. फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं. युवा खिलाड़ियों के साथ सीनियर्स की फिटनेस का स्तर भी जबर्दस्त है. तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे, जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है. ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे.

उन्होंने कहा , ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं. हम काफी समय से इनके साथ खेल रहे हैं और तालमेल अच्छा है. एक दूसरे से बात करते रहते हैं और अनुभव साझा करते हैं. टीम की तैयारियों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , हॉकी हमेशा बदलती रहती हैं और सारी टीमें खुद को अपडेट करती रहती हैं. इसी को देखकर हमारा ट्रेनिंग कार्यक्रम भी तैयार होता है. हमने हाल ही में एफआईएच प्रो लीग खेला और हम शीर्ष टीमों जैसे आस्ट्रेलिया, जर्मनी, बेल्जियम को ध्यान में रख कर अभ्यास करते हैं और अपने ओलंपिक ढांचे पर काम करते रहते हैं .उन्होंने कहा , इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है. फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाए. ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि तोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी. उन्होंने कहा , कोविड के समय हम सभी यहां साइ सेंटर पर काफी समय साथ रहे जिससे एक दूसरे को जानने का अधिक मौका मिला था.

#### भारतीय आक्रमण की अहम कड़ी

भारतीय आक्रमण की अहम कड़ी बने ललित उस दौर को भुला चुके हैं जब एक टीवी स्टिंग आपरेशन ने उनका कैरियर बनने से पहले ही लगभग खत्म कर दिया था . वर्ष 2008 में आईएचएफ के तत्कालीन सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने रिपोर्टर ने एजेंट बनकर उत्तर प्रदेश के ललित को टीम में लेने पर प्रायोजन करार देने का प्रस्ताव रखा था . इस तरह की डील से नावाकिफ ललित को इस घटना ने झकझोर दिया था और वह हॉकी छोड़ने का मन बना चुके थे . उन्होंने यादों की परतें खोलते हुए कहा , मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था . कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है, उसके साथ ऐसा हो जाए तो वह टूट ही जाएगा .



#### ललित में खांटी बनारसी झलक

हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है . उन्होंने कहा , हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है . हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है . हर टूर्नामेंट से पहले काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा , इसलिए ईश्वर ने जितना दिया उससे संतुष्ट हूं . बस इतना ही चाहते हैं कि हॉकी की यह विरासत बरकरार रहे और भारतीय हॉकी का परचम लहराता रहे .

**पेरिस ओलंपिक टेबल टेनिस:** भारत को पदक जीतने की उम्मीद

# शरत कमल और मनिका बत्रा पर रहेगा दारोमदार

एजेंसी। नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब ज्यादा दिन शेष नहीं रह गए हैं. भारतीय दल से इस बार काफी उम्मीदें है और टेबल टेनिस खिलाड़ी भी पदक के लिए पूरा दम लगाने को लेकर पूरी तरह तैयार हैं. 1988 ओलंपिक में भारत पहली बार टेबल टेनिस में खेलने उतरा था, लेकिन अब तक टीम को इन खेलों में कभी सफलता नहीं मिली है. देश को उम्मीद है कि इस बार टेबल टेनिस में भी भारत पदक का खाता खोलेगा.

**पहली बार पुरुष और महिला भारतीय टीम एक साथ करेगी शिरकत :** ओलंपिक में पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब पुरुष और महिला भारतीय टीम एक साथ पेरिस ओलंपिक में शिरकत करेंगी. टेबल टेनिस में भारतीय चुनौती की जिम्मेदारी पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे अचंत शरत कमल और मनिका बत्रा के कंधों पर रहेगी. वहीं, विश्व कप 25 श्रीजा अकुला भी कमाल कर सकती हैं. भारत ने इस खेल में कभी पदक नहीं जीता है, लेकिन पेरिस में हिस्सा ले रही टीम अपने दिन किसी भी टीम को हराने में सक्षम है.

श्रीजा अकुला ने बीते महीने ही डब्ल्यूटीटी कटेंडर का खिताब जीता था. सऊदी स्मैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली मनिका की विश्व रैंकिंग 28 है. अर्चना कामथ 123वें नंबर पर है, जबकि शरत कमल 40वें, मानव ठक्कर 56वें और हरमीत देसाई 86वें नंबर पर हैं.



फाइल फोटो

#### टेबल टेनिस दल में सबसे ज्यादा सहयोगी स्टाफ

पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है . ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं . इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है क्योंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं . नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिये और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी ( तीन महिला और तीन पुरूष) टीम में हैं . स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी . तीन सदस्यीय पुरुष टीम में भारत के ध्वजवाहक अचंता शरत कमल के साथ उनके कोच क्रिस पेइफेर होंगे . हरमीत देसाई ओर मानव ठक्कर भी टीम में हैं .

#### भारतीय टेबल टेनिस टीम इस प्रकार है...

- **पुरुष :** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर
- **महिला :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अर्चना कामथ
- **रिजर्व :** जी साथियान, अहिका मुखर्जी

#### टोक्यो में विवादों में घिरी थी भारतीय टीम

टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारतीय टेबल टेनिस टीम विवाद में घिर गई थी जब मनिका ने राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय से मदद लेने से इन्कार कर दिया और बाद में उन पर मैच फिक्सिंग का आरोप भी लगाया था . पेरिस ओलंपिक से पहले सभी निजी कोच पिछले सप्ताह टीम के साथ जर्मनी रवाना हो गए थे . टीम 21 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होगी .

#### जर्मनी में तैयारी कर रही है टीम

भारतीय टीम इस वक्त जर्मनी के सारब्रुकेन में तैयारी कर रही है . टीम के साथ इटली के कोच मासीमो कांस्टेंटीनी हैं, लेकिन मनिका बत्रा और शरत समेत ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपने निजी प्रशिक्षकों को वरीयता दी है .

**पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन:** सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिला आसान ड्रॉ

# तीसरी वरीयता के साथ पदक पर दांव लगाने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के लिए बैडमिंटन के ड्रॉ कुछ दिन पहले निकले थे, लेकिन उसमें पुरुष डबल्स के ड्रॉ की घोषणा नहीं हुई थी. अब 26 जुलाई से शुरू हो रहे इन खेलों के लिए डबल्स वर्ग के ड्रॉ की घोषणा भी हो गई है और सात्विक ,साईराज रेंकी रेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी को अनुकूल ड्रॉ मिला है. थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है.

**सुनवाई के कारण पुरुष डबल्स के ड्रॉ हुए थे स्थगित :** ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष डबल्स ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था. खेल की वैश्विक संचालन संस्था को ड्रॉ स्थगित करना पड़ा क्योंकि कैस ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) को आदेश दिया कि कोर्वी और लेबर की जोड़ी को ओलंपिक खेलों में शामिल करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सिफारिश की जाए. फ्रांस की जोड़ी के शामिल होने से पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी.

**सात्विक-चिराग की जोड़ी ग्रुप-सी में :** स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी. राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है. ओलंपिक में बैडमिंटन स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी.

**सिंधू-प्रणय को मिला था आसान ग्रुप :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय को आसान ग्रुप में जगह मिली थी. रियो खेलों में रजत पदक और उसके बाद टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को 10वीं वरीयता दी गई थी. वहीं, विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनिषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को महिला डबल्स में मुश्किल ग्रुप सी में जगह मिली थी.



फाइल फोटो

## ओलंपिक में लक्ष्य को मिला अच्छा ड्रॉ, खुलकर खेलेगा : विमल कुमार

**नयी दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें अंडरडॉग होने के कारण वह खुल कर खेल सकेगा. दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से ग्रुप एल में पार पाना होगा. भारत के पूर्व कोच विमल ने फ्रांस के मार्सेले से कहा , मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है. उन्होंने कहा ,वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है. यह बराबरी का मामला है. दूसरे चरण में जाने के लिए मौकों को भुनाना होगा. मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है.

फैबियानो कारुआना बने चैंपियन

## रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भारतीयों का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में प्रभावित नहीं कर सके, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता. गुकेश ने इस टूर्नामेंट में 14 अंक बनाए और सातवें स्थान पर रहे. गुकेश अलावा इसमे हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती 11 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे.रूस के इयान नेपोमनियाचची 18.5 अंकों के साथ पांचवें जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन 17 अंक बनाकर छठे स्थान पर रहे. अनीश गिरी 13.5 अंकों के साथ 8वें स्थान रहे. क्रोएशिया के इवान सारिक ने 10 अंक बनाए और वह 10वें और अंतिम स्थान पर रहे. कारुआना ने यहां सुपरवेट क्लासिक में जीत दर्ज करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. उन्होंने 27 अंक बनाकर नॉर्वे के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के रिकॉर्ड की बराबरी की. उन्होंने शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया, जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर पर काबिज फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वचियर लाग्रेव तथा अमेरिका के वेस्ली सो उनसे चार अंक पीछे रहे.

## बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हल्के में नहीं ले सकते : बोपन्ना

एजेंसी। नयी दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं. मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है. भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी. बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता. 44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना. बोपन्ना ने इंटरव्यू में कहा , मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है. हम सिर्फ भागीदारी के लिए नहीं जा रहे. उन्होंने कहा , हम पूरी तैयारी के साथ जाएंगे. एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है. बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है. उन्होंने कहा ,हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा. फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है. बोपन्ना ने कहा, क्ले कोर्टपर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिए जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके. हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता. उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि यह कठिन फैसला था क्योंकि उन्होंने दोनों में से किसी के साथ टूर पर नहीं खेला है.



## फिटनेस में फेल मेस्सी के विश्वक्रप खेलने पर संशय

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने आखिरी किले में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये. मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा. अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता. मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है. 37 वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे. कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा. इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके. उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया.



**ओलंपिक** पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ 10 दिन बचे हैं, सरगर्मी और बढ़ गई है

# खाता खुला तो मेडल्स की झड़ी लग जाएगी: अभिषेक वर्मा

एजेंसी। नयी दिल्ली

पेरिस ओलिंपिक शुरू होने अब सिर्फ 10 दिन बचे हैं और इसको लेकर सरगर्मी बढ़ गई है. पेरिस में भारत का शुरुआती इवेंट आर्चरी ही होगा. यह 26 जुलाई को ओपनिंग सेरिमनी से एक दिन पहले ही शुरू हो जाएगा. आर्चरी में पांच मेडल इवेंट होंगे और सभी में भारत अपनी दावेदारी पेश करेगा. इस विषय को लेकर

मौके पर अभिषेक वर्मा ने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत की. वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स में गोल्ड मेडलिस्ट (कंपाउंड आर्चरी) अभिषेक वर्मा भले ही इस बार ओलिंपिक में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने भारतीय टीम के लिए कुछ अच्छी बातें कही हैं.



बकौल अभिषेक वर्मा, मुझे पूरा यकीन है कि खेलों के इस महाआयोजन में पदक का सूखा इस बार खत्म हो जाएगा. भारतीय आर्चरी टीम पेरिस में तीन मेडल तक जीत सकती है क्योंकि हमारी टीम बहुत ही मजबूत है. यह पिछले कुछ वर्षों से टॉप लेवल पर लगातार अच्छा कर रही है. मैं पदक को लेकर इसलिए भी भरोसे के साथ कह रहा हूं क्योंकि इस बार टीम की बॉन्डिंग जबरदस्त नजर आ रही है. मेंस टीम में तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव, धीरज बोम्मादेवरा की तिकड़ी आर्मी से है और लंबे समय से एक साथ ट्रेनिंग कर रही है. तीनों ज्यादा से ज्यादा वक्त एक दूसरे के साथ गुजारते हैं जिसका असर टीम इवेंट में जरूर दिखेगा. ओलिंपिक में एक बार आर्चरी में खाता खुल गया तो फिर आगे इस खेल में मेडल्स की झड़ी लग जाएगी.''

अनुभवी तरुणदीप अपना चौथा ओलिंपिक खेलने जा रहे हैं और वह इस बार खाली हाथ नहीं लौटना चाहेंगे. महिला टीम में दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत हैं. हमेशा की तरह दीपिका एक बार फिर व्यक्तिगत प्रतियोगिता में मेडल की दावेदार होंगी. दीपिका भले ही पिछली तीन बार में चूक गई हों, लेकिन मां बनने के बाद जिस आत्मविश्वास के साथ उन्होंने वापसी की वह काबिले तारीफ है. व्यक्तिगत स्पर्धा में उनका पदक आता दिख रहा है.

## श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पंड्या होंगे भारत के कप्तान

एजेंसी। नयी दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे. पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे. बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया , हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे. वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे. रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया. टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे. टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी. अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव. वनडे श्रृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा.



#### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का

**नयी दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंच कर पदक पक्का कर लिया. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3 . 2 से हराया. दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए. करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6 . 9 और 7 . 10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2 . 11, 11 . 4, 10 . 12, 11 . 8, 12 . 10 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा. वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई.

▼ ब्रीफ खबरें

## तीन अपराधी गिरफ्तार हथियार-कारतूस बरामद

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर पुलिस तीन शातिर अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. बता दें कि पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर ओपी थाना क्षेत्र का है. जहां राजेपुर ओपी थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र में पहुंचे हैं. सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष ने घेराबंदी की. जहां पुलिस को देख कर सभी अपराधी वहां से भागने लगे. लेकिन तीनों अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

## चाय दुकान पर बैठे दुकानदार की हत्या

**सासाराम ।** सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के बौलिया रोड में एक चाय नाश्ते की दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति की हत्या कर दी गई. बताया जाता है कि सीने में पेचकस से वार कर मनोज कुमार को घायल कर दिया गया. लेकिन इलाज के दौरान सासाराम के सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई. बताया जाता है कि तिलौथू का रहने वाला मनोज कुमार अपने एक रिश्तेदार के यहां रहकर उसके दुकान में काम किया करता था. लेकिन आज उसे पर अचानक हमला कर दिया गया और सीने में पेचकस से वार कर उसे घायल कर दिया गया. अस्पताल के सदर अस्पताल में जब उसका इलाज चल रहा था, जहां उसकी मनोज की मौत हो गई.

## फर्जी चालान के साथ बालू माफिया गिरफ्तार

**पटना ।** पटना जिले के बिहटा थानाक्षेत्र के लई बाजार में खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लई शिविर पर एक सीमेंट दुकान में छापेमारी की. जहां छापेमारी के दौरान बालू का नकली चालान बना रहे एक माफिया को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक के पास से करीब 50 से 60 पीस नकली बालू का चालान, ढाई लाख रुपया नगदी के साथ दो लेपटॉप, एक प्रिंटर, एक रुपये गिनने वाला मशीन को भी जब्त किया है. गिरफ्तार माफिया की पहचान बिहटा के केल्हनपुर निवासी बालू कारोबारी पप्पू यादव का छोटे भाई अजय कुमार के रूप में की जा रही है.

### स्कार्पियो से बाढ़ उमानाथ मंदिर में मुंडन करवाने परिवार के साथ निकले थे

# पटना में स्कॉर्पियो-हाइवा में टक्कर, छह लोगों की मौत

- स्कॉर्पियो ड्राइवर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गाड़ी चला रहा था, संतुलन खो बैठा
- अचानक गाड़ी के ड्राइवर को नींद आ गई, संतुलन बिगड़ा तो खड़े हाइवा से टकरा गई गाड़ी

**संवाददाता ।नवादा**

पटना जिले के बाढ़ मुंडन कराने स्कार्पियो से जा रहे नवादा जिले के हमीदपुर बारा निवासी की हाइवा से टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गयी है. नवादा के नरहट से मंगलवार को सुबह 3:00 बजे अहले सुबह रामचंद्र यादव अपने परिवार के साथ अपने परिवार के साथ स्कॉपियो गाड़ी से बाढ़ उमानाथ मंदिर में मुंडन करवाने परिवार के साथ निकले थे. सब लोग हंसी खुशी से जा रहे थे कि बाढ़ बख्तियारपुर फोरलेन समीप स्कारपियो ड्राइवर जो 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गाड़ी चला रहा था. अचानक गाड़ी का ड्राइवर को नींद लग गई. गाड़ी संतुलन खोकर खड़ी हाइवा से टकरा गई. जिससे स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए. वहीं घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि एक की मौत इलाज के दौरान हो गई है. एक घायल ने परिजनों को बताया कि स्कॉर्पियो ड्राइवर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गाड़ी चला रहा था. स्कॉर्पियो में 11 लोग सवार थे .घटना ड्राइवर को नींद लगने के कारण से यह घटना घटी है. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सबको पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा है. घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम का माहौल है परिजन का रो रो कर बुरा हाल है.


हादसे के बाद वाहन की तस्वीर .

# प्रधान सचिव व पूर्व विधायक के घर ईडी ने की छापेमारी

**संवाददाता ।पटना**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व विधायक के आवास पर एक साथ छापेमारी की. हालांकि, अभी तक प्रवर्तन निदेशालय ने इसकी पुष्टि नहीं की है. जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक और बसपा उम्मीदवार गुलाब यादव के झंझारपुर, पुणे जबकि आईएएस और प्रदेश के उर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना स्थित आवास और कार्यालय पर ईडी की टीम ने एक साथ धावा बोला. आईएएस संजीव हंस से संपर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हंस और गुलाब यादव पर ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट मामले में की गई है. ईडी की टीम मंगलवार की सुबह ईडी की टीम ने गुलाब यादव के लखनौर प्रखंड के गंगापुर स्थित आवास पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की. हालांकि, इस दौरान आवास पर घर का कोई सदस्य मौजूद नहीं था.

### मंगलवार की सुबह घर से लाश मिलते ही मच गया हड़कंप

# वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या

- अफजल्ला पंचायत के सुपौल बाजार स्थित पैतृक घर में इस वारदात को अंजाम दिया गया है

**संवाददाता ।दरभंगा**

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की दरभंगा में हत्या कर दी गई है. मंगलवार की सुबह घर से लाश मिलते ही हड़कंप मच गया. दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने हत्या की पुष्टि की है. बताया जाता है कि जीतन सहनी की उम्र करीब 65 साल थी. दरभंगा के बिरौल अनुमंडल की अफजल्ला पंचायत के सुपौल बाजार स्थित पैतृक घर में इस वारदात को अंजाम दिया गया है. घर से जीतन सहनी का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है. घटना के बाद काफी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची है. घटना के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है.

बता दें कि मुकेश सहनी विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक हैं और मल्लाहों के बड़े नेता माने जाते हैं. अभी हाल ही में हुए लोकसभा के चुनाव में उन्होंने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर कई सभाओं को संबोधित किया था. मुकेश सहनी की पार्टी ने बिहार की तीन लोस सीटों पर चुनाव भी लड़ा था.

**किसी धारदार हथियार से हत्या की है :** इस वारदात की जो तस्वीर आई है उसे दिखाया नहीं जा सकता है. शव को देखने से लग रहा था कि किसी धारदार चीज से वार किया गया है. इसके बाद मौत के घाट उतारा गया है. बताया जा रहा है कि मुकेश सहनी के पिता घर में अकेले ही रहते थे. उनके दोनों बेटे मुकेश सहनी और संतोष सहनी बाहर रहते हैं. एक बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है. वह भी बाहर ही रहती है.

**घर से जीतन सहनी का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया**


घटना के बाद लगी भीड़

**जदयू ने कहा**

### पाताल से खोज कर निकाले जाएंगे अपराधी

उधर घटना के बाद सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की प्रतिक्रिया आई है. जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति के साथ ऐसी घटना होगी तो कार्रवाई की जाएगी. जो भी अपराधी होंगे वो पकड़े जाएंगे. उन्हें पाताल से भी खोज कर निकाला जाएगा.

**भाजपा ने कहा**

### 72 घंटे के अंदर ही होगा हत्याकांड का खुलासा

इधर, वारदात के बाद हत्या पर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा कि हत्या किसी की भी हो यह एक जघन्य अपराध है. 72 घंटों के अंदर इसका खुलासा होगा. सभ्य समाज में आप अपराध को रोक नहीं सकते हैं. राज्य सरकार अंकुश लगाना जानती है और इसे गंभीरता से लेगी.

**हत्या के मामले में दो गिरफ्तार :** मुकेश सहनी के पिता की सोमवार देर रात हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. सीएम ने डीजीपी आरएस भट्टी को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया है.

### शिक्षक भर्ती परीक्षा : बीपीएससी ने बदला फॉर्मूला

# पेपर लीक रोकने का निकाला रास्ता

**संवाददाता ।पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग शिक्षक भर्ती परीक्षा 3.0 को लेकर नया तरीका अपनाने जा रहा है. यह तकनीक सफल रही तो बाकी परीक्षाओं में भी इसका उपयोग किया जाएगा. बीपीएससी को शिक्षक भर्ती परीक्षा 3.0 पेपर लीक के बाद रद्द करनी पड़ी थी. इसके बाद अब परीक्षा की नई तारीख करीब आने पर आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए. उन्होंने बताया कि इस नई तरीके के बाद पेपर लीक करने की चाहत रखने वाले परेशान हो जाएंगे. वह जहां से पेपर लीक करेंगे, आयोग को उसका तुरंत पता चल जाएगा. पेपर लीक करने वाले चैनल को तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा. पेपर लीक हुआ भी तो उसका विस्तार उसी जिले तक होगा. दूसरे जिले पर असर नहीं पड़ेगा. उदाहरण के लिए नवादा में अगर पेपर लीक होगा तो पूरे राज्य के सभी केंद्रों की परीक्षा रद्द करने की नौबत नहीं आएगी. इसके लिए हर जिले के हिसाब से प्रश्नपत्र सेट किए गए हैं.



**इस बार प्रश्न पत्र के सेट की कोडिंग कलर से की जाएगी :** अध्यक्ष ने कहा कि आयोग ने तय कि आगामी परीक्षा स्वच्छ और कदाचार रूप से हो, इसके लिए कई तैयारियां की गई है. आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है. परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र के कई सेट रहेंगे. इन प्रश्न के सेटों को अलग-अलग प्रिंटिंग प्रेस से छपवाया जाएगा. इस बार प्रश्न पत्र की कोडिंग नंबर से नहीं की जाएगी.

## गंगा नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से युवक की मौत, शोक की लहर

**भागलपुर ।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के इमामपुर पंचायत स्थित सतघरा निवासी सुमित कुमार की मौत मंगलवार को गंगा में डूबकर हो गई. उल्लेखनीय हो जितेंद्र दास के पुत्र 21 वर्षीय सुमित कुमार बूढ़ानाथ गंगा घाट पर स्नान करने के लिए गया हुआ था. स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण वह डूबने लगा. हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे डूबते देख बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक वह पानी में विलीन हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से डूबे युवक की खोजबीन की जा रही है. लेकिन अभी तक मृतक का शव बरामद नहीं हुआ है.

# दिव्यांग दंपती की नाबालिग बेटी का हाथ-पैर बांध किया दुष्कर्म

**संवाददाता ।समस्तीपुर**

समस्तीपुर जिला में एक दिव्यांग दंपती की नाबालिग किशोरी से गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है. मामला विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रही है, जहां दो लोगों ने छात्रा के हाथ पैर बांधकर इस कुकर्म को अंजाम दिया और उसे गंभीर स्थिति में छोड़ कर मौके से भाग निकले. पुलिस ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. बताया जाता है कि दोनों आरोपियों ने नौंवी की छात्रा को पहले अगवा किया फिर उसके मुंह में कपड़ा बांधकर घर से दूर एक खेत में ले गए, जहां उसका हाथ पैर को रस्सी से बांधकर बारी-बारी से जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद दोनों ने किशोरी को गंभीर हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए. कई घंटे बाद होश आने पर किशोरी ने किसी तरह अपने हाथ-पैर में बंधी रस्सी को खोला और सुबह घर पहुंची और अपने दिव्यांग माता-पिता को आपबीती सुनाई. जिसके बाद लोगों ने विभूतिपुर थानाध्यक्ष को मामले की जानकारी दी और उसके बाद मामला दर्ज किया गया.

## कारोबार

## मस्क ने रोबोटैक्सी के विलंब की पुष्टि की

**डेट्रॉयट (अमेरिका) ।** टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बहुचर्चित रोबोटैक्सी के अनावरण में विलंब की पुष्टि की है. यह बहुचर्चित अनावरण कार्यक्रम आठ अगस्त को होने वाला था. मस्क ने आयोजन की कोई नई तारीख बताए बिना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने वाहन के आगे के हिस्से के डिजाइन में बदलाव का अनुरोध किया है. उन्होंने लिखा, अतिरिक्त समय हमें कुछ अन्य चीजें पेश करने का मौका देता है.

## स्पाइसजेट का शेयर 7% से अधिक चढ़ा

**मुंबई ।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का शेयर मंगलवार को सात प्रतिशत से अधिक चढ़ गया. बीएसई पर शेयर 7.35% चढ़कर 60 रुपये पर पहुंच गया. कंपनी के वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकल मुनाफा छह गुना बढ़कर 119 करोड़ रुपये होने की जानकारी देने के एक दिन बाद शेयर में तेजी आई. विमानन कंपनी ने शेयर बाजारों को दी समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 20% घटकर 1,719.37 करोड़ रुपये रह गयी, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 2,144.85 करोड़ रुपये थी.

## बजाज ऑटो का शुद्ध लाभ 18% बढ़ गया

**नयी दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने मंगलवार को कहा कि अप्रैल-जून, 2024 की तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 1,942 करोड़ रुपये हो गया है. बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को जून तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी. पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,644 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. दोपहिया और तिपहिया विनिर्माता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 11,932 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 10,312 करोड़ रुपये था.

### वियतनाम में बननेवाले पोर्ट में कार्गो को संभालने के लिए कंटेनर टर्मिनल और मल्टीपर्पस बर्थ होंगे

# अडाणी को वियतनाम में पोर्ट बनाने की मिली मंजूरी

**भाषा ।नयी दिल्ली**

आज हर कारोबारी सिर्फ अपने देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी कारोबार फैलाने में लगा है. कोई वाहन तो कोई फोन के निर्माण को लेकर एक देश से दूसरे देश में उत्पादन केंद्र खोलकर कारोबार का विस्तार करने में लगा है. इसमें भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी भी पीछे नहीं हैं. लेकिन उनकी नजर इससे अलग पोर्ट पर टिकी है. वे बिजली और सीमेंट के बाद पोर्ट निर्माण में उतर गए. इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए अडाणी अब वियतनाम में आधुनिक बंदरगाह तैयार करने की योजना बना रहे हैं.

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से शुरू की गई इस परियोजना को वियतनामी सरकार से दा नांग में ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट के लिए 'सैद्धांतिक मंजूरी' मिल गई है. यह जानकारी कंपनी के एमडी करण अडाणी ने दी. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट अभी शुरुआती दौर में है. इसमें अलग-अलग प्रकार के कार्गो को संभालने के लिए कंटेनर टर्मिनल और मल्टीपर्पस बर्थ होंगे. निवेश का विवरण अभी तय नहीं किया गया है.

यह अडाणी समूह का चौथा अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह होगा. इससे पहले समूह के इजरायल में हाइफा, श्रीलंका में कोलंबो और तंजानिया में डार एस सलाम बंदरगाह है. बीते दिनों ही दक्षिण भारत में अडाणी के नए मेगा पोर्ट ने अपने पहले मदर शिप का स्वागत किया. इससे पता चलता है कि कंपनी अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कितनी तेजी से आगे बढ़ रही है. यह ऐसा क्षेत्र है जिस पर फिलहाल चीन का दबदबा है. गौतम अडाणी के बेटे करण ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को एक समुद्री केंद्र के रूप में स्थापित करना है. हम उन देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है या बड़ी आबादी है, जिससे खपत अधिक होती है. हमारा लक्ष्य इन क्षेत्रों में निर्यात की मात्रा को बढ़ाना है.




- यह अडाणी समूह का चौथा अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह होगा
- इससे पहले इजरायल, श्रीलंका और तंजानिया में है

भारत की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटर होने के नाते अडाणी पोर्ट्स को फिलहाल अपने कुल कारोबार का लगभग 5% अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों से प्राप्त होता है. कंपनी का लक्ष्य है कि 2030 तक इस आंकड़े को दोगुना करके 10% तक पहुंचाया जाए.

कंपनी मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, वियतनाम और कंबोडिया में अवसर तलाश रही है. ये वो क्षेत्र हैं जो भारत के व्यापार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं. अडाणी दक्षिण भारत के विजिंजम बंदरगाह में भी अपना निवेश बढ़ा रहे हैं. उन्होंने इसके विस्तार और दुनिया के कुछ सबसे बड़े जहाजों को आकर्षित करने के लिए $2.4 अरब (करीब 20 हजार करोड़ रुपये) का निवेश करने का वादा किया है। करण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उनकी योजना 2028 तक विजिंजम अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल में $2.4 अरब का निवेश करने की है. उनका लक्ष्य बंदरगाह की क्षमता को पांच गुना बढ़ाकर 50 लाख टीईयू तक पहुंचाना है, जो 30 लाख टीईयू की शुरुआती योजना से कहीं ज्यादा है. अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार क्षेत्र में चीन से बेहतर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अडानी ने विस्तार की समयसीमा को 2045 से घटाकर 2028 कर दिया है.

# सेबी ने पेटीएम को भेजा 'प्रशासनिक चेतावनी पत्र'

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है. मामला वित्त वर्ष 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है. कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने लगातार सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है. फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को अपना जवाब भी देगी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है. सेबी के पत्र के अनुसार, इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए... वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए. पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की. बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था. ओसीएल तथा पीपीबीएल की अनुषंगी कंपनियों के बीच लेनदेन वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आरपीटी के रूप में सही नहीं हैं.




सेबी ने कहा, दूसरी ओर कंपनी के निदेशक मंडल और लेखा परीक्षा समिति ने ओसीएल और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच पीपीबीएल के साथ लेनदेन को महत्वपूर्ण आरपीटी माना है. साथ ही एक प्रस्ताव पारित किया गया कि पीपीबीएल के साथ आरपीटी, संबंधित प्रस्तावों में उल्लिखित सीमाओं के भीतर होंगे.

## स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स ने अहलूवालिया को दिया 581 करोड़ रुपये का ठेका

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स ने गुरुग्राम में अपनी लक्जरी आवासीय परियोजना के निर्माण के लिए अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को 581 करोड़ रुपये का ठेका दिया है. कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, परियोजना 'स्मार्टवर्ल्ड द एडिशन' गुरुग्राम के सेक्टर 66 में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित है. इसके साथ कंपनी लक्जरी आवासीय खंड में प्रवेश कर रही है. इस परियोजना से 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है. गुरुग्राम स्थित स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स की स्थापना 2021 में की गई थी. बयान के अनुसार, 30 लाख वर्ग फुट के बिक्री योग्य क्षेत्र और 10 एकड़ में फैली इस परियोजना में करीब 900 अपार्टमेंट होंगे. स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विवेक सिंघल ने कहा, कई बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने के बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) ने निर्माण उद्योग में एक मिसाल कायम की है. हमें विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता और गुणवत्ता को लेकर प्रतिबद्धता इस परियोजना की सफलता सुनिश्चित करेगी. कंपनी गुरुग्राम में कई परियोजनाओं को अंजाम दे रही है.

**मध्यप्रदेश**

### 10 करोड़ पेड़ लगाने के अदाणी ग्रुप इंदौर में वितरित करेगा 11 लाख पौधे

# इंदौर में ग्रीन कैंपेन के तहत लगाए जाएंगे 51 लाख पेड़



- पौधे 25 विभिन्न प्रजातियों के होंगे, जो शहर के ग्रीन जोन में जैव विविधता (बायोडायवर्सिटी) विकसित करने में मदद करेंगे

**एजेंसी ।इंदौर**

साल 2030 तक 10 करोड़ पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के अपने संकल्प के तहत अदाणी समूह मध्य प्रदेश सरकार की मुहिम में शामिल हो गया है. इंदौर में ग्रीन कैंपेन के तहत 51 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है. अदाणी समूह इस ग्रीन कैंपेन के लिए 11 लाख पौधे उपलब्ध कराएगा. इस साल बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्य के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 5.5 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया था. यह देश भर में 140 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का हिस्सा है. एक पेड़ मां के नाम को भी आगे बढ़ाएगा. इंदौर में लगाए जाने वाले 51 लाख पेड़ों में से 11 लाख पौधे अदाणी समूह उपलब्ध कराएगा. ये पौधे 25 विभिन्न प्रजातियों के होंगे, जो शहर के ग्रीन जोन में जैव विविधता (बायोडायवर्सिटी) विकसित करने में मदद करेंगे.

**अदाणी समूह का 10 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प :** अदाणी समूह ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के ट्रिलियन ट्रीज़ प्लेटफॉर्म 1t.org पर साल 2030 तक 10 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प किया है. ये संकल्प It.org पर अब तक की गई सबसे महत्वाकांक्षी कॉर्पोरेट प्रतिबद्धताओं में से एक है. समूह, पहले ही करीब 3 करोड़ पेड़ लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प ले चुका है. एक जिम्मेदार बिजनेस ग्रुप के रूप में, अदाणी ग्रुप का लक्ष्य वैश्विक स्थिरता में योगदान देना है.

अदाणी समूह का ये संकल्प भविष्य में नेट जीरो कार्बन के लक्ष्य को पूरा करेगा. पेड़ एक महत्वपूर्ण कार्बन सिंक हैं, वे बायोडायवर्सिटी को बढ़ाते हैं जो स्वस्थ ग्रह और समुदाय के लिए जरुरी है. यह संकल्प पेरिस समझौते के तहत भारत की राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) प्रतिबद्धता के अनुरूप है. देश 250 से 300 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड को अलग करने के लिए अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

# डेल्हीवरी ने प्रशांत गाजीपुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष किया नियुक्त

- ईकॉम एक्सप्रेस में 'कंट्री हेड' और 'चीफ प्रोसेस ऑफिसर' के रूप में सेवाएं दे चुके हैं

**एजेंसी ।मुंबई**

लॉजिस्टिक्स कंपनी डेल्हीवरी ने प्रशांत गाजीपुर को परिचालन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वीपी) नियुक्त किया है. कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, गाजीपुर अपनी नई भूमिका में अंतिम छोर तक कंपनी की पिकअप और डिलीवरी परिचालन की क्षमता निर्माण और परिचालन उत्कृष्टता का काम संभालेंगे. बयान के अनुसार, गाजीपुर को उद्योग जगत में एक दशक से अधिक का अनुभव है. वर्तमान पदभार ग्रहण करने से पहले ईकॉम एक्सप्रेस में 'कंट्री हेड' और 'चीफ प्रोसेस ऑफिसर' के रूप में सेवाएं दे चुके हैं. इसके अलावा वह अमेजन जैसी अन्य ई-वाणिज्य कंपनियों से भी जुड़े रहे हैं, जहां वह कंपनी की 'लॉजिस्टिक्स टीम' के शुरुआती सदस्य थे. डेल्हीवरी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी साहिल बरुआ ने कहा, सार्वजनिक होने के बाद से हमने जो ठोस परिचालन आधार बनाया है..उसमें प्रशांत गाजीपुर का परिचालन अनुभव और नेतृत्व हमारी तात्कालिक तथा दीर्घकालिक वृद्धि में सहायक होगा.



नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री 'ट्रिनिटी कॉलेज' में पढ़ाई के दौरान मिलने का जिक्र करते हुए बोले-गांधी का हालिया प्रदर्शन 'असाधारण रूप से अच्छा'

# राजनीतिज्ञ के रूप में काफी परिपक्व हो गए हैं राहुल : अमर्त्य सेन

एजेंसी। बोलपुर (पश्चिम बंगाल)

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी समय के साथ 'काफी परिपक्व हो गए' हैं लेकिन उनकी असल परीक्षा यह होगी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग की मौजूदा सरकार में संसद में विपक्ष का नेतृत्व कैसे करते हैं. सेन (90) ने कहा कि राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने न केवल उन्हें एक राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित किया, बल्कि देश के राजनीतिक परिदृश्य को भी समृद्ध किया है. उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर 'पीटीआई-भाषा' से विशेष साक्षात्कार में इस बात का जिक्र किया कि कैसे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज में छात्र के रूप में राहुल इस बात को लेकर अनिश्चित थे कि जीवन में 'वह क्या करना चाहते हैं' क्योंकि 'उस समय राजनीति उन्हें आकर्षित नहीं करती थी.' कहा, 'मुझे लगता है कि वह (राहुल) अब काफी परिपक्व व्यक्ति हैं. मैं उन्हें तब से जानता हूं जब वह 'ट्रिनिटी कॉलेज' के छात्र थे...वह कॉलेज जहां मैंने पढ़ाई की और बाद में उसमें 'मास्टर' बन गया. वह (राहुल) उस समय मुझसे मिलने आए थे और वह उस समय ऐसे व्यक्ति थे जो इस बात को लेकर स्पष्ट नहीं थे कि वह क्या करना चाहते हैं. ऐसा लगता था कि उस समय उन्हें राजनीति पसंद नहीं थी.' 'भारत रत्न' से सम्मानित सेन ने कहा, कांग्रेस नेता को राजनीति में अपने शुरुआती दिनों में भले ही कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनमें काफी बदलाव आया है. उनका हालिया प्रदर्शन 'असाधारण रूप से अच्छा' रहा है.





### प्रधानमंत्री बनने की संभावना पर अनुमान लगाना कठिन

क्या वह राहुल गांधी में भारत के अगले प्रधानमंत्री को देखते हैं, सेन ने कहा कि ऐसी संभावनाओं का अनुमान लगाना कठिन है. मैं इस बात का जवाब नहीं दूंगा. सेन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'जब मैं दिल्ली में छात्र था, तब अगर कोई मुझसे पूछता कि मेरे सहपाठियों में से किसके प्रधानमंत्री बनने की संभावना सबसे कम है तो मैं मनमोहन सिंह का नाम लेता क्योंकि उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन फिर वह प्रधानमंत्री बने और मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन प्रधानमंत्री बने. इसलिए, इन चीजों की भविष्यवाणी करना मुश्किल है. मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है, खासकर वह राजनीति पर अपने विचारों को पहले की तुलना में कहीं अधिक स्पष्टता से व्यक्त करते हैं.'

मानहानि मामले में बंबई हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा

## राहुल गांधी के पास शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है : उच्च न्यायालय



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है. न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है. अदालत ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की एक लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की. इस आदेश की विस्तृत प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई.

## ब्रीफ खबरें

### तूफान व भारी बारिश से 35 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** तालिबान के एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार को पूर्वी अफगानिस्तान में तूफान और भारी बारिश की वजह से 35 लोगों की मौत हो गई. सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक सेदिकुल्लाह कुरैशी ने बताया कि नांगरहार प्रांत में कई लोग घायल भी हुए हैं. कुरैशी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के वे पांच लोग भी शामिल हैं जिनकी जान सुर्ख रोड जिले में एक मकान की छत गिर जाने के कारण गई. हादसे में परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए.

### बस-ट्रैक्टर की टक्कर में पांच मरे, 42 घायल

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के ट्रैक्टर से टकरा जाने के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बस में 54 'वारकरी' (भगवान विट्ठल के भक्त) सवार थे जो मुंबई के पास ठाणे जिले में अपने गृहनगर डोंबिवली से आषाढ़ी एकादशी समारोह में हिस्सा लेने के लिए पंढरपुर जा रहे थे. यह दुर्घटना नवी मुंबई में पनवेल के निकट मध्य रात्रि के आसपास हुई जब एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार से जा रही बस ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी.

### भूस्खलन में सात लोगों की मौत होने की आशंका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर में मंगलवार को हुए भूस्खलन में एक परिवार के पांच सदस्यों सहित सात लोगों की मौत होने की आशंका है. अधिकारियों ने शुरुआती रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सड़क किनारे एक छोटी दुकान चलाने वाले परिवार के सदस्यों के पहाड़ी से गिरी मिट्टी के नीचे दबे होने का संदेह है. सूत्रों ने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बताया कि भूस्खलन के कारण एक गैस टैंकर भी पास की गंगावली नदी में जा गिरा.

### पुरी रत्न भंडार कल फिर खोला जाएगा

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष बृहस्पतिवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके. यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, रत्न भंडार को खोलने के दौरान देखरेख के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक के दौरान लिया गया.

### भारत पुतिन से युद्ध बंद करने को कहे: अमेरिका

**मिलवाउकी (अमेरिका)।** रूस के साथ भारत के पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए अमेरिका ने कहा है कि उसने नयी दिल्ली से आग्रह किया है कि वह मॉस्को के साथ अपने संबंधों का 'इस्तेमाल कर' रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन के खिलाफ 'अवैध युद्ध' को समाप्त करने की अपील करे. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को कहा, 'भारत के रूस के साथ बहुत पुराने संबंध हैं. हमने भारत को प्रोत्साहित किया है कि वह रूस के साथ इन पुराने संबंधों, अपनी अनूठी स्थिति का इस्तेमाल करें.

**अमेरिकी आम चुनाव :** वेंस के पास कंजर्वेटिव वोटों का अच्छा आधार

# ट्रंप ने आलोचक रहे वेंस को चुना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

एजेंसी। मिलवाउकी/वाशिंगटन

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओहायो से रिपब्लिकन सीनेटर जेडी वेंस को अपने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर चुना है. ट्रंप ने सोमवार को इसका ऐलान किया. ट्रंप ने अपने 'ट्रूथ सोशल' नेटवर्क पर एक पोस्ट में लिखा, 'लंबा विचार-विमर्श करने और कई अन्य लोगों की प्रतिभाओं पर गौर करने के बाद मैंने फैसला किया है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार ग्रेट स्टेट ऑफ ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस हैं.' वेंस ट्रंप के आलोचक रहे हैं लेकिन बाद में उनके सहयोगी बन गए. ओहायो से पहली बार सीनेटर चुने गए वेंस के पास कंजर्वेटिव वोटों का अच्छा आधार रहा है. वेंस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने से बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव वोटर रिपब्लिकन पार्टी की ओर आकर्षित हो सकते हैं.

वेंस वेंचर पूंजावादी रहे हैं. वेंस की लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की उम्मीद जताई जा रही थी. जब ओहायो के रिपब्लिकन सीनेटर रॉब पोर्टमैन ने 2022 के चुनाव में दोबारा चुनाव नहीं लड़ने का फ़ैसला किया तभी से वेंस की दावेदारी और मज़बूत हो गई. वहीं वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से उनकी पत्नी ऊषा चिलुकुरी वेंस भी सुर्खियों में आ गई हैं जो कि भारतीय-अमेरिकी नागरिक हैं. अगर ट्रंप और वेंस पांच नवंबर को होने जा रहा आम चुनाव जीत जाते हैं तो ऊषा (39) 'सेकंड लेडी' (उपराष्ट्रपति की पत्नी) का दर्जा पाने वाली संभवतः पहली भारतीय-अमेरिकी होंगी. 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में पर्याप्त संख्या में 'डेलीगेट' (मतदाताओं के समूह का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति) के वोट हासिल करने के बाद सोमवार को जब वेंस ने अपनी उम्मीदवारी स्वीकार की, तब उनकी पत्नी मौजूद थीं.

**वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जेडी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 'देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है.' शनिवार को एक रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद धीमे पड़े प्रचार अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है. प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे.



सम्मेलन में रिपब्लिकन उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस के साथ. प्रेट्र

### ऊषा वेंस हो सकती हैं पहली भारतीय-अमेरिकी 'सेकंड लेडी'

भारतीय अप्रवासियों की बेटी ऊषा सैन डिएगो में पली-बढ़ीं. पुराने मित्र उन्हें एक 'नेता' और 'किताबी कीड़ा' कहते हैं. वह 2014 तक डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य थीं. ऊषा ने 'येल लॉ स्कूल' से स्नातक किया और वह दीवानी मुकदमों की वकील हैं. वह उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के क्लर्क के तौर पर भी काम कर चुकी हैं. 'येल लॉ स्कूल' में पढ़ाई के दौरान ऊषा और वेंस की मुलाकात हुई. 'न्यूयॉर्क पोस्ट' की खबर के अनुसार, अगर वेंस चुनाव जीतते हैं तो ऊषा पहली हिंदू महिला होंगी जो कि किसी उपराष्ट्रपति की पत्नी हैं. और वह 'सेंकड जेंटलमेंट' (उपराष्ट्रपति के पति) डग एमहॉफ का स्थान लेंगी. देश में एमहॉफ पहले ऐसे यहूदी हैं जो कि किसी उपराष्ट्रपति के जीवनसाथी हैं. 'न्यूयॉर्क टाइम्स' में छपे परिचय के अनुसार वेंस दंपति की शादी 2014 में केंटकी में हुई थी और एक अलग समारोह में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों को निभाते हुए पुजारी से आशीर्वाद लिया था. वेंस के दो बेटे इवान तथा विवेक और एक बेटी मिराबेल हैं.

### दाहिने कान पर पट्टी बांधकर रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में पहुंचे डोनाल्ड ट्रंप

**मिलवाउकी (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के दो दिन बाद 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' (आरएनसी) के पहले दिन सोमवार को अपने दाहिने कान पर पट्टी बांधकर पहुंचे. ट्रंप ने सम्मेलन को संबोधित नहीं किया लेकिन जब वह मंच के पीछे से सम्मेलन में प्रवेश करते समय स्क्रीन पर नजर आए तो वहां मौजूद लोगों ने तालियों एवं नारेबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया और जब ली ग्रीनवुड ने 'गॉड ब्लेस द यूएसए' गाना गाया तो सभी भावुक हो गए.



'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में पर्याप्त संख्या में 'डेलीगेट' (मतदाताओं के समूह का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति) के वोट हासिल करने के बाद ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार बन गए हैं. इसके कुछ घंटों बाद वह इस सम्मेलन में उपस्थित हुए. रिपब्लिकन पार्टी के चेयरमैन माइकल व्हाटली ने सोमवार को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा, 'हमें एक पार्टी के रूप में एकजुट होना चाहिए और हमें एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए. हमें ट्रंप की तरह ही अपनी ताकत दिखानी होगी और देश को बेहतर भविष्य की ओर ले जाना होगा.'

### ट्रंप को निशाने पर लेने वाली बात कहना एक 'गलती' थी: जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि यह कहना उनकी गलती थी कि वह रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को 'निशाने पर लेना' चाहते हैं लेकिन साथ ही उन्होंने दलील दी कि उनके प्रतिद्वंद्वी की बयानबाजी कहीं अधिक भड़काऊ थी. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रंप अब भी लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए खतरा बने हुए हैं. बाइडन ने यह टिप्पणी पिछले सप्ताह दानदाताओं के साथ एक निजी बातचीत के दौरान की थी. बाइडन ने कहा था कि उन्होंने ट्रंप के साथ बहस में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करना बंद कर दिया है और अब 'ट्रंप को निशाने पर लेने का समय आ गया है.' बाइडल 'एनबीसी न्यूज' को दिए साक्षात्कार में राष्ट्रपति पद के लिए अपनी फिटनेस से जुड़े सवालों पर बचाव की मुद्रा में नजर आए.

विवादों में घिरी ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर पर बड़ा एक्शन

# प्रशिक्षण रद्द कर वापस बुलाया

- एलबीएसएनएए ने महाराष्ट्र सरकार को भी किया सूचित

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र कैडर की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर (34) की मुश्किलें बढ़ गई हैं. विवादों में घिरने के बाद उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी ने पूजा खेडकर का महाराष्ट्र से ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्द कर दिया है. एकेडमी ने उन्हें तत्काल वापस बुलाने के लिए लेटर भी जारी किया है. एकेडमी ने महाराष्ट्र सरकार को भी इस संबंध में पत्र लिखकर सूचित किया गया है.

एलबीएसएनएए द्वारा पूजा को जारी आदेश में कहा गया है, "आपके जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित रखने तथा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए आपको तुरंत वापस बुलाने का निर्णय लिया है. अतः आपको महाराष्ट्र राज्य सरकार के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम से मुक्त किया जाता है. आपको यथाशीघ्र, किंतु किसी भी परिस्थिति में 23 जुलाई के बाद एकेडमी में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है." पूजा पर आरोप है कि पूजा खेडकर ने दृष्टिबाधित और मानसिक रूप से बीमार होने का प्रमाण पत्र जमा करके यूपीएससी परीक्षा में हिस्सा लिया था. उसके आधार पर विशेष रियायतें पाकर वो आईएएस बनीं. यदि उन्हें यह रियायत नहीं मिलती तो उनके लिए प्राप्त अंकों के आधार पर आईएएस पद प्राप्त करना असंभव होता.



### पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप

2023 बैच की पूजा खेडकर पर पुणे में प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी के रूप में काम करते हुए पद के दुरुपयोग का आरोप है. पूजा ने कई सुविधाओं की मांग की थी. दरअसल, ये सुविधाएं प्रशिक्षु अधिकारियों को नहीं मिल पातीं हैं, फिर भी पूजा ने लाल-नीली बत्ती और वीआईपी नंबर प्लेट वाली अपनी निजी ऑडी कार का इस्तेमाल किया. अपने वाहन पर 'महाराष्ट्र सरकार' का साइनबोर्ड लगाया और एक आधिकारिक कार, आवास, कार्यालय कक्ष और अतिरिक्त स्टाफ की मांग की. इतना ही नहीं, उन्होंने सीनियर अधिकारी की अनुपस्थिति में उनके चैंबर पर भी कब्जा कर लिया था.

### कांग्रेस हमेशा से पिछड़ा वर्ग विरोधी रही है : शाह

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाया और दावा किया कि अगर विपक्षी पार्टी हरियाणा में सत्ता में आती है, तो वह पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी. शाह ने यहां 'पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने के लिए 1950 के दशक में गठित काका कालेलकर आयोग का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस ने इसकी सिफारिशों को वर्षों तक लागू नहीं किया.

## मोदी संरा महासभा सत्र को 26 सितंबर को कर सकते हैं संबोधित

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र



संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवतः 26 सितंबर को संबोधित करेंगे. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी. सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के 'राष्ट्राध्यक्ष' 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे. ब्राजील इस चर्चा में परंपरागत रूप से प्रथम वक्ता होता है. वह 24 सितंबर को अपने संबोधन के साथ उच्च स्तरीय सत्र की शुरुआत करेगा. उसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस आम बहस शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे.

# बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को लेकर हिंसक झड़प

- हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं, 50 से अधिक हुए घायल

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की राजधानी के बाहर एक विश्वविद्यालय में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़पों के दौरान 50 से अधिक लोग घायल हो गए. हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं. पुलिस और छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. यह घटना ढाका के बाहरी इलाके सावर में जहांगीर नगर विश्वविद्यालय में हुई, जहां प्रदर्शनकारी छात्र 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए सरकारी नौकरी में कोटा समाप्त करने की मांग कर रहे थे. कोटा प्रणाली के तहत महिलाओं, दिव्यांगों और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए भी सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान है. इस प्रणाली को 2018 में निलंबित कर दिया गया था, जिससे उस समय इसी तरह के विरोध प्रदर्शन रुक गए थे, लेकिन, पिछले महीने उच्च न्यायालय ने स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए 30 प्रतिशत कोटा बहाल करने का आदेश दिया. इससे नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए.



### उच्चतम न्यायालय चार सप्ताह के बाद इस मुद्दे पर फैसला करेगा

पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर चार हफ्ते के लिए रोक लगा दी थी और प्रधान न्यायाधीश ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि वे विरोध-प्रदर्शन समाप्त कर अपनी कक्षाओं में वापस लौट जाएं. उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि वह चार सप्ताह के बाद इस मुद्दे पर फैसला करेगा.

# मराठी लेखक के घर पहले की चोरी फिर आई शर्म, तो सामान लौटाया

एजेंसी। मुंबई

एक चोर को उस समय पछतावा हुआ, जब उसे पता चला कि उसने एक प्रसिद्ध मराठी लेखक के घर से कीमती सामान चुराया था. पश्चाताप करते हुए चोर ने चुराया गया सामान लौटा दिया.

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि चोर ने रायगढ़ जिले के नेरल में स्थित नारायण सुर्वे के घर से एलईडी टीवी समेत कीमती सामान चुराया था. मुंबई में जन्मे सुर्वे एक प्रसिद्ध मराठी कवि और सामाजिक कार्यकर्ता थे. अपनी कविताओं में शहरी मजदूर वर्ग के संघर्षों को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाले सुर्वे का 16 अगस्त 2010 को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था. सुर्वे की बेटी सुजाता और उनके पति गणेश घारे अब इस घर में रहते हैं. वह अपने बेटे के पास विरार गए थे और उनका घर 10 दिनों से बंद था. इसी दौरान चोर घर में घुसा और एलईडी टीवी समेत कुछ सामान चुरा ले गया. अगले दिन जब वह कुछ और सामान चुराने आया, तो उसने एक कमरे में सुर्वे की तस्वीर और उन्हें मिले सम्मान आदि देखे. चोर को बेहद पछतावा हुआ. पश्चाताप स्वरूप उसने चुराया गया सामान लौटा दिया. इतना ही नहीं, उसने दीवार पर एक छोटा सा नोट चिपकाया, जिसमें उसने महान साहित्यकार के घर चोरी करने के लिए मालिक से माफी मांगी. नेरल पुलिस थाने के निरीक्षक शिवाजी धवले ने बताया कि सुजाता और उनके पति जब रविवार को विरार से लौटे तो उन्हें यह नोट मिला. उन्होंने बताया कि पुलिस टीवी और अन्य वस्तुओं पर मिले उंगलियों के निशान के आधार पर आगे की जांच कर रही है.



प्रसिद्ध मराठी लेखक नारायण सुर्वे

**बड़ी खोज** भविष्य में खोजकर्ताओं के आश्रय के लिए इसका हो सकेगा उपयोग : वैज्ञानिक

# वैज्ञानिकों ने रहस्य से पर्दा उठाया, चंद्रमा पर मिली गुफा

एजेंसी। केप केनवरल (अमेरिका)

वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक गुफा का पता लगाया है जो उस स्थान से ज्यादा दूर नहीं है जहां 55 वर्ष पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे. वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां ऐसी सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं जिनका इस्तेमाल भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रयस्थल के रूप में किया जा सकता है. इटली के वैज्ञानिकों के नेतृत्व वाली एक टीम ने सोमवार को बताया कि चंद्रमा पर अच्छी खासी बड़ी गुफा के साक्ष्य मिले हैं. यह अपोलो 11 के उतरने वाली जगह से सिर्फ 250 मील (400 किमी) दूर 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' में है. यह गुफा लावा ट्यूब (सुरंग की आकृति का ढांचा) के ढहने से बनी है जो कि वहां पाई गई 200 से अधिक अन्य गुफाओं की तरह है. शोधकर्ताओं ने नासा के लूनार रीकानिसन्स ऑर्बिटर द्वारा जुटाए गए रडार आंकड़ों का विश्लेषण किया और इसके नतीजों की तुलना पृथ्वी पर स्थित लावा ट्यूब से की. इसके निष्कर्ष 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' पत्रिका में प्रकाशित किए गए हैं. वैज्ञानिकों के अनुसार रडार के आंकड़ों से गुफा के शुरुआती बिंदु का ही पता है. उनका अनुमान है कि यह कम से कम 40 मीटर चौड़ी और 10 मीटर, संभवतः इससे भी अधिक लंबी है.



### चंद्रमा की गुफाएं 50 से अधिक वर्षों से रहस्य बनी हुई थीं

ट्रेंटो विश्वविद्यालय के लियोनार्डो कैरर और लोरेंजो ब्रुजोन ने एक ईमेल में लिखा, 'चंद्रमा की गुफाएं 50 से अधिक वर्षों से रहस्य बनी हुई थीं. इसलिए, आखिरकार उनमें से किसी एक के बारे में पता लगाना काफी रोमांचक था.' वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश गुफाएं चंद्रमा के प्राचीन लावा मैदानी क्षेत्र में हैं. इसके अलावा, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भी इसी तरह की कुछ गुफाएं हो सकती हैं जहां इस दशक के अंत में नासा के अंतरिक्ष यात्री कदम रखेंगे. ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बने गड्ढों में पानी जमी हुई अवस्था में मौजूद है जो पीने के साथ ही रॉकेट ईंधन के रूप में काम आ सकता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)